RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 267
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधु बैडमिंटन एकल प्री क्वार्टरफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# नेशनल हेराल्ड मुद्दे पर दोनों सदनों में हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने लगाए केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष के दमन के आरोप
- नेता सदन पीयूष गोयल का पलटवार- एजेंसियों के कामकाज में कोई दखल नहीं देते

**कांग्रेस** नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पार्टी समर्थित अखबार नेशनल हेराल्ड का दफ्तर सील होने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा हुआ। केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर जहां राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई वहीं लोकसभा में कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी सदस्यों के हंगामे कारण कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे महंगाई के मुद्दे पर बहस के बाद सामान्य कामकाज की तरफ लौटती दिख रही संसद में फिर गतिरोध पैदा हो गया। ईडी की कार्रवाई के बाद आक्रामक हुई कांग्रेस ने राज्यसभा और लोकसभा में मुद्दे को जोरशोर से उठाया। वहीं सदन के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार के हथकंडों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के उद्देश्य से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वहीं सत्ता पक्ष ने उसके आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस अपने शासन काल में ऐसा करती होगी, लेकिन भाजपा ने कभी ऐसा नहीं किया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने उच्च सदन में जोरदार हंगामा किया। हंगामे के कारण शून्य काल बाधित हुआ और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा आरंभ होने पर भी हंगामा जारी रहा और पीठासीन उपाध्यक्ष विजय साई रेड्डी ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल पूरा कराया।

रेड्डी ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया कि वे हंगामा नहीं करें और अपने-अपने स्थान पर लौट जाएं तो वह विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने का अवसर देंगे। राज्यसभा में खड़गे और सदन के नेता पीयूष गोयल के बीच उस समय तीखी बहस हुई जब सदन की कार्यवाही चालू रहने के दौरान ईडी द्वारा 12.30 बजे बुलाए जाने पर खड़गे ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब सदन चल रहा है, उस वक्त ईडी द्वारा मुझे बुलाना, क्या यह उचित है? ईडी की कार्रवाई के विरोध में हंगामा करते करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश समेत कई नेता वेल में आ गए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है और दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आवासों को घेर लिया है और बड़ी संख्या में आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी दल को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वह विपक्ष को मिटाना चाहती है, लेकिन हम इससे डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ेंगे और मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस तरह से चलेंगे तो क्या हमारा लोकतंत्र जीवित रहेगा? क्या संविधान के तहत हम चलेंगे? खड़गे ने इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ईडी द्वारा खड़गे को उस समय तलब किया गया जब संसद का सत्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि मोदीशाही का स्तर हर दिन नीचे गिरता जा रहा है। रमेश ने ट्वीट किया, जब संसद का सत्र चल रहा है (शेष पेज 8)



## कांग्रेस फैला रही देश में अराजकताः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) द्वारा अपने नेताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस के भारी विरोध के बीच भाजपा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी पार्टी पर देश में अराजकता फैलाने के साथ ही ईडी को बदनाम करने और डराने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता सांबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी स्वयं को कानून से ऊपर समझते हैं। उन्हें कानून का पालन करना चाहिए। एक अन्य भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार का आचरण कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया जा रहा है, वह उचित नहीं है। पहले आप चोरी करते हैं, देश को लूटते हैं और उसके बाद पूरे देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

# खड़गे की मौजूदगी में हुई यंग इंडियन के दफ्तर में तलाशी

- ईडी ने समन भेज किया था तलब, जांच एजेंसी कांग्रेस नेता की प्रमुख अधिकारी के तौर पर चाहती थी उपस्थिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को यहां स्थित हेराल्ड हाउस भवन में जांच अधिकारियों के समक्ष कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के उपस्थित होने के बाद यंग इंडियन के कार्यालय में तलाशी की कवायद फिर शुरू कर दी। कांग्रेस के स्वामित्व वाले समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड का मालिकाना हक इसी कंपनी के पास है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता 80 वर्षीय खड़गे आईटीओ के पास बहादुर शाह जफर मार्ग पर इस भवन में अपराह्न करीब 12:40 बजे पहुंचे और ईडी के अधिकारियों से मिले। ईडी ने उनके खिलाफ समन जारी किया था, क्योंकि जांच एजेंसी चाहती थी कि यंग इंडियन के कार्यालय पर छापेमारी के दौरान कंपनी के प्रमुख अधिकारी के तौर पर खड़गे मौजूद रहें। एजेंसी के अधिकारियों ने दिन में कई घंटे तक खड़गे से पूछताछ की। ईडी इसी मामले में अप्रैल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीके बसंल से भी पूछताछ कर चुकी है। यंग इंडियन के प्रमोटरों और अधिकांश शेयर धारकों में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हैं। (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में हेराल्ड हाउस से बाहर निकलते कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे

## मोदी से नहीं डरता, धमकाकर चुप नहीं करा सकतेः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरते और उन्हें धमकाकर चुप नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश और लोकतंत्र की रक्षा तथा सद्भाव बरकरार रखने के लिए वह लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ये धमकाने का प्रयास है। ये सोचते हैं कि थोड़ा सा दबाव डालकर हमें चुप करा देंगे, लेकिन हम चुप नहीं होने वाले हैं। नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी इस देश में लोकतंत्र के खिलाफ जो कर रहे हैं उसके विरुद्ध हम खड़े रहेंगे, चाहे ये कुछ भी कर लें। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। (शेष पेज 8)

# शिंदे की याचिका पर जल्दबाजी में फैसला न ले चुनाव आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप से उद्धव ठाकरे गुट को राहत

**उद्धव** ठाकरे खेमे को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग से एकनाथ शिंदे गुट की उस याचिका पर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेने को कहा है, जिसमें शिंदे गुट ने स्वयं को असली शिवसेना बताते हुए पार्टी का चुनाव चिह्न उसे दिए जाने का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने कहा कि वह महाराष्ट्र के हालिया राजनीतिक संकट से जुड़े मामलों को संविधान पीठ को भेजने पर सोमवार तक फैसला करेगी। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से यह भी कहा कि अगर ठाकरे गुट शिंदे गुट की याचिका पर अपने नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगता है, तो उसे उनके अनुरोध पर विचार करना चाहिए और उचित स्थगन देना चाहिए।

पीठ ने कहा कि वकीलों ने ऐसे मुद्दे उठाए हैं, जो काफी महत्वपूर्ण हैं और यह निर्णय करना जरूरी है कि इस मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष भेजा जाए या नहीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम इस पर फैसला लेंगे, वहीं याचिकाकर्ताओं (शिंदे गुट) द्वारा जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तारीख 08 अगस्त है। अगर उन्हें (उद्धव गुट को) मामला लंबित होने की वजह से जवाब दाखिल करने के लिए और अधिक समय चाहिए हो तो वे इसके लिए आवेदन दें। निर्वाचन आयोग वाजिब समय देने के लिए स्वतंत्र है। उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक संकट के दौरान शिवसेना और उसके बागी विधायकों की ओर से दायर याचिकाओं (शेष पेज 8)

## राउत की हिरासत अवधि बढ़ी, पत्नी को भी ईडी ने दिया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को शिवसेना सांसद संजय राउत की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दी हिरासत की अवधि आठ अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। वहीं ईडी ने संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को एक स्थानीय चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और धनशोधन के एक मामले में गत रविवार की मध्यरात्रि संजय राउत को गिरफ्तार किया था। तब अदालत ने राउत को सोमवार को चार अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के बाद हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ा दिया है। ईडी अधिकारियों ने वर्षा राउत को नोटिस जारी करने की जानकारी दी है। इस सप्ताह के अंत में बलार्ड एस्टेट स्थित ईडी के कार्यालय में पेश होने पर वर्षा राउत का उनके पति और मामले में शामिल कुछ अन्य आरोपियों से सामना कराए जाने की संभावना है।

# कुलदीप बिश्नोई पत्नी संग भाजपा में हुए शामिल



भाजपा में शामिल होते कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** से चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे पूर्व कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। बिश्नोई की पत्नी और पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई भी भाजपा में शामिल हो गईं।

राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में बिश्नोई ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी महासचिव अरुण सिंह, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और हरियाणा की भाजपा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर खट्टर ने बिश्नोई दंपती का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि कुलदीप बिश्नोई से वह लगातार संपर्क बनाए हुए थे और उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा का सहयोग किया। उन्होंने दावा किया कि बिश्नोई बिना किसी शर्त के भाजपा में शामिल हुए हैं। बिश्नोई हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र हैं। खट्टर ने कहा कि बिश्नोई के भाजपा में आने से पार्टी को लाभ होगा। (शेष पेज 8)

## सीजेआई ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति यूयू ललित के नाम की संस्तुति की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने बृहस्पतिवार को अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित के नाम की सिफारिश की। प्रधान न्यायाधीश ने व्यक्तिगत रूप से अनुशंसा पत्र की प्रति न्यायमूर्ति ललित को सौंपी जो वरिष्ठता क्रम में न्यायमूर्ति रमण के बाद आते हैं। न्यायमूर्ति रमण ने 24 अप्रैल 2021 को देश के 48वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपना पदभार संभाला था। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति एस. ए. बोबडे की जगह ली थी। प्रधान न्यायाधीश 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं। एक बयान के अनुसार, भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने आज अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित के नाम की सिफारिश की। बयान के अनुसार, तीन अगस्त 2022 को प्रधान न्यायाधीश के सचिवालय को विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू की ओर से भेजा एक पत्र मिला था, जिसमें उनसे अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने का अनुरोध किया गया था।

# चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य में पोत, परमाणु पनडुब्बी तैनात की

**भाषा।** बीजिंग

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी के ताइपे दौरे से भड़के चीन ने अपनी ताकत दिखाने के लिए ताइवान जलडमरूमध्य में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास में विमानवाहक पोत और परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बी तैनात की है। पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन ने सख्त आपत्ति जताई थी क्योंकि वह ताइवान को अपने देश का हिस्सा मानता है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नौसेना अनुसंधान अकादमी के एक वरिष्ठ शोध फैलो झांग जुंशे ने सरकार के नियंत्रण वाले अखबार ग्लोबल टाइम्स को बताया कि बृहस्पतिवार से रविवार तक ताइवान के आसपास अभ्यास में उसका पहला विमान वाहक पोत हिस्सा लेगा, जो एक समुद्री बहुआयामी युद्ध प्रणाली स्थापित करेगा। पेलोसी के दौरे के एक दिन बाद चार दिवसीय सैन्य अभ्यास किया जा रहा है। झांग ने कहा, आम तौर पर, परमाणु चालित पनडुब्बी अपने मिशन में एक विमानवाहक समूह के साथ जाती है। विशेषज्ञ ने अखबार को पुष्टि की कि परमाणु ऊर्जा चालित कम से कम एक पनडुब्बी को तैनात किया गया है। झांग ने कहा कि अभ्यास का आयोजन पीएलए पूर्वी थिएटर कमान कर रही है, जबकि अन्य थिएटर कमान के सुरक्षा बल भी अभ्यास में भाग लेंगे। झांग ने यह नहीं बताया कि अभ्यास में कौन सा विमानवाहक पोत हिस्सा ले रहा है। इस बीच, ताइवान चीन के ड्रोन से निपटने की तैयारी कर रहा है। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक सैन्य पर्यवेक्षकों ने कहा है कि पेलोसी की यात्रा के कारण बढ़े तनाव के बीच ड्रोन को गिराने की कोशिश से बीजिंग के साथ टकराव का खतरा बढ़ गया है। दूसरी तरफ यह भी माना जा रहा है कि ड्रोन के जरिए ताइवान की सैन्य ताकत और तैयारियों के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई जा रही है। ताइपे से पेलोसी के दक्षिण कोरिया रवाना होने के बाद बुधवार रात क्यूमोव या किनमेन में पीएलए के ड्रोन उड़ते नजर आए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि क्यूमोव में सैनिकों ने ड्रोन को क्षेत्र से हटने के लिए चेतावनी के मद्देनजर हवा में आग के गोले भी दागे।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,299 | ↓ 52 | |
| निफ्टी | 17,382 | ↓ 6 | |
| सोना | 51,961 | ↑ 572 | /10g |
| चांदी | 58,108 | ↑ 554 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को स्वदेश विकसित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक सैन्य प्रतिष्ठान से सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइलों ने दो अलग-अलग रेंज में सटीक निशाना साधते हुए लक्ष्यों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एटीजीएम के निर्माता रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय सेना को मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ और भारतीय सेना ने युद्धक टैंक अर्जुन के जरिए स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, मिसाइलों ने दो अलग-अलग रेंज में सटीक रूप से लक्ष्यों को साधते हुए इन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

# पाकिस्तान में 1200 साल पुराना मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला

- एक ईसाई परिवार से लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हिंदुओं को मिली सफलता

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में 1,200 साल पुराने हिंदू मंदिर को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराकर औपचारिक रूप से आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। एक संघीय निकाय ने बताया कि एक ईसाई परिवार से लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इस मंदिर को खाली कराया गया। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों की देखरेख की जिम्मेदारी संभाल रहे संघीय निकाय निष्क्रांत न्यास संपत्ति बोर्ड (ईटीपीबी) ने लाहौर के प्रसिद्ध अनारकली बाजार स्थित वाल्मीकि मंदिर का कब्जा पिछले महीने अपने हाथ में लिया। इस पर गत दो दशक से एक ईसाई परिवार का कब्जा था। कृष्ण मंदिर के अलावा वाल्मीकि मंदिर लाहौर का एकमात्र मंदिर है, जिसमें इस समय पूजा अर्चना हो रही है।



मंदिर पर कब्जा करने वाला ईसाई परिवार दावा कर रहा था कि उसने हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया है और गत दो दशक से हिंदू धर्म के केवल वाल्मीकि जाति के लोगों को ही पूजा अर्चना की अनुमति दे रहा था। ईटीपीबी के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि वाल्मीकि मंदिर का बुधवार को आधिकारिक उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर करीब 100 हिंदुओं के साथ-साथ कुछ सिख, ईसाई और मुस्लिम नेता मौजूद थे। (शेष पेज 8)

# मुंबई में 1400 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

- आर्गेनिक केमिस्ट्री के छात्र ने लैब में बनाया सिंथेटिक नशा
- 700 किलोग्राम मेफेड्रोन के साथ पांच गिरफ्तार

**टी.एन. रघुनाथ।** मुंबई

**मुंबई पुलिस** की अपराध शाखा के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने नजदीक के पालघर जिले के नालासोपारा की एक दवा निर्माण इकाई से 700 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक नशीला पदार्थ बरामद किया है, जिसकी कीमत बाजार में 1400 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। एएनसी ने इस मामले के मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी कार्बनिक रसायन विज्ञान (आर्गेनिक केमिस्ट्री) में स्नातकोत्तर है, जिसने लैब में नशीला पदार्थ बनाने में अपने ज्ञान का उपयोग किया। पुलिस ने इस साल मार्च में वर्ली में प्राप्त एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर-पूर्वी मुंबई के गोवंडी से एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया था। इसी जांच की कड़ी में एएनसी के अधिकारियों ने बुधवार को नालासोपारा स्थित दवा निर्माण इकाई पर छापा मारकर प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया। जहां से मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में इसे ड्रग तस्करों के बीच इसका वितरण किया जाता था।

नशीला पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी), जिसे एम-कैट, म्यांऊ म्यांऊ या व्हाइट मैजिक नाम से भी जाना जाता है। मेफेड्रोन एक उत्तेजना पैदा करने वाली एम्फ़ैटेमिन श्रेणी की साइकोएक्टिव विशेषताओं की सिंथेटिक दवा है और आमतौर पर इसका उपयोग रेव पार्टियों में किया जाता है। (शेष पेज 8)



जम्मू कश्मीर के उधमपुर में पुलिस ने एक ड्रग तस्कर से बड़ी मात्रा में नगदी बरामद की

## मादक पदार्थ तस्कर से करीब दो करोड़ मिले

**उधमपुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में पुलिस से बचकर भाग निकलने की कोशिश में एक मादक पदार्थ तस्कर की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, हालांकि उसके साथी को 1.91 करोड़ रुपए नकद और 250 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने बताया, बुधवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने दो लोगों को देखा जिनकी पहचान कुपवाड़ा जिले के मुख्तियार अहमद और उसका साथी जगतार सिंह के रूप में हुई। (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार , 5 अगस्त, 2022



# दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाले में पहली कार्रवाई हुई, दरोगा निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● मामले में दो केस और 5 नामजद है आरोपी

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाले में पहली कार्रवाई हुई है। इस मामले में 2 आरोपियों को जेल भेजा गया था, लेकिन उनको जमानत मिल गई। इसकी जानकारी जांच कर रहे दरोगा ने प्रशासन और पुलिस को नहीं दी थी। इस मामले में दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। अब एसआईटी के अधिकारी कोशिश करेंगे कि आरोपियों को अन्य मामलों में जमानत न मिल सकें। दरोगा के खिलाफ अपर जिलाधिकारी ऋतु सुहास ने कार्रवाई की है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा मामले में 22 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से 19 मई को 2 एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें 5 नामजद समेत सब-रजिस्ट्रार और राजस्व कर्मचारी को भी शामिल किया गया है। 21 मई को मामले में मेरठ एसटीएफ और सिहानी गेट पुलिस ने 2 मुख्य आरोपी गोल्डी गुप्ता और सुधाकर मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। मामले की जांच सिहानी गेट थाने में तैनात दरोगा अखिलेश कुमार को सौंप गई थी। इसके बाद प्रशासन की ओर से 5 एफआईआर दर्ज कराई गई। आरोपियों से पूछताछ के लिए जांच अधिकारी दरोगा को दोनों आरोपियों की रिमांड अर्जी अदालत में देनी थी, लेकिन जांच अधिकारी ने मामले में लापरवाही बरती।

इसके बाद अन्य मामलों में पुलिस इन दोनों आरोपियों के वारंट तामिल करने जेल पहुंची तो पता चला की दोनों आरोपी जेल से छूट गए। इस प्रकरण के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई। इस मामले मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी के अलावा किसी अन्य की गिरफ्तारी अभी तक नहीं सकी है। वहीं, मामले में किरकिरी होने के बाद जांच में सामने आया कि इस मामले में पहली बार जांच कर रहे दरोगा अखिलेश सिंह की लापरवाही सामने आई। इसकी वजह से पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

Mahindra HOME FINANCE

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — मांग सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741

शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश- 250 002 शाखा कार्यालय : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट तथा पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 शाखा कार्यालय : दुकान नंबर 2 एवं 3, शिवम अपार्टमेंट, शीतला रोड, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान रोड, शास्त्री नगर, खंडारी रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282005

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त अधिनियम के तहत महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदारगण") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी, जिसकी विषयवस्तु नीचे पुनर्-प्रस्तुत की गई है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | कर्जदार(रों)/गारंटर का पता | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आगरा शाखा LAN:-1309040/ XSEMAGR01030490 मुहम्मद यासीन (कर्जदार) असगरी (सह-कर्जदार) सुलेमान (सह-कर्जदार) | डब्ल्यू/ओ असगरी, आर/ओ- 49-नैनाना जाट आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 डब्ल्यू/ओ मुहम्मद यासीन, आर/ओ- 49-नैनाना जाट आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 एस/ओ नूरा खान, आर/ओ- 49-नैनाना जाट आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 | 31-05-2022 रू. 6,01,711/- | प्लॉट नंबर 48 पर मकान, खसरा नंबर 21, नैनाना जाट आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : कुशवाह का प्लॉट, पूरब : पंडित जी का प्लॉट, पश्चिम : 22 - रास्ता |
| 2. | गाजियाबाद शाखा LAN:-1136587/ XSEMGZB00912321 मुम्तियाज (कर्जदार) रूकसार (सह-कर्जदार) | एस/ओ हामिद, आर/ओ- गढ़ी पिलखुवा, देहात पिलखुवा देहात, गाजियाबाद-245304 डब्ल्यू/ओ मुम्तियाज, आर/ओ- कृष्ण गंज, नई आबादी, पिलखुवा देहात, गाजियाबाद-245304 | 31-05-2022 रू. 7,51,668/- | खसरा नंबर 1367, ग्राम सादिक नगर, पिलखुवा, परगना डासना, हापुड़, गाजियाबाद-245304 उत्तर : परवीन बेगम का प्लॉट, दक्षिण : इरशाद का प्लॉट, पूरब : खेत मुरारी, पश्चिम : 20 फीट रोड |
| 3. | मेरठ शाखा LAN:-579088/ XSEMMER00476266 वसीम (कर्जदार) फरीद अहमद (सह-कर्जदार) अमीर जहा (सह-कर्जदार) खुशनुमा (सह-कर्जदार) | एस/ओ फरीद अहमद, आर/ओ- मकान नंबर 2243, गली नंबर 23, जाकिर हुसैन कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002 एस/ओ मीर खान, आर/ओ- मकान नंबर 2243, गली नंबर 23, जाकिर हुसैन कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -25002 डब्ल्यू/ओ वसीम, आर/ओ- मकान नंबर 2243, गली नंबर 23, जाकिर हुसैन कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -25002 | 31-05-2022 रू. 14,35,431/- | खसरा नंबर 2156/1, फ्रेन्ड्स कालोनी, मेरठ उत्तर : स्वामी का प्लॉट, दक्षिण : मोहम्मद आरिफ का प्लॉट, पूरब : स्वामी का प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट चौड़ा रास्ता |
| 4. | गाजियाबाद शाखा LAN:-717936/ XSEMGZB00591847 प्रदीप कुमार (कर्जदार) हरेन्द्र सिंह (सह-कर्जदार) | एस/ओ जयवीर सिंह, आर/ओ - मकान नंबर 1453, विवेकानंद नगर, गाजियाबाद | 31-05-2022 रू. 15,55,150/- | खसरा नंबर 106 मिन पर मकान, संगम विहार, ग्राम सादिक नगर, नंद ग्राम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश उत्तर : अंकित सक्सेना का मकान, दक्षिण : अन्य का प्लॉट, पूरब : 7 फीट रोड, पश्चिम : अंकित का मकान |
| 5. | मेरठ शाखा LAN:-754352/ XSEMMER00640558 कविता (कर्जदार) संतोष कुमार (सह-कर्जदार) | डब्ल्यू/ओ संतोष, ओम राली रोड, क्रॉसिंग अब्दुल्लापुर, अहमदपुरा, निकट एसबीआई बैंक, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002 एस/ओ ओम प्रकाश, ओम राली रोड, क्रॉसिंग अब्दुल्लापुर, अहमदपुरा, निकट एसबीआई बैंक, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002 | 31-05-2022 रू. 9,59,319/- | खसरा नंबर 1273, ग्राम अब्दुल्लापुर, मोहल्ला अहमदपुरा, नगर, परगना तहसील एवं जिला मेरठ उत्तर : परीक्षित गढ़ रोड, दक्षिण : 0, पूरब : नारायण सिंह और महेन्द्र की सम्पत्ति, पश्चिम : मेन अब्दुल्लापुर रोड |
| 6. | गाजियाबाद शाखा LAN:-881296/ XSEMGZB00858786 सलमान (कर्जदार) सलमा (सह-कर्जदार) | एस/ओ सुबराती, आर/ओ - रफीक नगर, पीर बहाउद्दीन-2, हापुड़ डब्ल्यू/ओ सलमान, आर/ओ - रफीक नगर, पीर बहाउद्दीन-2, नोएडा, हापुड़, उत्तर प्रदेश-245101 | 31-05-2022 रू. 8,40,942/- | प्लॉट नंबर 14 एवं 14 ए, खसरा नंबर 602, रामगिरि, हापुड़, उत्तर प्रदेश-245301 उत्तर : प्लॉट नंबर 14, दक्षिण : 15 फीट चौड़ी रोड, पूरब : नाला, पश्चिम : 15 फीट चौड़ी रोड |
| 7. | मेरठ शाखा LAN:-539103/ XSEMMER00451176 मोहम्मद सुहैल (कर्जदार) आस्मा खातून (सह-कर्जदार) | एस/ओ मोहम्मद सुएब, आर/ओ मकान नंबर 595, पिलना सोफीपुर, रूड़की रोड, मेरठ-250001 | 31-05-2022 रू. 13,17,354/- | खसरा नंबर 253, ग्राम पीलना उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : रोड रास्ता 10 फीट, पूरब : पोखर की भूमि, पश्चिम : जाकिर का मकान |
| 8. | गाजियाबाद शाखा LAN:-1294517/ XRESNAG00167592 ऋषभ गोयल (कर्जदार) महेन्द्र कुमार गोयल (सह-कर्जदार) रमा गोयल (सह-कर्जदार) शीतल कुमारी (सह-कर्जदार) | एस/ओ महेन्द्र कुमार गोयल, आर/ओ - 586 जी-1, अपर ग्राउंड फ्लोर, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-01, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005 | 11-06-2022 रू. 15,26,890/- | प्लॉट नंबर 92, खसरा नंबर 316 का भाग, ग्राम अच्छेजा, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश उत्तर : खाली प्लॉट, दक्षिण : 20 फीट चौड़ी रोड, पूरब : खाली प्लॉट, पश्चिम : दुलारी देवी की सम्पत्ति |
| 9. | मेरठ शाखा LAN:-708631/ XSEMMER00591820 देवेन्दर सिंह (कर्जदार) कुंती (सह-कर्जदार) राम सरन (सह-कर्जदार) | एस/ओ राम शरण सिंह, आर/ओ बीपीओ टोफापुर मवाना रोड, निकट शिव मंदिर, मेरठ-250401 | 11-06-2022 रू. 20,66,428/- | खसरा नंबर 351, न्यू मुल्तान नगर माजरा मलियाना, मेरठ-250002, उत्तर : प्लॉट नंबर ए-80, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए-78, पूरब : रास्ता 30 चौड़ा, पश्चिम : रास्ता 30 चौड़ा |
| 10. | मेरठ शाखा LAN:-776323/ XSEMMER00655078 मोहम्मद यूसुफ (कर्जदार) यासमीन (सह-कर्जदार) | एस/ओ रहीसुद्दीन, आर/ओ मकान नंबर नया 60, फुटा रोड जामा मस्जिद, समर गार्डन कालोनी, मेरठ-250002 | 11-06-2022 रू. 9,41,907/- | प्लॉट नंबर 2, ब्लॉक पी-7, खसरा नंबर 3115/2 एवं 3116, तान्या गार्डन कालोनी, वर्तमान शालीमार गार्डन कालोनी, मेरठ-250002, उत्तर : भूरी का मकान, दक्षिण : रास्ता 20 फीट चौड़ा, पूरब : इस प्लॉट का बाकी हिस्सा, पश्चिम : नरशीमा का प्लॉट |
| 11. | मेरठ शाखा LAN:-740121/ XSEMMER00628902 शकील (कर्जदार) शादाब (सह-कर्जदार) शबनम (सह-कर्जदार) | एस/ओ साबुद्दीन, आर/ओ मोहल्ला पागना डासना देहात, पिलखुवा हापुड़ डब्ल्यू/ओ शादाब खान, आर/ओ 36, मोह मंडी लुहारान पिलखुवा जिला हापुड़, गाजियाबाद-245304 | 11-06-2022 रू. 7,88,925/- | मकान नंबर 42/137, मोह लुहारान आबादी कस्बा पिलखुवा परगना डासना, तहसील धौलाना, जिला हापुड़-245304 उत्तर : अन्य का मकान, दक्षिण : 3 फीट चौड़ी गली उसके बाद सुरेश का मकान, पूरब : पश्चिम : इस्तियार का मकान |
| 12. | आगरा शाखा LAN:-757550/ XSEMAGR00655539 अनुज कुमार (कर्जदार) कोमप्रभा (सह-कर्जदार) कांति देवी (सह-कर्जदार) सर्वेश कुमार (सह-कर्जदार) | एस/ओ राम नाथ सिंह, आर/ओ- कोटला रोड, नगला पान सहाय, फिरोजाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश-283203 डब्ल्यू/ओ अनुज कुमार, आर/ओ- 93/180, फूल वाली गली, सादिक शाह बाबा की मजार, कानपुर-208001 एस/ओ राम नाथ सिंह, आर/ओ- कोटला रोड, नगला पान सहाय, फिरोजाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश-283203 एस/ओ गंगा सिंह, आर/ओ- कोटला रोड, कमला नगर, नई आबादी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश-283203 | 11-06-2022 रू. 8,49,170/- | प्लॉट खसरा नंबर 71, मौजा आराजी रूंघ, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश-283204 उत्तर : 15 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण : श्री रामस्नेही का प्लॉट, पूरब : राजेश अग्रवाल का प्लॉट, पश्चिम : लक्ष्मी उपाध्याय का प्लॉट |
| 13. | गाजियाबाद शाखा LAN:-881318/ XSEMGZB00818194 मुन्ना खान (कर्जदार) जायदा सैफी (सह-कर्जदार) | एस/ओ हफीज खान, आर/ओ - 016, ग्राम गढ़मुक्तेश्वर, हैदरपुर, गाजियाबाद, डब्ल्यू/ओ मुन्ना खान, आर/ओ- 016, ग्राम गढ़मुक्तेश्वर, हैदरपुर, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश-245205 | 11-06-2022 रू. 9,03,201/- | प्लॉट नंबर 22, खसरा नंबर 1277, मोहल्ला नई आबादी गढ़ी मोहल्ला पिलखुवा, हापुड़ उत्तर : लोकेश का प्लॉट, दक्षिण : लोकेश का प्लॉट, पूरब : वी, पश्चिम : सीता राम का प्लॉट |

उपरोक्त के अनुसरण में एतद्द्वारा, उक्त कर्जदारों को एक बार पुनः सूचना दी जाती है कि वे महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड को यहां ऊपर वर्णित राशि, ऊपर वर्णित तिथि(यों) से आगे बकाया के भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक 2 प्रतिशत प्रति माह की दर पर ब्याज के साथ, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुका दें। उपरोक्त कर्जदारों को एतद्द्वारा कम्पनी को उपरोक्तानुसार भुगतान करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर, कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर, मेरठ, आगरा, तिथि : 05-08-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

## आईटी कर्मी से दुष्कर्म और मौत का मामला



# सिपाही समेत पांच पर एफआईआर दर्ज

## शुरुआती जांच में पता चला युवती ने खुद कराया था होटल में कमरा बुक : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● घटना के बाद मुख्य आरोपी कांस्टेबल फरार

औद्योगिक नगरी नोएडा के सेक्टर.70 स्थित एक ओयो होटल, अशोका पैराडाइज इन में एडोब कंपनी में काम करने वाली युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में आरोपी सिपाही को नोएडा पुलिस ढूंढ नहीं पा रही है।

घटना में नामजद कांस्टेबल फरार है। युवती की मौत के मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब परिजनों ने युवती द्वारा मृत्यु से पूर्व बनाए गए एक वीडियो में एक सिपाही पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया। दो अगस्त को होटल अशोका पैराडाइज इन में 26 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका हुआ मिला था। मामले की जानकारी होने पर युवती के परिजन गाजियाबाद से नोएडा पहुंचे और उन्होंने बलात्कार के बाद उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। बुधवार की शाम जांच के बाद युवती के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

आरोपियों में एक पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। इस मामले में सेंट्रल जोन नोएडा की एडीसीपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में थाना फेज-3 की पुलिस घटना के आरोपी अर्जुन दुग्गल सहित अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में नाम आने के बाद से ही आरोपी कांस्टेबल आकाश फरार हो गया है।




उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बनाई गई हैं, लेकिन अब तक पुलिस उसे ढूंढ नहीं पाई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नामजद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और फरार कांस्टेबल आकाश की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि युवती एडोब कंपनी में काम करती थी।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि गाजियाबाद निवासी युवती ने एक अगस्त को होटल में ऑनलाइन कमरा बुक किया था। दो अगस्त की सुबह जब कमरे की सफाई के लिए स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया तो युवती ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़कर रूम में पहुंची। वहां युवती पंखे से लटकी हुई थी। शुरू में पुलिस ने आत्महत्या बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। जबकि मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी का बलात्कार करने के बाद हत्या की गई है।

हत्या की वारदात को आत्महत्या का रूप देने के लिए होटल के कमरे में शव को पंखे से लटका दिया गया है। मृतका के पिता का आरोप है कि पुलिस के कॉन्स्टेबल आकाश ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में युवती के पिता ने एक वीडियो भी सोशल मिडिया पर जारी किया है, जिसमें युवती रोते हुए अपने दोस्त अर्जुन से खुद को कॉन्स्टेबल आकाश से बचाने की गुहार लगा रही है।

## रक्षाबंधन पर प्राधिकरण ने दिया बहनों को तोहफा

**नोएडा।** रक्षाबंधन पर्व पर नोएडा प्राधिकरण ने भाई-बहनों को तोहफा दिया है। नोएडा प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक अगर कोई भाई अपनी बहन या कोई बहन अपने भाई को अपना मकान, प्लॉट, फ्लैट या दुकान ट्रांसफर करती है तो अथॉरिटी इस पर कोई फीस नहीं लेगी।

इस प्रस्ताव को सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने मंजूरी दे दी है। बहुत ही जल्द अब इसको लेकर बोर्ड बैठक में बात की जाएगी। आपको बता दें कि अभी तक नोएडा अथॉरिटी किसी भी तरीके की आवासीय रजिस्ट्री पर 4 से 5 फीसदी तक फीस लेती है। इस रक्षाबंधन पर नोएडा में रहने वाले भाई और बहन को प्राधिकरण ने बड़ा तोहफा दिया है।

# जिला अस्पताल की लापरवाही से मरीज की मौत

● घंटों अस्पताल के बाहर जमीन लेटा रहा, महिला डाक्टर ने देखने से किया था मना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल में डाक्टर की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां इलाज के लिए जिला अस्पताल आए अलीपुर बदरपुर दिल्ली निवासी प्रकाश की मौत हो गई।

मौत से पहले प्रकाश कई घंटे तक अस्पताल के बाहर जमीन पर लेटा रहा। उसके परिजन एंबुलेंस के लिए कहते रहे। हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। प्रकाश के तीन बच्चे है। पत्नी बोल रही है कि अब उनके बच्चों को कौप पालेगा।



पति की मौत के बाद बेहोश हुई महिला।

प्रकाश सुबह पांच बजे अपनी पत्नी सरिता के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। पत्नी ने बताया कि इनको यूरीन नहीं हो रही थी और पेट में दर्द और बुखार था। इमरजेंसी में काफी मशक्कत के बाद यूरीन की नली लगाई गई। जिसके बाद पंजीयन कराकर ओपीडी में दिखाने गए।

पत्नी ने आरोप लगाया कि वे कमरा नंबर पांच में प्रकाश को लेकर गए। वहां डाक्टर ने उनसे ये कहा कि वे पुरूष मरीज को ही देखते है। इसके बाद वे कमरा नंबर छह में गए। वहां डाक्टर ने उनको दवा लिखी और दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। करीब दो घंटे तक वे एंबुलेंस का इंतजार करते रहे। प्रकाश की हालत खराब होती चली गई। इसके बाद प्रकाश अस्पताल के बाहर ही जमीन पर लेट गया।

वहां परिजनों को स्ट्रैचर तक नहीं मिली। हालत बिगड़ने पर पत्नी दोबारा से इमरजेंसी विभाग में गई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पती की मौत के बाद से ही परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। प्रकाश ओला में गाड़ी चलाता था। वह कई बार अस्पताल में बेहोश हुई।

# पॉड टैक्सी और मेट्रो की डीपीआर को लेकर 20 को होगी यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आगामी 20 अगस्त को यमुना अथॉरिटी की 74वीं बोर्ड बैठक होगी। जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे, सबसे बड़ा फैसला नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर होगा। इसमें पॉड टैक्सी चलाने और मेट्रो की डीपीआर का प्रस्ताव के अलावा मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दी जाएगी।

इसके साथ ही बोर्ड बैठक में डाटा पार्क स्कीम, मेडिकल डिवाइस पार्क, लॉजिस्टिक हब, हेरिटेज कॉरिडोर, ग्रीन एक्सप्रेसवे और विभिन्न नई आवासीय योजना समेत कई प्रस्ताव इस बोर्ड बैठक में पास किए जाएंगे। इस बोर्ड बैठक की अध्यक्षता यमुना अथॉरिटी के चेयरमैन संजीव मित्तल करेंगे। बोर्ड बैठक के बाद मंजूरी मिली योजनाओं को शासन के पास भेजा जाएगा। बड़ी बात यह है कि पॉड टैक्सी और मेट्रो जेवर में बन रहे एयरपोर्ट और दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए अहम सिद्ध साबित होगी।

इन दोनों एयरपोर्ट के बीच यह मेट्रो यात्रियों को लाने.जाने का काम करेगी। पॉड टैक्सी पहली बार जेवर एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट के बीच चलेगी। जिससे बेहद कम समय में दिल्ली से जेवर तक काफी कम समय में पहुंचा जा सकेगा। मास्टर प्लान 2041 का अप्रूवल मिलना भी यमुना प्राधिकरण के लिए अहम बात होगी। मास्टर प्लान 2041 पास होने से मथुरा में हेरिटेज कॉरिडोर समेत कई बड़ी योजनाओं के लिए जमीन मिलना आसान हो जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में व्यक्ति ने युवक की हत्या की

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बुधवार रात बुजुर्ग ने एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शराब पीने के बाद दोनों में गाली-गलौज हो गई। इसके बाद व्यक्ति ने हथौड़े से हत्या कर दी।

बिसरख थाना क्षेत्र के सुपरटेक ईकोविलेज-1 सोसाइटी में पूर्णिमा गुप्ता के फ्लैट नम्बर 204 में इंटीरियर का काम चल रहा था। 4 मजदूर काम कर रहे थे। वो काम करने के बाद उसी फ्लैट में सो जाते थे। बुधवार रात इन लोगों ने शराब पी। इसी दौरान शेर सिंह (56) और सुशील (30) के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

## लापता पत्नी के वियोग में एसएसपी कार्यालय में खाया जहर, मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● गंभीर हालत में करवाया अस्पताल में भर्ती

इसी साल मार्च में मेरठ में प्रेम विवाह करने वाले एक युवक ने रहस्यमय हालात में लापता हुई गर्भवती पत्नी के वियोग में एसएसपी कार्यालय में जहर खा लिया।

पहले तो एसएसपी कार्यालय में मौजूद अधिकारियों ने समझा कि युवक ने पुलिस पर दवाब बनाने के लिए ड्रामा किया है, लेकिन जब युवक की हालत बिगड़ने लगी तो अधिकारियों ने तुरंत ही कविनगर पुलिस को मौके पर बुला लिया। फिर कविनगर थाना पुलिस ने देरी ना लगाते हुए जहर खाने वाले सुमित चौधरी को अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां, चिकित्सकों ने सुमित चौधरी निवासी मानसरोवर कॉलोनी लाल कुआं कविनगर का उपचार शुरू कर दिया। इस संदर्भ में एसएसपी मुनिराज ने बताया कि युवक ने जहर खाया या नहीं और अगर खाया तो किस कारण खाया इन सवालों का पता लगाने के लिये जांच के निर्देश दे दिये हैं।

# यमुना डूब क्षेत्र में फिर चलेगा बुलडोजर

● 15 अगस्त के बाद शुरू होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना नदी के डूब क्षेत्र में संचालित होने वाले अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर फिर गरजेगा। अधिकारियों ने कहा कि जिन फार्म हाउस मालिकों की आपत्तियों का निस्तारण नोएडा प्राधिकरण द्वारा कर दिया गया है।

वह सभी खुद से अवैध निर्माण का ध्वस्त कर लें, अन्यथा प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। इस पर जो खर्च होगा, वह फार्म हाउस संचालकों से वसूला जाएगा। प्राधिकरण ने करीब सौ फार्म हाउस



की आपत्तियों का निस्तारण कर दिया है। सुनवाई के बाद आपत्तियों को मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने खारिज कर दिया गया है। प्राधिकरण में भूलेख विभाग के ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जिन आपत्तियों का निस्तारण हो चुका है, उन फार्म हाउस संचालकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। वह सात दिन में स्वयं अवैध निर्माण को हटा लें। सात दिन बाद कार्रवाई शुरू होगी। एक अगस्त से फार्म हाउस संचालकों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हालांकि स्वतंत्रता दिवस के चलते 15 अगस्त के बाद प्राधिकरण कार्रवाई शुरू करने पर विचार कर रहा है।

## डासना जेल रोड पर अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** जीडीए ने डासना जेल जा रही सड़क के दोनों और बन रही अवैध कॉलोनी को तोड़ दिया। यहां विरोध को देखते हुए जीडीए की टीम ने लोकल पुलिस की भी मदद ली। हालांकि इस का विरोध भी हुआ। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की मगर जीडीए पुलिस और लोकल पुलिस ने इसे नाकाम कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार



कांस्टेबल गगन का सम्मानित करते पुलिस अधिकारी।

### कांस्य पदक लाने पर कांस्टेबल गगन का स्वागत

**नोएडा।** नीदरलैंड में चल रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बैडमिंटन में ब्रॉंज मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने वाले कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात कांस्टेबल गगन कुमार पासवान के वापस लौटने पर पुलिस अधिकारियों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत किया। एयरपोर्ट से कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को फूलों से सजी हुई खुली जीप में पुलिस लाइन लाया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने पर पुलिस अधिकारियों ने उनकी जमकर सराहना की। कॉन्स्टेबल गगन कुमार पासवान की इस उपलब्धि पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने गुलदस्ते भेंट कर उनका स्वागत किया। पुलिस अधिकारियों ने गगन पासवान की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उपलब्धियां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### मेट्रो स्टेशन के पास गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने बुधवार रात को गश्त के दौरान सेक्टर.16 मेट्रो स्टेशन पर अवैध रूप से गांजे की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे 600 ग्राम गांजा भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है। आरोपी मेट्रो स्टेशन पर आने.जाने वाले लोगों को गांजे की पुड़िया बेचा रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### सदरपुर कॉलोनी में मिला युवक का शव

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में बुधवार रात को एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को आशंका है कि ज्यादा शराब पीने की वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस को रात करीब दस बजे सूचना मिली थी कि सदरपुर कॉलोनी में एक 24 वर्षीय युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो मृतक की पहचान जसवंत उर्फ जस्सू चौहान के रूप में हुई है। वह सदरपुर कॉलोनी के रहता था। मृतक के परिजनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह नशे का आदी था। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। आसपास के कुछ लोगों का कहना है कि जसवंत ने जहरीला पदार्थ खाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चला सकेगा।

### स्पोर्टिंग गुड्स शो का शुभारंभ




**नोएडा।** भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट एंड फिटनेस बिजनेस एक्सपो स्पोर्ट इंडिया 2022 और 10वां इंडिया इंटरनेशनल स्पोर्टिंग गुड्स शो आज से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में शुरू हुआ। इसका विधिवत उद्घाटन केंद्रीय खेल राज्य मंत्री गिरीश यादव तथा केंद्रीय मंत्री सोमेंद्र तोमर ने किया। एक्सपो मार्ट में स्पोर्ट्स गुड्स, स्पोर्ट्स वियर और एक्सेसरीज, फिटनेस, जिम और रिहैबिलिटेशन इक्विपमेंट, स्पोर्ट्स फ्लोरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गोल्फ , एडवेंचर एंड एम्यूजमेंट, मोटर स्पोर्ट्स, टॉयज, स्पोर्ट्स वेलनेस एंड ब्यूटी, रॉ मैटेरियल्स एंड स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग मशीनरी, स्पोर्ट मेडिसिन एंड अलाइड इंडस्ट्रीज पर इंटरनेशनल अस्तर की प्रदर्शनी लगाई गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बढ़ रहा कोविड संक्रमण, हाई कोर्ट सख्त

## पुलिस से कहा- राजधानी में कोरोना सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित कराएं





बच्चे को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोन वायरस के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इसको लेकर उच्च न्यायालय सख्त हो गया है। उसने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली पुलिस को लोगों द्वारा कोविड-19 नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामलों में त्वरित कार्वाई करनी चाहिए और संबंधित अदालतों में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि संबंधित अदालतों को ऐसे मामलों का निपटारा बिना किसी देरी के करना चाहिए।

न्यायमूर्ति आशा मेनन ने कहा कि इस तरह के मामलों को तेजी से निपटाने के बजाय महीनों तक घसीटने से जटिलताएं पैदा होती हैं और समय तथा मानव संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह के उल्लंघनों को संज्ञेय बनाया गया था, ताकि पुलिस आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर सके, साथ ही उल्लंघन करने वाले का अनावश्यक उत्पीड़न और उसके जीने के अधिकार का उल्लंघन न हो।

पुलिस के लिए यह उचित होगा कि वह अदालत के समक्ष कानून के तहत आवश्यक शिकायतें दर्ज करके आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत पारित आदेशों के उल्लंघन से संबंधित सभी लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई करे और अदालतों को बिना किसी देरी के इन मामलों का निपटारा करना चाहिए।

अदालत ने कहा कि मास्क पहनने या महामारी के दौरान निर्धारित कामकाजी घंटों से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने वाले लोगों के अनगिनत मामले हैं और इससे दृढ़ता से निपटने की आवश्यकता है, लेकिन यह प्रभावी भी होना चाहिए। अदालत का आदेश खेल के सामान के खुदरा विक्रेता द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया, जिसमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा लागू आदेश की अवज्ञा) के तहत दर्ज 2021 की प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

घातक महामारी का प्रसार रोकने के लिए सार्वजनिक गतिविधियों को विनियमित करने के संबंध में जारी आदेश के तहत विक्रेता ने कथित तौर पर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी दुकान बंद नहीं की थी। अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई राहत देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि सात महीने के बाद भी मामला बंद नहीं हुआ, जबकि इसके निपटारे में सात दिन भी नहीं लगने चाहिए थे। अदालत ने कहा कि खामी अपनाई गई प्रक्रिया में निहित है। अदालत ने कहा कि पुलिस को लोक स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के हित में जारी किए गए आदेशों को लागू करना है, लेकिन आईपीसी की धारा 188 संबंधी किसी भी अपराध को चोरी, शरारत, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, या शारीरिक नुकसान पहुंचाने, चोट पहुंचाने या गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने जैसे मामलों की तरह नहीं समझा जा सकता है।

प्राथमिकी रद्द करने से इनकार करते हुए संबंधित थाना प्रभारी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिकायत तुरंत संबंधित निचली अदालत को भेजी जाए और याचिकाकर्ता को मामले के निपटारे के लिए उसके समक्ष पेश होने की तारीख के बारे में सूचित किया जाए।

### पिछले 24 घंटे में 2202 केस, 4 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी में कोरोना की केस धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहे है। पिछले 24 घंटों में 2202 संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। वहीं चार लोगों की मौत हुई है। साथ ही पॉजिटिविटी रेट 12 प्रतिशत के करीब रहा। हालांकि राहत की खबर है कि इस दौरान 1660 मरीज ठीक हुए। बढ़ते मामलों को देखते हुए 18,596 कोरोना के टेस्ट किए गए।

# बारिश में धुला सबसे बड़ा तिरंगा कार्यक्रम

- पचास हजार से अधिक छात्रों को बनाना था तिरंगा, बुराड़ी मैदान में की गई थी पूरी तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा गुरुवार को दुनिया के सबसे बड़े तिरंगे की रूपरेखा बनाने का कार्यक्रम जलभराव के कारण स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि चार अगस्त को हज़ारों की संख्या में स्कूली बच्चे तिरंगे की सबसे बड़ा रूपरेखा बनाने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए एक साथ आएंगे। विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा बनाने का कार्यक्रम गुरुवार को बुराड़ी मैदान में होने वाला था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर जलभराव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शामिल होना था।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर बताया, आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली के बच्चे आज सबसे बड़ा तिरंगा बनाने वाले थे। लेकिन बुराड़ी मैदान में बारिश का पानी भरने के कारण यह कार्यक्रम फिलहाल स्थगित किया जा रहा है। कल हमारे बच्चों ने इसका शानदार रिहर्सल भी किया था। एक अधिकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के स्कूलों के लगभग 50 हज़ार विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना थी।

### भाजपा ने उठाए सवाल, बाल आयोग का मुख्य सचिव को नोटिस

**नई दिल्ली।** विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा बनाने का कार्यक्रम गुरुवार को बुराड़ी मैदान में होने वाला था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर जलभराव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। इसके लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने आयोजन की खामियों को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग को पत्र लिखा है। बाल आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जवाब तलब किया है। साथ ही कहा कि मामले की कार्रवाई की रिपोर्ट सात दिन में अंदर भेजें। इस पत्र में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवाह्न पर बुराड़ी स्थित निरंकारी मैदान में सरकारी स्कूलों के बच्चों को विशेष रूप से बुलाया गया था। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए लेकिन बच्चों की सुरक्षा और मौसम की मार से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। जिसकी वजह से बच्चों को आसमान के नीचे बारिश भीगने दिया गया। इसका बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है।

### बिना हेलमेट निकले मनोज तिवारी, कटा 41,000 का चालान

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद को तिरंगा यात्रा रैली में बिना हेलमेट बाइक चलाना महंगा पड़ गया है। यातायात पुलिस ने सांसद तिवारी और वाहन मालिक के खिलाफ कुल 41 हजार रुपए का चालान काट दिया है। मनोज तिवारी को 21 हजार रुपए का चालान भरना होगा तो वाहन मालिक पर 22 हजार रुपए का फाइन लगाया गया है। तिरंगा यात्रा के दौरान सांसद जिस बाइक पर सवार थे उसपर ना तो हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट थी और ना ही पीयूसी सर्टिफिकेट अपडेट था। इन खामियों की वजह से भारी-भरकम चालान काटा गया है। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा, हेलमेट, लाइसेंस, पॉल्यूशन और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट उल्लंघन के लिए चालक पर चालान लगाया है। इसकी चालान राशि 21,000 है। जबकि पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने को लेकर 20,000 का चालान है।

# प्रोटोकॉल छोड़ने से सिर उठा रही महामारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 नियमों का पालन नहीं करने से कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों का सार्वजनिक जगहों पर मास्क नहीं लगाना या फिर दिखावे के लिए नाक के नीचा रखना और सामाजिक दूरी का पालन नहीं और बार-बार हाथ नहीं धोने की वजह से संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

विशेषज्ञों ने गुरुवार को जोर देते हुए कहा कि कोविड-19 केसों के उतार-चढ़ाव यह भी संकेत देते हैं कि रोग स्थानिक स्तर पर है। डॉक्टरों के अनुसार कोविड-19 से पीड़ित मरीज तेजी से ठीक हो रहे हैं और केवल गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ रही है। यह भी देखने में आ रहा है कि कोविड के मामलों की संख्या मुख्य रूप से युवाओं में बढ़ रही है। फोर्टिस अस्पताल के पल्मोनोलॉजी के डॉ अवि कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम है और रोग से संक्रमित अधिकांश लोग शिकायत कर रहे हैं उन्हें सांस लेने में दिक्कत के साथ एक या दो दिन के लिए बुखार हो रहा है।

सफदरजंग अस्पताल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ जुगल किशोर ने कहा टीका लगाए गए मरीजों में भी प्रतिरक्षा कम हो गई है।

आमतौर पर त्योहारी सीजन के दौरान मामलों की संख्या बढ़ती है। इसके अलावा जब विदेश यात्रा में वृद्धि होती है। हालफिलहाल में कांवड़ यात्रा संपन्न हुई है। जिसकी वजह से भी केस बढ़े है।

# हथियार आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार, 12 पिस्तौल व कारतूस बरामद




- आरोपी दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश में करता था आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से आग्नेयास्त्रों के साथ एक 24-वर्षीय हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राजस्थान के धौलपुर जिले के निवासी ध्रुव उर्फ पप्पी को मंगलवार शाम आली गांव के पास फरीदाबाद रोड से गिरफ्तार किया।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) जसमीत सिंह ने बताया, आरोपी मध्य प्रदेश के खरगोन जिला स्थित हथियारों के एक निर्माता व आपूर्तिकर्ता से खेप के तौर पर मिले हथियार और गोला-बारूद ले जा रहा था। आरोपी के पास से 12 पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि पिछले तीन साल से ध्रुव दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति कर रहा था। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में उसने राजस्थान में स्थित एक हथियार तस्कर के लिए काम किया था और बाद में अपना नेटवर्क बनाने के बाद दिल्ली-एनसीआर में हथियारों की तस्करी शुरू कर दी थी। पुलिस ने बताया कि तीन साल में आरोपी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 400 से अधिक आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति की है। पुलिस ने बताया कि ध्रुव को पहले डकैती के चार मामलों के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हथियारों की तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# जनकपुरी में डीटीसी परिचालक की सड़क हादसे में मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के 30 वर्षीय एक परिचालक की बृहस्पतिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जनकपुरी इलाके में सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर एक व्यक्ति को बेसुध देखा, जिसके पास काले रंगी की एक स्कूटी पड़ी थी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने बताया कि परिचालक को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जनकपुरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 और 304ए के तहत इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

बंसल ने बताया कि मृतक की पहचान छावला निवासी नवीन मोहर के तौर पर हुई है। वह डीटीसी में परिचालक की नौकरी करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसकी स्कूटी को टक्कर मारने वाले वाहन व आरोपी व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# सीयूईटी परीक्षा देने आए छात्र हुए परेशान

- अधिकांश छात्रों ने धीमी गति से इंटरनेट चलने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के दूसरे चरण का पहला दिन विभिन्न कारणों से प्रभावित रहा। परीक्षा देने आए कईं उम्मीदवारों ने दावा किया कि उन्हें तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ा, जबकि कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि उनकी परीक्षा स्थगित कर दी गई थी।

कईं परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान इंटरनेट की गति धीमी हो गई, जबकि कुछ अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया पर परीक्षा केंद्रों के बाहर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का कथित नोटिस पोस्ट किया, जिसमें लिखा था इस केंद्र पर निर्धारित सीयूईटी परीक्षा आज स्थगित कर दी गई है। अगली परीक्षा 12 अगस्त को आयोजित होगी।

एक उम्मीदवार ने एक ट्वीट में आरोप लगाते हुए लिखा, मैंने और मेरे पिता ने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए 300 किलोमीटर की यात्रा तय की है। लेकिन यहां पहुंचने के बाद अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी समस्याओं के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई है। यह कैसा मजाक है। उम्मीदवारों का दावा था कि उन्हें परीक्षा स्थगित होने की कोई पूर्व सूचना नहीं मिली थी। एक अन्य ट्वीट में एक अभ्यर्थी ने लिखा, एनटीए परीक्षा केंद्र नोएडा, सेक्टर-64 में गुरुवार को होने वाली सीयूईटी परीक्षा को 12 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। हमें पहले से कोई जानकारी नहीं मिली। क्या हमारे पास बर्बाद करने के लिए बहुत समय है। बहुत सारे उम्मीदवार अभी भी कथित नोटिस को लेकर आशंकित हैं। धीरज कुमार ने ट्विटर पर लिखा, नोएडा-64 में एनटीए के परीक्षा केंद्र तीन में चार अगस्त को स्लॉट-एक में होने वाली सीयूईटी की परीक्षा रद्द कर दी गई है और इसे 12 अगस्त को पुनर्निर्धारित किया गया है। कृपया एनटीए मुझे पुनर्निर्धारित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र और केंद्र की स्पष्ट जानकारी प्रदान करें।

# इहबास में यूरोसर्जरी सेवाओं की सख्त जरूरत : मंत्री

- राजेंद्र पाल गौतम ने किया अस्पताल का दौरा, सुविधाओं का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम आईएचबीएएस निरीक्षण करते हुए

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान में यूरोसर्जरी सेवाओं का अभाव है। पूर्वी दिल्ली में रहने वालों को इसकी ज्यादा जरुरत है। दिल्ली सरकार संस्थान को इसके विकास के लिए हर संभव सहायता मुहैया कराएगी।

गौतम बृहस्पतिवार को आईएचबीएएस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत की।

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आरके धमीजा ने मोबाइल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं (एमएमएचयू), जीवंत स्ट्रोक इकाई, डीएम-जेरियाट्रिक साइकियाट्री, एमफिल-पीएसडब्ल्यू, और डीपीएन एंड एमएससी (साइकियाट्रिक नर्सिंग) के आगामी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। इसके साथ ही आईएचबीएएस में किए गए विकास के बारे में जानकारी दी और न्यूरो-प्रशामक देखभाल और पुनर्वास सेवाओं की पहल पर भी चर्चा की और आपातकालीन सेवाओं (मनोचिकित्सा और तंत्रिका विज्ञान), न्यूरो-इमेजिंग सेवाओं (सीटी स्कैन), न्यूरोलॉजी वार्ड और आईसीयू, और सक्षम-मॉडल मंत्री ने परिसर में हरियाली देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और फलों और सब्जियों के पौधे लगाने का सुझाव भी दिया।

# सिसोदिया के शराब माफिया दिनेश अरोड़ा से संबंध : भाजपा



- सीबीआई की जांच शुरू होते ही दिनेश देश छोड़कर भागा, मनीष के साथ अपनी फोटो भी डिलिट की : प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई आबकारी नीति को लेकर भाजपा ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर तीखा हमला किया है। भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि नई आबकारी नीति के तहत जिस तरह से भ्रष्टाचार किया गया है, इसमें एक मोटी रकम को केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अपने नजदीकियों द्वारा कैश वसूलने का काम किया है।

उन्होंने दिनेश अरोड़ा नाम के एक व्यक्ति को मनीष सिसोदिया का करीबी बताते हुए कहा कि चीका पब चलाने वाले दिनेश ने ही आबकारी नीति में किए गए भ्रष्टाचार का कैश वसूलने का काम करता था। उसके पब से ही सिसोदिया पैसों और सभी लेन-देन का काम करते थे। प्रवेश साहिब सिंह, पूर्व विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नई आबकारी नीति में 2.5 फीसदी कमीशन को बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया गया जबकि सरकार को मिलने वाली एक्साइज ड्यूटी को एक फीसदी ही रखा गया ताकि मोटी कमाई हो सके। सिसोदिया खुद कहते थे कि एक साल में नई आबकारी नीति से 9000 करोड़ रुपये राजस्य का अनुमान था। इस हिसाब से 12 फीसदी 080 करोड़ रुपए की वसूली होती थी जिसमें से 6 फीसदी एल-1 होल्डर से दिनेश अरोड़ा वसूल कर केजरीवाल तक पहुंचाता था। इस तरह केजरीवाल सरकार 540 करोड़ रुपये की मोटी रकम वसूल करती थी।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ए-11, सैक्टर-24, नोएडा-201301
दूरभाष : 0120-2412294, 2412445, फैक्स: 0120-2412218

ई-प्रापण सूचना

संदर्भ संख्या : NFL/CMO/ABD/City Compost/2022-23/04 दिनांक : 05.08.2022

एनएफएल ब्रांड में विभिन्न राज्यों में विपणन के लिए "सिटी कम्पोस्ट" की खरीद हेतु संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरणों के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app (e-tendering) एवं www.nationalfertilizers.com (Homepage) देखें। ई-निविदा सं. 2022_NFL_124390_01 है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/तकनीकी निविदा दस्तावेज खुलने की तिथि 17.08.2022 को 15.30 बजे / 18.08.2022 को 15.30 बजे है। इस निविदा का कोई भी शुद्धिपत्र केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)

@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizers Limited

# बिजनेस ब्लास्टर्स ने बड़ा सोचना सिखाया

## सभी नौकरी ढूंढने वाले बनेंगे तो देने वाला कौन बनेगा : मनीष सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जहाँ कौशल पर तो ध्यान दिया जाए लेकिन उसके पीछे कोई सपना न हो तो वो देश और वहां के युवा कभी तरक्की नहीं कर सकते हैं। इसलिए सभी सरकारों और शैक्षिक संस्थाओं को प्रतिबद्धता के साथ ये सुनिश्चित करना चाहिए कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ उनके सपनों को भी उड़ान दें ताकि वे खुद का विकास तो करें ही साथ ही देश की उन्नती में भी भागीदार बनें।

सिसोदिया ने यह बात इंडियन हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। मनीष सिसोदिया ने कहा कि सरकारी व नीति स्कूलों में लगभग 44 लाख बच्चे पढ़ते हैं। जब उनसे भविष्य के बारे में या उनके सपनों के विषय में पूछा जाता है तो अधिकांश बच्चों के पास कोई स्पष्ट जबाव नहीं होता है।

सरकार में बैठे लोगों के पास भी इनके लिए कोई सपना हैं सरकारों के पास इंस्पिरेशन नहीं है कि वो देश के नौजवानों को कहा खड़ा देखना चाहते है। यदि सरकार में बैठे लोगों के पास ही समाज व देश के लिए कोई सपना नहीं होगा तो वो शैक्षिक संस्थाओं के माध्यम से बच्चों को क्या सपना दिखा पाएंगे।

हर साल स्कूलों से लगभग 2.5 लाख बच्चे केवल इस एस्पिरेशन के साथ निकलते है कि उन्हें एक अच्छी नौकरी मिल सकें। अगर ये बच्चे हर साल केवल नौकरी ढूंढने के लिए ही निकलेंगे तो नौकरी देने वाला कौन बनेगा। इसका जबाव न सरकारों के पास है और न ही किसी शैक्षिक संस्थान के पास। इस सवाल के जबाव के रूप में उन्होंने स्कूलों में एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की शुरुआत की। जहाँ न केवल उद्यमशिलता बल्कि एक ग्रोथ माइंडसेट पर भी फोकस किया जाता है। शिक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान कोर्स को पूरा करना, बेहतर रिजल्ट प्राप्त करना रहा है और माइंडसेट को साइड कोर्स की तरह रखा गया है लेकिन दिल्ली सरकार के स्कूलों में इसे बदलने का काम किया गया है। कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों में ईएमसी के माध्यम से एक ग्रोथ माइंडसेट विकसित करना शुरू किया है। ईएमसी का पहला पहलू जहाँ बच्चों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ चर्चा में शामिल किया जाता है, बच्चे उनकी उद्यमशिलता की यात्रा को जानते समझते है।

विभिन्न गतिविधियां करते है व केस स्टडी करते है। वहीं इसका दूसरा हिस्सा है बिजनेस ब्लास्टर्स जहाँ सरकार द्वारा कक्षा 11वीं-12वीं के बच्चों को सरकार द्वारा इन्वेस्ट करने के लिए अपना बिजनेस आइडियाज शुरू करने के लिए 2-2 हजार रूपये की सीड मनी दी जाती है।

### बच्चों के माइंडसेट पर डाला सकारात्मक प्रभाव

उपमुख्यमंत्रीने दावा किया कि उन्होंने जितना सोचा बिजनेस ब्लास्टर ने उससे कहीं ज्यादा कामयाबी हासिल की और बच्चों के माइंडसेट पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बच्चों में निर्णय लेना, योजना बनाना, जोखिम लेने जैसी क्षमता विकसित हुई। इस कार्यक्रम के तहत कई टीम्स ने कुछ हजार की लागत से शुरू किए गए अपने स्टार्ट-अप्स से लाखों का मुनाफा कमाया और बहुत से उद्योगपतियों व एंत्रप्रेन्योरर्स ने इन बच्चों के मिनी स्टार्ट-अप्स में लाखों का निवेश भी किया। इस प्रोग्राम के पहले साल के टॉप टीमों को उच्च शिक्षा संस्थान डीटीयू, एनएसयूटी, आईजीडीटीयूडब्ल्यू, दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्सेज में सीधे दाखिला मिल रहा है।

# गुरुग्राम में सजा सम्मेद शिखरजी पर्वत, श्रद्धालु दर्शन कर हुए निहाल

### सप्तमी पर 23वें भगवान पार्श्वनाथ को मिला था मोक्ष

### जैन समुदाय के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने शिखरजी में मिला है मोक्ष

### सुबह से ही सांकेतिक सम्मेद शिखरजी पर्वत पर चढ़ने शुरू हुए श्रद्धालु

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित जैन बारादरी में बनाए गए सांकेतिक सम्मेद शिखरजी पर्वत पर चढ़ते विहर्ष सागरजी महाराज व श्रद्धालु।

**गुरुग्राम** में बसने वाले जैन समुदाय के लोगों के साथ-साथ आम लोग भी तब दंग रह गए, जब उन्होंने यहां जैन बारादरी में छोटे से स्थल पर एक बड़े पहाड़नुमा कलाकृति देखी। यह कलाकृति कोई आम कलाकृति नहीं, बल्कि उस खास पर्वत की कलाकृति है, जिस पर जैन धर्म के 24 तीर्थंकर में से 20 तीर्थंकर ने मोक्ष की प्राप्ति की है। यह स्थल विशेषकर जैन समुदाय की आस्था का बड़ा केंद्र है, जिसे सम्मेद शिखरजी के नाम से जाना जाता है।

हकीकत में तो सम्मेद शिखरजी पर्वत झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले में छोटा नागपुर पठार में है। वहां जाना अपने आप में बहुत बड़ी भक्ति है। बहुत से बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं शायद जीवन में वहां ना जा पाएं, इसलिए यहां ससंघ चातुर्मास कर रहे राष्ट्रसंत वात्सल्य सरोवर मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज के निर्देशों पर शिखरजी पर्वत की कलाकृति तैयार की गई, ताकि गुरुग्रामवासी उस जगह का अनुभव यहां पर कर सकें।

मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सह-मंत्री जिनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने बताया कि महाराजश्री विहर्ष सागरजी, विजयेश सागरजी, विनिबोध सागरजी और विनियोग सागरजी के साथ सुबह 8:30 बजे यहां सम्मेद शिखरजी के लिए जैन भक्तों ने कदम बढ़ाए। रास्ते में जहां-जहां पर विशेष स्थान बनाए गए, वहां पर सभी ने नमन किया। इसी पर्वत पर शीतल नाला, गंधर्व नाला भी बनाया गया, जिसमें लगातार जलधारा बहती रही।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि आगरा के आर्टिस्ट अजय जैन शंटी द्वारा करीब 15 दिन की मेहनत से तैयार किये गये सम्मेद शिखरजी पर चढ़ाई करके गुरुग्राम के भक्तों ने भी असली शिखरजी पर चढ़ने जैसा अहसास किया। यह तभी हुआ, जब सभी स्वच्छ मन, सोच और स्मरण के साथ इस पर चढ़े। विहर्ष सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में हजारों जैन श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को सप्तमी के दिन यह यात्रा शुरू की। महाराजश्री ने बताया कि सप्तमी के दिन ही 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को इस पर्वत पर मोक्ष प्राप्त हुआ था।

### वहां जंगली जानवर में भी हिंसक प्रवृति नहीं : मुनिश्री विहर्ष सागर

**मुनिश्री** 108 विहर्ष सागरजी महाराज के मुताबिक जिस तरह हिंदुओं के बालाजी, सालासर और अन्य बड़े धाम पूजनीय हैं, जिस तरह से सिखों के लिए अमृतसर में गोल्डन टेंपल श्रीहरमिंदर साहिब पूजनीय हैं और जिस तरह मुस्लिमों के लिए मक्का मदीना पूजनीय व पवित्र स्थल हैं, उसी तरह जैन समाज के लिए सम्मेद शिखरजी आस्था का बड़ा है। वहां जो भी सच्चे, तन, मन और भावों से जाता है। नियमों, वचनों की पवित्रता रखता है, वह मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है। वह स्थल इतना पवित्र है कि वहां पर विचरने वाले जंगली-जानवरों में हिंसक का भाव खत्म है और वे वहां शांत स्वभाव से रहते हैं।

# स्वच्छ राजनीति करने भाजपा में आए कुलदीप बिश्नोई का स्वागत : नवीन गोयल



नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने पर स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि स्वच्छ राजनीति करने के लिए उन्होंने भाजपा में शामिल होने का सही निर्णय लिया है।

श्रीगोयल ने कहा कि कांग्रेस ने चौधरी भजनलाल के साथ साल 2005 में जो धोखा किया था, उसी का परिणाम है कि आज कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भविष्य में कांग्रेस और भी गर्त में जाएगी। कांग्रेस का पतन निश्चित है। ऐसा इसलिए कि आज की कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर बात करने की बजाय, आंदोलन करने की बजाय आपस में उलझी हुई है। कांग्रेस के मठाधीन बने बैठे गांधी परिवार अपने बचाव के लिए कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें ढाल बना रहे हैं। कार्यकर्ता उनके निजी स्वार्थों के लिए हंगामा कर रहे हैं। ऐसी कार्यशैली वाले राजनीतिक दल कभी उभर नहीं सकते। नवीन गोयल ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई के कांग्रेस में रहते हुए उनका सदा ही सम्मान गिराया गया है। वे कांग्रेस में फिर भी ईमानदारी से काम करते रहे, लेकिन उनकी ईमानदारी को उनकी कमजोरी समझा गया। अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं के सम्मान को इस तरह से गिराने वाली कांग्रेस से पहले भी बड़े नेताओं ने किनारा करके भाजपा में राजनीतिक जमीन मजबूत की है। आज भी ऐसा हुआ है और आगे भी होगा। कांग्रेस अपने नेताओं को ही सम्मान और विश्वास नहीं दे पा रही। श्रीगोयल ने कहा कि हरियाणा में कुलदीप बिश्नोई के आने से भाजपा को भी लाभ होगा और उनकी राजनीति स्वच्छता आधारित होगी। कांग्रेस में सदा उन पर छींटाकशी ही की गई है। उन्होंने कहा कि हजकां का कांग्रेस में विलय करके कुलदीप बिश्नोई ने बड़ा दिल दिखाया था। सब गिले-शिकवे भुलाकर वे कांग्रेस में गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित पार्षद अपने-अपने वार्ड में हर घर पर लगाएं तिरंगा



गुरुवार को हर घर पर तिरंगा के उद्देश्य से नगर परिषद कार्यालय में बुलाई बैठक में मौजूद नवनिर्वाचित पार्षद।

**सोहना।** कार्यकारी अधिकारी ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचे नवनिर्वाचित पार्षदों को पहली ही बैठक में देशभावना का पाठ पढ़ाते हुए 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया। पार्षदों को हर घर-तिरंगा लगाने के लिए उत्साहित किया। नगर परिषद कार्यालय में कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह ने प्रत्येक वार्ड में हर घर तिरंगा के उद्देश्य से पार्षदों की बैठक बुलाई। इस बैठक का उद्देश्य नवनिर्वाचित पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में हर घर का पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करना था। जिसमें पार्षद अपने वार्ड में कमेटी का चयन करके हर घर जाकर नागरिकों को अपने घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें। बीपीएल परिवारों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा फ्री में उपलब्ध कराए जाने वाले तिरंगा को 15 अगस्त से पहले लगाए। पार्षद अपने दम पर भी अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा उपलब्ध करते हुए लगवाए। जिससे नागरिकों में अपने देश के प्रति सच्ची भावना पैदा हो सके। 15 अगस्त को भी अन्य राष्ट्रीय त्योहारों की भांति बनाए। आज की इस पहली बैठक में 21 में से 6 पार्षद नहीं पहुंचे। जिनमें 5 महिला पार्षद गैरहाजिर रही। बैठक में शामिल हुए पार्षदों में मनोज अवाना, नीतिन यादव, वेदकला शर्मा, राकेश कुमार, प्रविन्द्र, कपिल, मुकेश कुमार, ललिता, साहिल, आशा, नीरज, हरीश नन्दा, ओमप्रकाश, सुनीता देवी, सतेन्द्र और निर्मला मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड चोरी कर खाते से एक लाख 17 हजार रुपये निकाले

**सोहना।** दौला निवासी का घर से चोरी हुए एटीएम कार्ड से अज्ञात ने एक लाख 17 हजार 490 रुपये खाते से निकाल लिए। सदर थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड धारक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सोहना का गांव दौला निवासी संजय ने पुलिस को बताया कि उसके घर में रखे एटीएम कार्ड चोरी हो गया। वह 29 जुलाई को गांव में स्थापित बैंक में अपने एटीएम के विषय में जानकारी करने के लिए गया था। उसे बैंक कर्मियों द्वारा उसके खाते की जांच करने पर एक लाख 17 हजार 490 रुपये एटीएम से निकाले जाने की जानकारी दी। बैंक कर्मी ने बताया कि 9 जुलाई से 29 जुलाई के दौरान में उसके खाते से 13 बार नकदी निकाली गई थी। 9 जुलाई को दो बार में 20 हजार रुपये, 11 जुलाई को चार बार में 27 हजार 400 रुपये, 17 जुलाई को दो बार में 34 हजार रुपये, 22 जुलाई को 2 बार में 20 हजार रुपये, 23 जुलाई को एक बार में 10 हजार रुपये तथा 29 जुलाई को दो बार में 20 हजार रुपये निकाले गए थे। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### लायंस पब्लिक स्कूल में हुआ मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-10 स्थित लायंस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस दौरान फैंसी ड्रेस, कविता पाठ तथा पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन लायन डॉक्टर केएस ढाका, वाइस चेयरमैन लायन भीम वासुदेव, वाइस चेयरमैन लायन सुधीर तनेजा तथा ट्रेजरार लायन तरुण वाधवाजी भी छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित थे। चेयरमैन लायन केएस ढाका ने सभी विजेताओं को बधाई दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कामक्षी, अभिनव दास व शास्वत पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कविता पाठ में अंश मिश्रा, निमित, अपेक्षा, पोस्टर मेकिंग में कशिश टुटेजा, दिव्यांशी, सौम्या, क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा करें पीएम मोदी : शील मधुर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पूर्व डीजीपी शील मधुर।

**हरियाणा** के पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने राष्ट्रध्वज दिवस की घोषणा के लिए भारत के प्रधानमंत्री और संसद में लोकसभा के स्पीकर राज्यसभा के चेयरपर्सन और नेता पक्ष एवं प्रतिपक्ष तथा विभिन्न पार्टियों के फ्लोर लीडर्स को ज्ञापन सौंपा है।

गुरुवार को उन्होंने फिर से प्रधानमंत्री से विशेष अनुरोध किया है कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर लालकिले से देश को सम्बोधित करते समय राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित कर एक नया इतिहास रचें। पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष होने को हैं, लेकिन अभी तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा नहीं हो पाई है। गौर करें तो विश्व के सभी देशों मे राष्ट्रीय ध्वज दिवस प्रतिवर्ष बड़े धूमधाम से मनाये जाते हैं। राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा राष्ट्रप्रेम देशभक्ति की भावना को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। शील मधुर ने ज्ञापन में बताया है कि पिछले डेढ़ वर्ष से तिरंगा सम्मान यात्रा, तिरंगा सम्मान समारोह एवं तिरंगा जन्म दिवस मना कर वह और उनके साथी लगातार प्रयास कर रहे हैं कि राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा हो। इस अभियान की शुरुआत उन्होंने 28 फरवरी 2021 को लाल किले से की थी। इसके अलावा 10 नवंबर 2021 को उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका की अर्जी लगाई थी। राष्ट्रपति को 29 जून 2022 को ज्ञापन भी दिया था। अब उन्होंने संसद से तथा प्रधानमंत्री से भी पुनः अनुरोध किया है कि 15 अगस्त को इस दिवस की घोषणा की जाए। ज्ञापन में उन्होंने केंद्र सरकार का हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत पर धन्यवाद भी किया है। श्री मधुर ने बताया कि 26 जनवरी 2021 से ही वे लगातार तिरंगा मेरी शान मिशन चला रहे हैं। हर-हर तिरंगा घर-घर तिरंगा नारे के साथ जन जागरण अभियान चला रहे हैं, जो देश प्रेम की अलख जगाने मे कामयाब रहा। यहां तक कि केंद्र सरकार हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में जोर-शोर से चला रही है। शील मधुर ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि देश की संसद और प्रधानमंत्री राष्ट्रध्वज दिवस की घोषणा जल्द ही करेंगे। देश की अस्मिता और सम्मान का सबसे पवित्र प्रतीक हमारा तिरंगा है। उन्होंने यह भी बताया कि तिरंगे के सम्मान को बढ़ाने के लिए वो और और उनकी टीम लगातार प्रयासरत रहेंगे।

# देश के संविधान को बचाने की लड़ाई में करें सहयोग

### गुरुग्राम में हुआ आम आदमी का प्रशिक्षण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में आम आदमी पार्टी के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह।

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भारतीय राजनीति कल आज और कल विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज के समय में राजनीति को सबसे बुरी चीज समझा जाता है, जबकि राजनीति से ही देश में बदलाव आता है।

ये देश आजाद हुआ क्रांतिकारियों की कुर्बानी से, क्रांतिकारियों की शहादत की बदौलत। अशफाक उल्ला खान की आखिरी ख्वाहिश भी कफन के लिए देश की मिट्टी था। यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी छोटे छोटे अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने के लिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी और अन्य नेताओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। देश की आजादी के बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलेगा, किसी के परवान से नहीं चलेगा। संजय सिंह ने कि हमें जाति, धर्म की राजनीति नहीं चाहिए। हमें अच्छी शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य की राजनीति चाहिए। हमें समाज में बदलाव की राजनीति चाहिए। हमारा संघर्ष देश को बदलने का है, इस व्यवस्था को बदलने का है। अच्छी शिक्षा का है, अच्छे स्वास्थ्य का है, मूलभूत जरूरत का है। हमारी लड़ाई इस देश के संविधान को बचाने की है। हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हम आने वाली पंद्रह अगस्त को 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। न शिक्षा में कोई सुधार हुआ, न गरीबी कम हुई है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को कहा कि जब तक देश तरक्की नहीं करेगा, देश शिक्षित नहीं होगा, आम आदमी को रोटी के संघर्ष के लिए दिन रात जूझना पड़ेगा, देश तरक्की नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बदलने के लिए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के रामलीला मैदान से सपना देखा था।

# लघु सचिवालय व विकास सदन में लहराएंगे 51-51 फीट ऊंचे तिरंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### हर घर तिरंगा अभियान पर डिस्ट्रिक्ट सांग भी बनकर हुआ लगभग तैयार



उपायुक्त निशांत कुमार यादव।




गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा निकालते गुरुग्राम विवि के कुलपति, प्राध्यापक व विद्यार्थी।

**हर** घर तिरंगा अभियान के तहत जिला के लघु सचिवालय तथा विकास सदन में 51-51 फीट के दो ऊंचे तिरंगे झंडे फहराए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस तिरंगे झंडे को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जल्द ही इन तिरंगे झंडों को विकास सदन व लघु सचिवालय में फहराया जाएगा। लघु सचिवालय परिसर में तिरंगा झंडा मुख्य पार्किंग स्थल में तथा विकास सदन में तिरंगा झंडा वहां बनाये गए पार्क में फहराया जाएगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान पर डिस्ट्रिक्ट सॉन्ग भी तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही लांच किया जाएगा। इस गीत को राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 के संगीत प्राध्यापक लोकेश शर्मा की देखरेख में तैयार किया जा रहा है, जो पूरा बनकर लगभग तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत देश भर में इस बार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में 13-14-15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान का आह्वान किया है। जिला प्रशासन की ओर से घर के नजदीक तिरंगा उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि जिलावासी आसानी से तिरंगा लेकर अपने घर पर फहरा सके। तिरंगा वितरण केंद्र कार्य दिवस पर ले सकते हैं तिरंगे उन्होंने लघु सचिवालय परिसर में खोले गए तिरंगा वितरण केंद्र के बारे में बताया कि सभी कार्य दिवस पर यह वर्किंग आवर्स में खुला रहेगा। इसके अलावा इस अभियान के तहत जिला के गांव में ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

**गुरुग्राम विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली** : देश भर में 13 अगस्त से 15 अगस्त की अवधि तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। इस मुहिम के प्रति जागरूकता के लिए गुरुवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली में गुरुग्राम विवि के 250 विद्यार्थी, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा रैली में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। गुरुग्राम विवि परिसर से निकली तिरंगा रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विवि परिसर में समाप्त हुई। रैली में सभी ने तिरंगा झंडा फहरा कर लोगों को अपने झंडे के प्रति व देश के प्रति तन मन से समर्पित होने के लिए जागरुक किया। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर जागरुकता संबंधी नारे लगाए।

# सब्जी की घटती आपूर्ति से कीमतें छूने लगीं आसमान



### बारिश के चलते कम आवक होने से कीमतें आसमान में पहुंचीं

| सब्जी का नाम | पहले की कीमत | वर्तमान में कीमत |
|---|---|---|
| तोरई | 20 | 40 |
| घीया | 20 | 40 |
| बेंगन | 40 | 60 |
| मटर | 80 | 120 |
| पालक | 20 | 40 |
| परमल | 60 | 80 |
| सीताफल | 20 | 40 |
| फूल गोभी | 60 | 100 |
| बंद गोभी | 40 | 80 |

एन. रोहिल्ला। सोहना

**बरसात** के मौसम में सब्जियों की घटती संख्या के कीमतों ने आसमानी छलांग लगा दी है। आलू, प्याज और टमाटर को छोड़ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों के दाम 10 से लेकर 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इससे रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है।

जैसे-जैसे बरसात का मौसम शुरु होता है। वैसे-वैसे ही सब्जियों की मंडी में आपूर्ति घटती चली जाती है। सब्जी की कम आवक होने से कीमतें आसमान की उंचाई को नापने लगती हैं। जिसके कारण जहां सब्जी के खरीददार कम हो जाते हैं। वहीं दुकानदारों की कमाई भी प्रभावित होती हैं। जुलाई माह के मध्य तक सब्जी दुकानदार एक दिन में 1000 से 1200 किलोग्राम सब्जी एक दिन में बेच रहा था। आज उसकी दुकान पर 500 से 600 किलोग्राम सब्जी को बेचना भारी पड़ रहा है। जिससे उसकी कमाई 50 फीसदी घट गई है।

सब्जी आढ़ती भागमल का कहना है कि अक्टूबर के बाद से मंडी में नई सब्जियां आनी शुरू हो जाती है। उसके बाद सब्जियों की कीमतें कम हो जाएगी।

**दाल व बेसन की सब्जियां** : शहर निवासी महिला रेणु का कहना है कि बरसात के मौसम में आने वाली सब्जियों को अधिक दिन तक फ्रीज में नहीं रखा जा सकता। इसलिए बरसात के मौसम जाने तक दाल, राजमा, छोले, जंगल में मिलने वाला साग तथा बेसन से बनने वाली नाना प्रकार की सब्जियां तैयार कर ली जाती हैं। सरोज का कहना है इस मौसम में हरीमिर्च व क्लौंजे को मिलाकर रख लिया जाता है। अचार आदि को तौबा कर दिया जाता है।

**सब्जी की नई फसल की तैयारी** : वहीं किसान ने सर्दी का मौसम शुरु होने से पहले सब्जी में गाजर, मूली, मटर, फूलगोभी व पत्ता गोभी, शलजम, बैंगन, आलू की नई फसलों को पैदा करने की तैयारी में जुट गया है। किसान गंगाराम सैनी का कहना है कि सब्जियों की नई फसलें दो से ढाई माह में पूरी तरफ से तैयार होकर मंडी में पहुंचनी शुरू हो जाएगी।

# सोहना में युद्ध स्तर पर अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

### बीएण्डआर विभाग को अतिक्रमण हटवाने को भारी मात्रा में मिला था पुलिस बल

### अभियान को लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने अपने तरीके से चलाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में गुरुवार को राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर हुए अवैध कब्जों को जेसीबी से हटाते बीएण्डआर विभाग के अधिकारी।

**बीएण्डआर** विभाग ने राष्ट्रीय मार्ग-248ए पर शहरी क्षेत्र में हो रहा अवैध अतिक्रमण को जेसीबी चलाकर सफाया किया। सड़क के साथ-साथ चल रहे ढाबे, चाय की दुकान, पिंचर लगाने की दुकान, फूलमाला विक्रेता और जूस की रेहड़ियों को हटाया गया। जिससे अवैध अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को लोक निर्माण विभाग ने सुबह दस बजे राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ बना सर्विस रोड के बीच में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लछीराम ड्यूटी मजिस्टेट मौजूद थे। बीएण्डआर विभाग को भारी मात्रा में पुलिस बल मिला था। बीएण्डआर विभाग ने अपना अभियान दमदमा मोड़ से शुरु किया। जो करीब एक किलोमीटर के दायरे में चला। अभियान को लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने अपने तरीके से चलाया। जिससे अवैध कब्जा करने वाले शांतिपूर्ण तरीके से अपना सामान लेकर चले गए। सड़क के साथ बना बरसाती नाला और खाली जमीन पर ढाबा, चाय की दुकान, फूलमाला विक्रेता, फल-सब्जी की रेहड़ी लगाने वालों ने अवैध कब्जा किया हुआ था। इसके अलावा चटाई बुनकर, मिट्टी के बर्तन बेचने वाले, जूस, चाय-पकौड़ा की दुकान चलने वालों ने अवैध कब्जा किया हुआ था। जिसमें 7 चाय की दुकान, 5 पिंचर लगाने वाले, 17 फल-फ्रूट की रेहड़ी, 11 ढाबे, 8 फूलमाला बेचने वाले, छह बाइक-स्कूटर वर्क शॉप, एक हलवाई आदि छोटें दुकानें चलाने वालों का सफाया किया।

**बरसाती** नाले पर अवैध कब्जा होने से उसकी सफाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन अब बरसाती नाले की सफाई के साथ-साथ सड़क पर बरसात का पानी जमा नहीं होगा।

**अजीत सिंह, ( एसडीओ बीएण्डआर )**

**राष्ट्रीय** मार्ग के साथ-साथ अवैध अतिक्रमण बहुत बड़ा हादसा का रुप ले सकता है। जिसमें अनगिनत जाने जा सकती है। अभियान पूर्ण रुप से सफल रहा।

**लक्षीराम , ( नायब तहसीलदार, सोहना )**

# फोनपे ने स्टोर पर विश्वसनीय और सुविधाजनक भुगतान ट्रैकिंग के लिए स्मार्ट स्पीकर लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




### भारत के 8 शहरों में एक लाख से अधिक डिवाइस लगाया

**भारत** की जानी-मानी फिनटेक प्लेटफॉर्म PhonePe ने स्टोर पर विश्वसनीय और सुविधाजनक भुगतान ट्रैकिंग के लिए अपने स्मार्ट स्पीकर को लॉन्च करने की घोषणा की। स्मार्ट स्पीकर को वर्तमान में 8 शहरों में लॉन्च किया गया है, और एक लाख से अधिक डिवाइस पहले से ही PhonePe मर्चेंट पार्टनर द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं।

PhonePe स्मार्ट स्पीकर 11 भारतीय भाषाओं में भुगतान सूचनाएं प्रदान करता है, 4 दिनों तक की बैटरी लाइफ के साथ आता है, शुरुआती सेट-अप लागत के रूप में केवल 50 रुपये में डोरस्टेप इंस्टॉलेशन और 50 रुपये/माह जितना कम मासिक किराया है। लॉन्च ऑफर के हिस्से के रूप में, शुरुआती सेट अप और मासिक किराया दोनों केवल एक रुपये में उपलब्ध हैं, बशर्ते मर्चेंट प्रति माह 25 से अधिक लेनदेन करता है। डिवाइस किसी भी निर्माण दोष के खिलाफ आजीवन मुफ्त रिप्लेसमेंट के साथ आता है। फोनपे में ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा, फोनपे में हम अपने मर्चेंट पार्टनर्स के लिए अपना बिजनेस चलाना और बढ़ाना आसान बनाने के लिए लगातार नए ऑफर ला रहे हैं। हम स्मार्ट स्पीकर को लॉन्च करके उत्साहित हैं और इसे पूरे भारत में ला रहे हैं। हमने सेटअप और स्थापना लागत को अत्यधिक किफायती रखा है क्योंकि हमारा लक्ष्य स्मार्ट स्पीकर को पूरे भारत में प्रत्येक मर्चेंट के लिए सुलभ बनाना है।

# हादसे रोकने को खुले मैनहॉलों पर लहरा रहे लाल झंडे

## अब खुले मैनहॉल पर नजर आएगा रोड सेफ्टी और रोटरी का लाल झंडा

कविता। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ जिले में 75वें आजदी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा झंडा फहराने की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को तिरंगा जन जागरण साईकिल रैली निकाली गई, लेकिन शहर की सड़कों पर खुले मैनहोल से होने वाली दुर्घटनाओं की तरफ जिला प्रशासन, नेता और निगम अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसे देखते हुए रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल और रोड सेफ्टी ऑर्गनाईजेशन ने बृहस्पतिवार की दोपहर को शहर की मुख्य सड़कों पर खुले मैनहॉल पर लाल रंग के झंडे लगाए। जिसकी शुरूआत उन्होंने शहर के सबसे व्यस्त मेट्रो मोड़ पर खुले मैनहोल से की।


गटर के खुले मैनहॉल में फंसा बुधवार को ट्रक, बृहस्पतिवार को रोड सेफ्टी और रोटरी के सदसय लाल रंग के झंडे लगाते हुए।

रोड सेफ्टी हरियाणा के उप प्रधान एसके शर्मा और मैन्युफेक्चर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश वर्मा ने बताया कि सड़कों पर रोजाना सीवरेज के खुले मैनहॉल के कारण सड़क हादसे होते हैं। बुधवार को नगर निगम के निकट स्थित मेट्रो मोड़ पर सीवरेज का मैनहोल का ढक्कन खुला हुआ था। जिसमें देर शाम एक ट्रक फंस गया। इसके कारण यहां जाम की स्थिति पैदा हो गई। जबकि यह चौक गुरुग्राम और फरीदाबाद आने और जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग है। इसी चौक से होकर सेकड़ो लोग एनआईटी और बड़खल विधानसभा का रूख करते हैं।

वहीं दूसरा यह चौक नेहरू ग्राउंड मार्केट को बड़खल और एनआईटी विधानसभा से जोड़ता है। ऐसे में मुख्य चौक पर सीवरेज का खुला मैनहोल हादसों को न्यौता दे रहा था। जिस पर एक टूटे पेड़ का तना और अवरोधक लगाकर उसे रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन दोपहर बाद समाजसेवा का कार्य कर रही रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के पदाधिकारियों ने 150 लाल झंडे रोड सेफ्टी को भेंट करते हुए उक्त चौक पर लगाकर मैनहॉल के ऊपर लगाने के लिए सौंपे हैं। नरेश वर्मा ने कहा कि एसके शर्मा इन्हें रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के आरएसओ में वितरित कर सड़क पर खतरनाक गड्ढों, खुले मैनहोल पर लगाकर वहां चालकों को सावधान करेंगे। मेट्रो मोड़ पर खुले मैनहोल पर झंडा लगाने का काम एसके शर्मा के संग रोटरी के पूर्व प्रधान अनिल राहत, पूर्व प्रधान जेएस गुप्ता, प्रधान इंदरपाल सिंह, मैनुफैक्चरर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश वर्मा, रोड सेफ्टी से संजय भारद्वाज, पिंटू, कुलदीप भाटिया, मनु भाटिया, भूपेश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दो झपटमारों की गिरफ्तारी से तीन वारदातें सुलझी

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा शहर में स्नैचिंग तथा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने स्नैचिंग के तीन मुकदमों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साहिल तथा अरशद का नाम है जो फरीदाबाद के गांव मादलपुर के निवासी हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार आरोपियों को 1 अगस्त को नंगला टी प्वाइंट से गिरफ्तार कर लिया।

# जन जागरण साइकिल यात्रा का फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से स्वागत

## प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं सहित हजारों युवाओं ने लिया साइकिल यात्रा में भाग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता, राजेश नागर व नयनपाल रावत।

**विधायक** सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, विधायक नयन पाल ने सयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर खेल परिसर से किया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरुकता साईकिल रैली की रवाना किया। विधायकों ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्र की आन, बान और शान राष्ट्रीय ध्वज का हर भारतीय नागरिक सम्मान करता है। लोगों में हर घर तिरंगा के सफल आयोजन के लिए गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अनेकों जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें जनजागरण साइकिल यात्रा भी शामिल है। जन जागरण साइकिल यात्रा सेक्टर-12 खेल परिसर/टाउन पार्क से सायं 3.30 बजे सैकड़ों लोग लोगों की भागीदारी से शुरू हुई।

डीसी जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में एमसीएफ कमिश्नर यशपाल, एसीपी नितेश अग्रवाल, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी और समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा उद्योगपतियों के साथ हर घर तिरंगा जन जागरण साइकिल यात्रा इंडियन आयल, सेक्टर-9 मार्केट लाल पैथ, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा कार्यालय सेक्टर-7/ सेक्टर 10 मार्केट में लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके सेक्टर सेक्टर-8 डिवाइडिंग रोड, सूरदास सीही सेक्टर-8 से राजा नाहर सिंह पैलेस सेक्टर-3 के सामने मार्केट से गुजरते हुए बल्लभगढ़ के तिगांव रोड होती हुई बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पहुंची। जहां अनेक स्थानों पर लोगों ने फूलों की वर्षा करके स्वागत किया।

वहीं डाक्टर भीमराव अम्बेडकर चौक पर डीसी जितेन्द्र यादव सहित तमाम अधिकारियों ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इसके बाद वहां से यह साईकिल यात्रा आगरा मार्ग से होते हुए बाटा चौक से एनआईटी 1 व 2 चौक से सेक्टर 21 डी और सेक्टर 21 वी डिवाइडिंग रोड नजदीक एमएलए सीमा त्रिखा कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात जन जागरण साइकिल यात्रा सेक्टर 21सी व सेक्टर 21बी डिवाइडिंग रोड से सेक्टर 21सी मार्केट पहुंची। जहां बाजारों में कई स्थानों पर व्यापारियों और सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात प्रशासन की साईकिल यात्रा अग्रसेन चौक ओल्ड फरीदाबाद मार्केट होते हुए राजकीय आईटीआई ओल्ड फरीदाबाद, सेक्टर- 16 मार्केट, सेक्टर- 17 मार्केट, सेक्टर- 14 मार्केट, सेक्टर- 15 मार्केट से गुजर कर नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद में पहुंची। वहां पर ग्रेटर फरीदाबाद से गुजरकर फरीदाबाद के ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट पर समापन हुआ।

# आज एनएचएम कर्मचारी करेंगे हड़ताल, सौंपा ज्ञापन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से चरमरा सकती है जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं

**जिला** नूंह में कार्यरत रिहान रजा डीएमईओ व ऋषि राज डीएएम की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए हैं, जोकि न सिर्फ कर्मचारी विरोधी है बल्कि दुर्भावना के तहत जारी किए गए आदेश प्रतीत होते हैं। इसे देखते हुए जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल को लेकर अधिकारियों को नोटिस दिया है।

उन्होंने कहा है कि इससे पहले भी जिला जींद के फ्लीट मैनेजर को भी नोकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ये कर्मचारी पिछले 10-12 वर्ष से स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत अपनी सेवाएं दे रहे थे। जिन्होंने अपने जीवन के 10-12 वर्ष विभाग और सरकार की सेवा में दिये उनकी नौकरी एक झटके में खत्म कर देना कहि भी न तो न्यायोचित है न ही तर्क संगत है। कर्मचारी को बिना किसी ठोस कारण बिना उसका पक्ष सुने और बिना किसी नोटिस के नौकरी से हटा देना गलत है। अगर कर्मचारी गलती करता है तो सजा के तौर पर और भी विकल्प हो सकते है। बात बात पर एनएचएम कर्मचारी को नौकरी से हटाया जाना न सिर्फ आपकी कर्मचारी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह बात जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने अपने सौंपें गए पत्र में कही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारी इन आदेशों का विरोध करते है और इसी कड़ी में प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों ने दो अगस्त 2022 को इन तुगलकी आदेशों की प्रतियां जलाई और सर्व सहमति से निर्णय लिया है कि यदि ये आदेश रद्द नही होते हैं तो विरोध प्रदर्शन और आंदोलन चलेगा।

# बिजली दफ्तर पर किया सरूरपुर वासियों ने प्रदर्शन


बिजली दफ्तर पर सरूरपुर निवासी प्रदर्शन करते हुए।

**फरीदाबाद।** सरूरपुर श्याम नगर वासियों ने बृहस्पतिवार को बिजली की समस्या को लेकर बिजली कार्यालय जोरदार प्रदर्शन किया।

अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों आरोप है कि नए मीटर लगाने के नाम पर 25 हजार के अलावा अन्य वसूली की मांग की जाती है, वहीं कॉलोनी में रोजाना चार-चार घंटे बिजली गुल रहती है। शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती है। इससे काफी परेशान है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। एसडीओ आकाश ने आश्वासन दिया कि लोगों की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

लोगों ने बताया कि श्याम नगर में करीब एक हजार परिवार निवास करते हैं लेकिन बिजली सप्लाई के लिए यहां केवल एक ट्रांसफार्मर लगा है। उसकी क्षमता काफी कम है। इस कारण आए दिन फाल्ट और ब्रेक डाउन की समस्या रहती है। रोजाना चार से पांच घंटे बिजली कटौती से उमस भरी गर्मी में लोगों का घरों में रहना दुभर हो गया है। बिजली जाने पर अधिकारियों को शिकायत करते है तो अधिकारियों फोन नहीं उठाते हैं। इस कारण उन्हें मजबूरीवश प्रदर्शन जैसे कदम उठाना पड़ा।

## ब्लैकमेल कर युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में त्वरित कार्रवाई करके अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने बलात्कार के जुर्म में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गौतम भतोला गांव का रहने वाला है। आरोपी टेंट लगाने का काम करता है। पीड़ित लड़की के पिता हलवाई का काम करते हैं। इसीलिए आरोपी का पीड़ित लड़की के घर आना जाना लगा रहता था। एक दिन आरोपी ने पीड़िता को घर पर अकेला देखकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए व पीड़िता के फोटो खींच लिए तथा बाद में फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

# एनटीपीसी फरीदाबाद ने मनाया 25वां स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनटीपीसी** फरीदाबाद गैस पावर स्टेशन ने बड़े जोश और हर्ष के साथ अपने परिसर में स्थापना दिवस मनाया। मुजेड़ी, नीमका में स्थित स्टेशन ने बिजली क्षेत्र में 25 वर्ष पूरे किए। स्टेशन के कर्मचारी प्रशासनिक भवन के सामने एकत्रित हुए जहां केएन रेड्डी, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ने एनटीपीसी का झंडा फहराया। साथ ही पर्यावरण स्थिरता को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परियोजना प्रमुख ने कर्मचारियों को अपने संबोधन में स्टेशन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विभिन्न चल रहे और पूर्ण कार्यों का एक स्नैपशॉट दिया। उन्होंने कर्मचारियों को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें 2022-23 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा।


एनटीपीसी फरीदाबाद परियोजना प्रमुख केएन रेड्डी अन्य अधिकारियों के साथ।

इसके अलावा रेड्डी ने सामाजिक विकास की दिशा में स्टेशन के समृद्ध योगदान पर प्रकाश डाला। मुझे गर्व है कि कोविड-19 महामारी के कठिन समय के दौरान, हमारे स्टेशन ने अपनी सीएसआर पहल के तहत, स्टेशन के आसपास के विभिन्न समुदायों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करके अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति योगदान दिया।

इस अवसर पर एनटीपीसी फरीदाबाद सीएसआर के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस नवपथ कौशल विकास केंद्र के वस्त्र एवं सिलाई पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को 50 सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, कॉस्मेटोलॉजी और ब्यूटीशियन और कंप्यूटर एप्लीकेशन और प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित 101 छात्राओं को उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूरा होने पर हाल ही में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनएसआईसी लिमिटेड के सहयोग से कराया गया। उमेश दीक्षित महाप्रबंधक और केंद्र प्रमुख एनएसआईसी फरीदाबाद भी इस कार्यक्रम मे उपस्थित थे। अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रवीण गर्ग अपर महाप्रबंधक एचआर एनटीपीसी फरीदाबाद ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु स्वरोजगार के लिए महिलाओं को स्वाबलंबन बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका लाभ उठाया जाना चाहिए।

# छह महीने में फिर से गुलजार होगी बड़खल झील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के प्राचीन एवं प्रसिद्ध बड़खल झील को फिर से गुलजार करने का काम जिला प्रशासन द्वारा तेजी के साथ किया जा रहा है। झील को पानी से लबालब करने के लिए सेक्टर 21ए में सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और अंतिम चरण में है। वहीं दूसरी तरफ झील में पानी को रोके रखने के लिए दरारे भरने और दीवार लगाने के साथ तल में पैड बनाने का काम हो रहा है। वहीं झील के बाहरी हिस्से में पर्यटकों के वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग भी बनाई जा रही है। यदि इसी तरह से काम चलता रहा तो झील जल्दी ही गुलजार हो जाएगी।

हरियाणा ही नहीं बल्कि देश भर में प्रसिद्ध बड़खल झील वर्ष 2005 से पहले तक पानी से लबालब थी। देश ही नहीं विदेशी पर्यटक यहां काफी संख्या में प्रकृति का आनंद लेने पहुंचते थे। बॉलिवुड की कई फिल्मों की यहां शूटिंग हो चुकी हैं लेकिन लगातार भूजल दोहन के कारण आज सूखी पड़ी है। झील सूखते ही पर्यटकों ने इससे मुंह मोड लिया। विधायक सीमा त्रिखा के ड्रील प्रोजेक्ट बड़खल झील को सात जून 2015 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की घोषणा की। इसके बाद यह प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी में शामिल कर लिया गया था। साल 2018 में झील के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया। स्मार्ट सिटी की ओर से बड़खल झील तक पाइप बिछा दिए गए हैं। सेक्टर-21ए में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य 90 फीसदी पूरा हो गया है। इसके अलावा निर्माणधीन तीन बूस्टिंग स्टेशन का काम अंतिम चरण में चल रहा है।


बड़खल झील का दृश्य।

**जल्द तैयार होगी पार्किंग :** स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से बड़खल झील में पार्किंग बनाने का काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार छह माह में पार्किंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। इससे पर्यटकों को काफी लाभ मिलेगा।

**छह मीटर तक भरेंगे पानी:** सेक्टर-21ए में बनाए जा रहे सीवर शोधन संयंत्र (एसटीपी) में हर रोज 10 एमएलडी पानी पांच बीओडी मात्रा तक ट्रीट (साफ) करेगा। इस पानी को हर रोज मोटी पाइप के जरिए झील तक पहुंचाया जाएगा। झील को 300 दिन में छह मीटर ऊंचाई तक पानी से भरने की योजना है। इसके बाद एसटीपी से हर रोज केवल तीन एमएलडी पानी ही झील के अंदर डाला जाएगा, जिससे पानी बरकरार रहे। बाकी के बचे हुए सात एमएलडी पानी को शहर के अन्य कामों में इस्तेमाल कर लिया जाएगा।

# छात्राओं को दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** मुख्यालय नीतिश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देशों पर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरुक करने के लिए आज सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता ने राजकीय कन्या उच्च विद्यालय तिगांव पहुंचकर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरुक करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों, नैतिक मूल्यों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। इसी क्रम में आज पुलिस टीम में शामिल आज फरीदाबाद पुलिस की तरफ से इंस्पेक्टर सविता उप निरीक्षक रामकुमार साइबर थाना बल्लभगढ़ से उप निरीक्षक बाबूराम तथा दुर्गा शक्ति की टीम छात्राओं को सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करने के लिए तिगांव पहुंची।



विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला ने पुलिस टीम को गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इंस्पेक्टर सुनीता ने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास दहेज प्रथा को देखते हैं बड़े होकर इसी को आगे बढ़ाते हैं क्योंकि उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होता कि दहेज लेना कानूनन अपराध है।

# संक्षिप्त समाचार

## जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर चलाया जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** साइबर क्राइम रोकने के लिए जीआरपी भी अब पहले से ज्यादा मजबूत होती दिख रही है। जीआरपी ने बुधवार को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को साईबर क्राइम के बारे में जानकारी दी और चौकस रोकने को कहा। थाना प्रभारी सूरतपाल सिंह की देखरेख में सबइंस्पेक्टर सुभाष, राजपाल सिंह, एएसआई भीम सिंह और सुदेश कुमारी ने साइबर क्राइम के बारे में जागरुक अभियान शुरू किया। भीम सिंह ने कहा कि साईबर क्राइम में आईटी एक्ट के तहत पुलिस कार्रवाई करती है। आईटी एक्ट में जुर्माने से लेकर उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान है। कानून में निर्दोष लोगों को साजिश के तहत फंसाने के लिए की गई शिकायतों से सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था है, लेकिन कंप्यूटर, दूरसंचार और इंटरनेट यूजर का प्रयोग करते वक्त लोगों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों, ई-मेल, चैट वगैरह के जरिए बच्चों या महिलाओं को तंग करने के मामले सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं। डिजिटल के जरिए से किसी को अश्लील या धमकाने वाले संदेश भेजना या किसी भी रूप में परेशान करना साइबर क्राइम के दायरे में आता है। किसी के खिलाफ दुर्भावना से अफवाहें फैलाना, नफरत फैलाना या बदनाम करना और सांप्रदायिकता फैलाने के मामले में आईटी (संशोधन) कानून 2009 की धारा 66 (ए) के तहत तीन साल तक की जेल या जुर्माने का प्रावधान है।

## जनहित सेवा संस्था ने थाने में किया पौधरोपण



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से बल्लभगढ़ सदर थाना में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर थाना प्रभारी नवीन पाराशर ने इस अवसर पर कहां की पौधों के बगैर हमारा जीवन अधूरा है। वृक्ष ही जीवन है। हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी परवरिश करना भी बेहद जरूरी है। अपने जन्मदिवस पर हर किसी को पौधा लगाना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने इस अवसर पर कहा कि पौधे धरती का आभूषण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना एवं उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि संस्था ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण कार्यक्रम का अभियान चलाया हुआ है। कार्यक्रम में संस्था की टीम ने सदर थाना प्रभारी नवीन पाराशर को एक पौधा भेंटकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंपा, चांदनी, गुड़हल, गुलाब, नाग चंपा, कनेर, पिलखन के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नवीन पाराशर स्टाफ सहित व संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, उपाध्यक्ष ओम दत्त शर्मा, महासचिव सुभाष गहलोत, मुख्य सचिव सुनील शास्त्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवेश लांबा, सचिव देवी चरण वैष्णव, राजेंद्र शर्मा, राजेश कौशिक विशेष रूप से मौजूद थे।

## हरियाणा के कपिल ने कोलम्बिया में लहराया तिरंगा



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 1 अगस्त से 6 अगस्त तक काली (कोलम्बिया) में आयोजित हो रही जूनियर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैपियनशिप में भारतीय टीम के एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के 33 एथलीट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में हरियाणा राज्य के सात एथलीट खिलाड़ी भी इस दल का भाग हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारतीय रिले टीम ने 3 मिनट 17 सेकेण्ड और 76 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक बन नया एशियन रिकार्ड स्थापित किया। इस मिक्स रिले दौड में अमेरिका ने 3 मिनट 17 सेकेण्ड 69 माइक्रोन के समय के साथ अमेरिका ने स्वर्ण पदक जीता और जमैका ने 3 मिनट 19 सेकेण्ड और 98 माइक्रोन का समय कांस्य पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और वर्तमान ऐलानाबाद विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान और निदेशक नरेंद्र मोर ने सभी पदक विजेता खिलाडियों को रजत पदक जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## डीएवी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। देश में आजादी का अमृत वर्ष मनाया जा रहा है। सभी देशवासियों को इस अभियान में शामिल करते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को एक नई पहचान और सम्मान देने के लिए मोदी सरकार नें हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया है। इस अभियान के अंतर्गत डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय प्रांगण से दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक कैडेट्स द्वारा यात्रा निकाली गई। एन सी सी कैडेट्स द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके यात्रा का समापन किया गया। इस यात्रा को कॉलेज की प्राचार्या डॉ सविता भगत तिरंगा लहरा कर द्वारा रवाना किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को उन शहीदों के सर्वोच्च बलिदान से अवगत कराना था जिन्होंने आजादी हासिल करने में और उसे बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

## घर-घर तिरंगा, छात्राओं ने स्वयं बनाए ध्वज

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं ने स्वयं राष्ट्रीय ध्वज बनाएं। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा संबंध हमेशा व्यक्तिगत से अधिक औपचारिक और संस्थागत रहा है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से घर लाना इस प्रकार न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का एक कार्य बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 अगस्त, 2022



# डेटा विधेयक वापस

## बनेगा नया कानून

**भारी** विरोध के चलते केन्द्र ने अंततः पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 वापस कर लिया है। संसद की संयुक्त समिति में व्यापक चर्चा के बाद केन्द्र द्वारा पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 की वापसी एक सही कदम है। इसमें 81 संशोधनों का प्रस्ताव किया गया था, जबकि डिजिटल परिस्थितिकी में समग्र कानूनी ढांचे के लिए एक दर्जन संस्तुतियां की गई थीं। संयुक्त संसदीय समिति-जेसीपी रिपोर्ट पर विचार करने के बाद सरकार ने कहा कि वह समग्र विधिक ढांचे पर काम कर रही है। इसलिए उसने समग्र विधिक ढांचे के लिए नया कानून लाने का प्रस्ताव किया। वापस लिए विधेयक ने बड़े तकनीकी तथा सिविल सोसाइटी समूहों को परेशान किया था। फेसबुक, ट्विटर, गूगल, आदि इस विधेयक के प्राविधानों के प्रति असहज थे। इससे उनके तथा सरकार के बीच कुछ नाराजी पैदा हुई थी। कुछ समय के लिए इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर भी पड़ा था। 2019 के विधेयक को व्यक्तिगत स्वतंत्रता व निजता के उल्लंघन के आधार पर आलोचना का शिकार होना पड़ा था। वास्तव में विधेयक बनाने वाली समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी.एन. श्रीकृष्ण संसद में पेश प्रारूप के अत्यधिक आलोचक थे। उन्होंने दिसंबर, 2019 में कहा था कि इसमें केन्द्र को कुछ या सभी प्राविधानों से बाहर रखा गया था। उन्होंने कहा था कि यह विधेयक 'खतरनाक' था जो भारत को 'आर्वेल राज्य' में बदल सकता था। उनकी आपत्ति थी कि सरकार ने सुरक्षा उपाय हटा दिए थे जिनका अर्थ था कि सरकार कभी संप्रभुता या सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर व्यक्गित डेटा तक पहुंच बना सकती थी।



यह उल्लेख करना जरूरी है कि पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 अच्छे इरादों से लाया गया था। इसके पीछे विचार पर्सनल डेटा के संबंध में व्यक्तियह्यों की निजता को संरक्षण देना तथा पर्सनल डेटा का प्रवाह व प्रयोग परिभाषित करना था। इससे व्यक्तियों तथा पर्सनल डेटा का प्रसंस्करण करने वाले लोगों के बीच विश्वास का संबंध विकसित होता, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण वाले लोगों के अधिकारों को सुरक्षा मिलती तथा डेटा प्रसंस्करण का संगठनात्मक व तकनीकी ढांचा तैयार होता। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया मध्यस्थों के लिए मानक, सीमापार हस्तांतरण, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण करने वाले उद्यमों की जवाबदेही, अनाधिकृत व हानिकारक प्रसंस्करण के उपचार तथा भारत में डेटा संरक्षण अधिकरण की स्थापना थी। यह किसी भावी इतिहासकार या न्यायशास्त्र विशेषज्ञ की दिलचस्पी का विषय हो सकता है क विधायन तैयार करने वाले मुख्य व्यक्ति के लिए यह 'आर्वेलियन' कैसे हो गया। हालांकि, यह देख कर खुशी होती है कि सरकार ने समय रहते विधेयक की आलोचना पर ध्यान दिया और अहंकारी या स्वयं को सही ठहराने वाला दृष्टिकोण अपनाने के बजाय विधेयक को वापस ले लिया। सरकार को यह सलाह देना उचित होगा कि इसी भावना पर चलते हुए वह न केवल विपक्षी पार्टियों, बल्कि इंटरनेट स्वतंत्रता समूहों, नागरिक स्वतंत्रता एक्टिविस्टों, जनमत निर्धारित करने वालों, बड़ी तकनीकी कंपनियों, आदि से विचार विमर्श कर पर्सनल डेटा संरक्षण कानून बनाए। बिना कोई जल्दबाजी दिखाए डेटा संरक्षण कानून से जुड़े सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श से यह कानून जीवन्त बनाया जा सकता है। व्यापक विचार विमर्श व सहमति से बनने वाले ऐसे नए कानून से निश्चित रूप से डेटा संरक्षण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# अमृत काल में प्रशासनिक सुधार जरूरी

**सरकार को फौरन प्रशासनिक सुधार लागू करने की शुरुआत करनी चाहिए क्योंकि 45 प्रशासनिक सुधार समितियों की रिपोर्टें धूल खा रही हैं।**

**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, तेलंगाना मुख्यमंत्री के पीआरओ हैं)



स्वतंत्रता के पश्चात केन्द्र की अनेक सरकारों ने प्रशासनिक सुधारों के लिए 45 से अधिक आयोगों व समितियों का गठन किया है। इनमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान समय में कार्यरत भाजपा सरकार तथा थोड़े समय के लिए आने वाली अन्य सरकारें भी शामिल हैं। दुर्भाग्य से इनकी अधिकांश संस्तुतियां केवल कागजों पर ही बनी रहीं जो आज संदर्भ के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। सिविल सोसाइटी में नीतिगत मामलों पर 'वाचडाग' की अनुपस्थिति के कारण केन्द्र सरकारों ने कोई फालोअप कार्रवाई नहीं की, प्रशासन लापरवाह बना रहा तथा उसने प्रशासनिक सुधार आयोगों की रिपोर्टों की अनदेखी की।

वर्तमान समय में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का आयोजन 'आजादी का अमृत महोत्सव' के नाम से मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन में जवाबदेही व बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासनिक सुधार की लाभदायक संस्तुतियों की समीक्षा कर उनको लागू करना उचित होगा। इस दिशा में एक उल्लेखनीय व गंभीर प्रयास 24 मई, 1997 को मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में किया गया था। इसका नतीजा केन्द्र व राज्यों के स्तर पर प्रभावी सरकारों के लिए 9 बिंदुओं वाली कार्ययोजना के प्रारूप पर समग्र चर्चा के रूप में सामने आया था। हालांकि, इन चर्चाओं की अध्यक्षता करने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री आई.के. गुजराल केवल एक साल पद पर रहे। इस सम्मेलन ने स्वीकार किया था कि देश ने स्वतंत्रता के पचास साल पूरे कर लिए हैं, लेकिन जनता के मन में प्रशासन की जवाबदेही, प्रभावशीलता तथा नैतिक मानकों के प्रति संदेह गहराते जा रहे हैं। इस बात पर सहमति प्रकट की गई थी कि तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि जनता में सरकार की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए प्रशासन को जनता के प्रति न्यायोचित, निष्ठावान व जवाबदेह बनाने के प्रयास किए जाएं। सम्मेलन में सहमति बनी थी कि हर राज्य योजना के क्रियान्वयन पर काम करेगा, हालांकि स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए उपयुक्त छूट की व्यवस्था भी थी। मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन ने तय किया था कि केन्द्र व राज्य सरकारों को एकसाथ आ कर जवाबदेही, पारदर्शिता व नागरिक-हितैषी सरकार की कार्ययोजना को मजबूत बनाने का काम करना चाहिए।

कार्ययोजना के 9 बिंदुओं में नागरिक चार्टर व जवाबदेह प्रशासन, प्रभाव व गतिशील सार्वजनिक शिकायत समाधान व्यवस्था, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्वाचित स्थानीय स्वशासी संस्थाओं को मजबूत करना, सेवायें प्रदान करने का विकेन्द्रीकरण तथा कानूनों, विनियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा शामिल थे। इनमें पारदर्शिता व सूचना का अधिकार, सरकारी कार्यालयों में जनता की सूचनाओं तक पहुंच व सुविधा देने वाले काउंटरों का गठन, सरकारी कर्मचारियों के लिए नैतिकता के मापदंड, भ्रष्टाचार से निपटना व प्रशासन को स्वच्छ करना तथा कार्यकाल की स्थिरता व सिविल सर्विस बोर्ड गठन की योजनायें भी शामिल थीं।

सम्मेलन ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का सुझाव दिया जिसमें देश के कुछ प्रमुख सचिव तथा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते। समिति को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विधिक व नियामक सुधारों के लिए समयबद्ध एजेंडा तैयार करना था। इसके साथ ही उसे उन कदमों पर विचार करना था जिनसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों की व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित हो तथा जवाबदेह प्रशासन के लिए जनता से फीडबैक प्राप्त किया जाए। इसके बाद तत्कालीन राजग सरकार ने नवंबर, 2001 में प्रशासनिक सुधार व सार्वजनिक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव को अध्यक्ष बना कर एक कोर समूह गठित किया था। इस समूह को केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधारों की स्थिति जांचने, सरकार में प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा करने तथा केन्द्र व राज्य सरकारों में सुशासन को बढ़ाने के सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई। इस कोर समूह ने एक उप-समिति गठित करने का निर्णय किया जिसका उद्देश्य राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया को समेकित कर उसका विश्लेषण व मूल्यांकन करना था। यह लेखक भी इस उप-समूह का एक सदस्य था। प्राथमिक अध्ययन के बाद इस उप-समूह ने नतीजा निकाला कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों व केन्द्रशासित क्षेत्रों के प्रशासन ने मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की संस्तुतियों के क्रियान्वयन में कदम उठाए हैं। शुरुआत में इस मामले में काफी प्रगति हुई तथा अधिकांश राज्यों ने कार्ययोजना के क्रियान्वयन में तत्परता दिखाई। नागरिक चार्टर बनाए गए तथा सार्वजनिक सुविधा केन्द्रों की स्थापना हुई। लेकिन कोर समूह व उप-समूह को लगता था कि मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति अभी बहुत संतोषजनक नहीं है।

हालांकि, अटल बिहारी वाजपेयी नीत राजग सरकार ने सूचना स्वतंत्रता विधेयक पास किया, लेकिन केन्द्र व राज्य नियम-विनियम निर्धारित करने में विफल रहे जिसके कारण कानून का क्रियान्वयन नहीं हुआ। जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार का गठन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हुआ, तभी सूचना अधिकार कानून-आरटीआई पास हुआ तथा उसे लागू किया गया। लेकिन इसके बाद इसके क्रियान्वयन की प्रभावशीलता कमजोर होने लगी जो निश्चित रूप से उम्मीद के अनुसार नहीं था। हालांकि, इसके बावजूद आरटीआई कानून बना रहा। इसके बाद सभी जानते हैं कि राज्यों व केन्द्र स्तर पर इसका कैसा क्रियान्वयन हुआ। हर राज्य व इस दृष्टिकोण से केन्द्र सरकार की प्रशासनिक सुधार की अपनी समझ थी। इसके साथ ही देश की स्वतंत्रता के पचास साल पूरे हाने पर मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में बनी कार्ययोजना हाशिए पर चली गई।

अब हम स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल में भारत के राष्ट्रपति ने 31 अगस्त, 2005 को दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग-एआरसी का गठन किया। इसे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोईली की अध्यक्षता में सार्वजनिक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करना था। आयोग को ऐसे उपाय सुझाने को कहा गया था जिनसे देश में सरकार के सभी स्तरों पर सक्रिय, जवाबदेह, संवेदनशील, टिकाऊ व सक्षम प्रशासन का लक्ष्य प्राप्त हो सके। आयोग से आशा थी कि वह भारत सरकार के सांगठनिक ढांचे, प्रशासन की नैतिकता, कार्मिक प्रशासन में सुधार, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं में मजबूती, राज्य स्तर पर प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के कदम, जिला प्रशासन को प्रभावी बनाना सुनिश्चित करने के कदम, स्थानीय स्वशासी सरकारों व पंचायती राज व्यवस्थाओं तथा सामाजिक पूंजी, विश्वास व सरकारी सेवाओं में सहभागिता पर विचार करे। इसके साथ ही आयोग को नागरिक-केन्द्रित प्रशासन, ई-गवर्नेंस को प्रोत्साहित करने, संघीय नीति के मुद्दों तथा आपदा प्रबंधन व सार्वजनिक व्यवस्था के मुद्दों पर भी विचार करना था।

आयोग ने जून, 2006 से अपनी विस्तृत 15 रिपोर्टें पेश की। ये रिपोर्टें सूचना अधिकार-सुशासन की मुख्य कुंजी, मानव पूंजी मुक्त करना-अधिकार एवं प्रशासन-एक केस स्टडी, आपदा प्रबंधन, प्रशासन में नैतिकता, सार्वजनिक व्यवस्था, स्थानीय स्वशासन, टकराव प्रबंधन हेतु क्षमता निर्माण, न्याय की सुरक्षा से आतंकवाद से मुकाबला, सामाजिक पूंजी-एक साझा भविष्य, कार्मिक प्रबंधन में सुधार-नई ऊंचाइयां, ई-गवर्नेंस प्रोत्साहन का स्मार्ट तरीका, नागरिक केन्द्रित प्रशासन, भारत सरकार का सांगठनिक ढांचा, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं को मजबूत करना तथा राज्य व जिला प्रशासन पर हैं। लेकिन इन रिपोर्टों की संस्तुतियों पर विचार व उनका क्रियान्वयन अभी शुरू नहीं हुआ है। शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले आठ साल में इस क्षेत्र पर विचार नहीं किया है। हालांकि, सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह पहले की प्रशासनिक सुधार रिपोर्टों पर विचार कर उचित समझने पर उनकी संस्तुतियों का क्रियान्वयन कर सकती है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई

**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक सेंटर फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट एंड एनवायरनमेंट के अध्यक्ष हैं)



विडंबना है कि आजकल व्यवस्था का पतन नीति निर्माताओं और न्यायपालिका का ध्यान उतनी गहनता से आकर्षित नहीं कर पा रहा है जैसे करना चाहिए। पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों के सहयोगियों के आवासों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी में 40 करोड़ रुपये से अधिक नकद, आभूषण व दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले जून 2022 में, पंजाब के मंत्री विजय सिंगला को उनके सहयोगियों के साथ पैसे की मांग के लिए मंत्री बनने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जून के महीने में पंजाब के एक और आईएएस अधिकारी संजय पोपली को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुछ महीने पहले मई 2022 में झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल, एक आईएएस अधिकारी और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवास पर छापेमारी की गई थी और प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने 19 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी की थी। कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को अप्रैल 2022 में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस निरीक्षक सचिन वाजे और मंत्री के निजी सचिव और सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप था कि मंत्री ने वाजे को हर महीने 200 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था।

सीबीआई द्वारा 2017 में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को ईडी ने 4.8 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया था। ओडिशा कैडर के एक भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी अभय कांत पटनायक को नवंबर 2020 में चार्टर्ड उड़ानों में यात्रा करने के लिए 3 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उनके बेटे के बैंक खाते में एक बड़ी धनराशि प्राप्त हुई।

पिछले 15 वर्षों से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा आयोग एक तरफ भर्ती घोटालों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है और दूसरी तरफ युवा जनशक्ति को श्रमशक्ति प्रबंधन के लिए की जाने वाली आउटसोर्सिंग गतिविधियों के घोटालों में फंसा दिया जाता है। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में पिछली गैर-भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक लोक सेवा आयोग प्रमुख की योग्यता ही संदिग्ध पाई गई, जिसने खुलेआम प्रांतीय सेवाओं में अधिकारियों की भर्ती में एक बड़ा घोटाला किया था। हालांकि, अनेक मामलों में कार्रवाई की गई है, लेकिन यह भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या को देखते हुए नाकाफी है। ऐसा लगता है कोई भी अनेक प्रदेश सरकारों में मंत्रियों की इस तरह की गिरफ्तारी और उनके द्वारा संस्थानों को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबा कर नष्ट करने को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मेरे द्वारा इन मामलों के वर्णन करने का मकसद देश की मूल अंतरात्मा को अहसास दिलाना है कि हमारे देश में खासकर राज्यों में शासन व्यवस्था सड़ने लगी है। व्यवस्था का ह्रास कानून-निर्माताओं व न्यायपालिका का ध्यान उस हद तक आकर्षित नहीं कर रहा है जितना कि शासन के इन संस्थानों को करना चाहिए। इस तरह की खबरें आजकल बहुत आम हो गई हैं और लगता है लोगों ने इसे न्यू नॉर्मल मान लिया है। विडंबना है कि इससे समाज में भ्रष्टाचार के प्रति व्याप्त संवेदनशीलता भी प्रभावित होती है। यदि हम मौजूदा परिदृश्य को ध्यान में रखें, तो ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं सच्चाई व जवाबदेही को स्वीकारने की ईमानदारी की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देती हैं। यह अंततः वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास को मिटा देगा और इतिहास उदाहरणों से भरा है कि जो समाज गलतियों से नहीं सीखते हैं वे तानाशाही ताकतों को उभरने का मौका देते हैं या बिखर जाते हैं।



श्रीलंका इस बात का ताजा उदाहरण है कि कैसे 40 वर्षों में विभाजनकारी राजनीति और भ्रष्टाचार ने देश को बर्बाद कर दिया। संक्षेप में, देश की शासन संस्थाएं सुधारों के लिए बेचैन हैं। आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति की जब्ती का प्रावधान करने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एच) के तहत लाया जाना चाहिए ताकि पैसे के मामले में और अपराधियों को टिकट देने में मतदाता को जानने का अधिकार हो।

दल-बदल विरोधी कानून पूरी तरह से विफल हो गया है और इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए। सांसदों और विधायकों के बेलगाम आचरण को रोकने के लिए एक मजबूत आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए और पीठासीन अधिकारियों को ऐसे सदस्यों को शेष सत्र से निष्कासित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए और आदतन कदाचार ऐसे सदस्यों को अगले छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा। इसी तरह, लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर सड़कों को अप्रत्याशित व मनमाने ढंग से जाम करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को दंडनीय अपराध बनाया जाना चाहिए और लोकतांत्रिक विरोध के लिए प्रशासन द्वारा कोई विशिष्ट स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए जैसा कि हमारे पास जंतर मंतर पर है। सांसदों और विधायकों की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को जिला विकास योजनाओं में पूर्व स्वीकृत योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि इन योजनाओं को बजट में शामिल किया जा सके। संविधान में संशोधन और 'जनमत संग्रह' का प्रावधान करने की आवश्यकता है ताकि जनसंख्या नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कुछ राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्यक्ष लोकतंत्र का अभ्यास किया जा सके ताकि विकास के प्रतिफल खराब न हों।

सिविल सेवाओं को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और अक्षम, असंवेदनशील और भ्रष्ट नौकरशाहों को बाहर निकालने के लिए समय-समय पर समीक्षा-प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। इस उद्देश्य के लिए तथा सिविल सेवकों को शक्तियों के दुरुपयोग हेतु दंडित करने के लिए एक सिविल सेवा ब्यूरो बनाया जा सकता है। भ्रष्टाचार के प्रसार को, जिसमें ढिलाई, विलंब व जानबूझकर मनमाना कृत्य शामिल हैं, वित्तीय भ्रष्टाचार से परे पुनः परिभाषित कर इसके लिए कठोर दंड की व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें नौकरी से निकालना प्रमुख हो।

## आप की बात

### खैरात से मुक्ति

**सत्ता** में बैठने या बने रहने या चुनाव जीतने के लिए सियासी दल जनता से मनमाने ढंग से चुनावी वायदे करते रहते हैं, क्योंकि अपनी जेब से इन्हें कोई खर्च नहीं करना पड़ता, बल्कि वादों की पूर्ति शासकीय खजाने के खर्च से होती है। इसके मद्देनजर पीएम ने मुफ्त की रेवड़ी को देश के लिए घातक बताया तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी सियासी दलों को मतदाता से अव्यावहारिक वादे न करने को कहा है। वस्तुतः ऐसा कोई कानून नहीं बन पाने से वायदे की सीमा तय नहीं की जा सकी। मुफ्त की योजनाएं या रेवड़ी बांटने का काम बंद करने हेतु वायदे के मानदंड बदलने के साथ एक सीमा तय करना होगी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जवाबदेही में व्याप्त खामियां दूर करनी होंगी। अच्छा हो कि फिजूलखर्ची की घोषणाओं को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाय, और उल्लंघन होने पर सियासी दल की मान्यता समाप्त करने के भी प्रावधान किए जाएं ताकि देश में पुरुषार्थियों की संख्या में वृद्धि भी हो सके। उम्मीद करनी चाहिए कि सभी दलों के राजनेता स्वतंत्रता के अमृत काल में देश को खैरात से मुक्त कर जनता को सचमुच विकास के मार्ग पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे। इससे उनकी स्थिति भी मजबूत होगी।

–**बी एल शर्मा**, उज्जैन

### बाइडेन की विजय

**अमेरिकी** राज्य कन्सास में हुए जनमत संग्रह के परिणामों को अगर देश का रुख माना जाये तो ये राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भारी खुशखबरी का अग्रिम संकेत हैं। यहां न सिर्फ स्थानीय रूप से रिपब्लिकन पार्टी के गवर्नर सत्ता में बैठे हैं। बल्कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में यहां के लोगों ने खुलकर डोनाल्ड ट्रम्प के विभाजनकारी विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें जीत दिलाई थी। मगर गर्भपात के मामले में वहां के लोगों ने रूढ़िवादी रिपब्लिकनों का साथ नहीं दिया। दो महीने पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रो वी वेड, 1973 के फैसले को उलट दिया था, जिसने देश भर में गर्भपात को वैध कर दिया था। अब आशा करनी चाहिए कि बाद में बाकी राज्यों में भी अगर जनमत संग्रह कराये जायेंगे तो रूढ़िवादियों की हार होगी। अब देखना ये होगा कि क्या आगामी नवंबर में जो, मध्यावधि चुनाव होना तय है, उसमें गर्भपात मुद्दा बन पायेगा? रिपब्लिकन की विचारधारा को गहरा आघात लगा है। वे तो चाहेंगे कि मुद्रास्फीति को ही मुद्दा बनाया जाय। मगर डेमोक्रेट्स गर्भपात के अधिकार को ही जोर शोर से उठाएंगे।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### प्राकृतिक खेती

**प्राकृतिक** कृषि को वर्तमान समय और परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में बिल्कुल सही कहा जा सकता है। कृषि से जुड़े प्राचीन ज्ञान को हमें न सिर्फ फिर से सीखने की जरूरत है बल्कि उसे आधुनिक समय के हिसाब से तराशने की भी दरकार है। इस समय नई-नई बीमारियों व असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हमारा खानपान है। किसानों द्वारा अत्यधिक कीटनाशक दवाओं व खेतों में डाई तथा यूरिया के प्रयोग की वजह से अनेक तरह की लाइलाज बीमारियों ने समस्त मानव जाति को अपनी चपेट में ले लिया है। अनेक तरह के केमिकल व कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता में भी कमी आती है। अनाजों-सब्जियों के माध्यम से यही जहर हमारे शरीर में जाता है। जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां लगातार फैल रही हैं। यदि हमें अपने परिवार-समाज को स्वस्थ रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना ही होगा। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती पर जोर देने की पहल सराहनीय है। किसानों को भी प्राकृतिक खेती के इस अभियान पर जोर देना चाहिए।

–**नितेश मंडवारिया**, वाराणसी


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**देश** हर-घर तिरंगा अभियान के लिए तैयार है। यह तिरंगे का उत्सव मनाने का सामूहिक आंदोलन है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हर-घर** तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री मोदी की अपील है, भाजपा की नहीं। कुछ लोग इसमें राजनीति क्यों देखते हैं?

– **धर्मेन्द्र प्रधान**
केन्द्रीय मंत्री



**लोगों** को जबरन राष्ट्रीय ध्वज खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। देशभक्ति भीतर से पैदा होती है, इसे थोपा नहीं जा सकता है।

– **महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी नेता

# हमने इंसेफेलाइटिस के समूल नाश के लिए कार्य किया

## ● सीएम ने किया गोरखपुर एम्स में 500 क्षमता वाले सभागार टोबैको कन्ट्रोल का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में 500 क्षमता वाले सभागार एवं नेशनल सेन्टर फॉर पॉलिसी रिसर्च इन टोबैको कन्ट्रोल एनसीपीआरटीसी का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि बीमारी के उपचार का महत्वपूर्ण पक्ष बचाव होता है। बचाव का यह पक्ष हम सबको आज इस नेशनल सेंटर फॉर रिसर्च इन टोबैको कन्ट्रोल के साथ जोड़ता है। प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि तम्बाकू से अनेक बीमारियां होती है। धूम्रपान मनुष्य के लिये बहुत हानिकारक है। जो इसका सेवन करता है, उसके लिये तो यह हानिकारक है ही लेकिन जो इसका स्वयं सेवन नहीं कर रहा है परन्तु यदि वह धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की संगति में हैं तो धूम्रपान से होने वाले नुकसान से वह अपने आपको बचा नहीं सकता है। इसके दृष्टिगत जागरूकता के अनेक कार्यक्रम चलते है। जागरूकता के माध्यम से हम अधिक से अधिक जनमानस को जोड़कर उन्हें किसी भी संभावित खतरे से बचाने के लिये एक बड़ा अभियान आगे बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स गोरखपुर इसकी अगुवाई कर रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार ने इस प्रकार के नियम बनाये हैं जो फिल्मों, विज्ञापनों में कहीं भी धूम्रपान के दृश्य को बढ़ावा नहीं देते हैं।

उन्होंने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में जो लोग अपने स्वावलम्बन का आधार बनाना चाहते हैं सेवा के क्षेत्र को चुनना चाहते हैं, उनके लिये यह और भी महत्वपूर्ण इसलिये हो जाता है कि वह अपने पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर अपने स्तर पर कुछ नया करने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक चिकित्सक के पास सबसे ज्यादा सम्भावना होती है। चिकित्सक अगर एक वर्ष तक ओपीडी में बैठता है तो उसके लिये एक नया पब्लिकेशन ओपीडी के माध्यम से प्राप्त हो जाता है। प्रत्येक मरीज को दी जाने वाली उसकी सलाह और मरीज के सभी लक्षण एक नया रिसर्च पेपर भी तैयार करते हैं। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में इन सभी बातों को समाहित करने का भरपूर प्रयास किया है। आपका इनोवेशन तथा रिसर्च आपकी योग्यता का आधार बनेगा और उसी प्रकार से आप आगे बढ़ पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मस्तिष्क ज्वर से पिछले 40 वर्षों में लगभग 50 हजार बच्चों की मौत हुई लेकिन उन्हें इन 40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से संबंधित कोई भी रिसर्च नहीं मिली। कोई भी उस पर काम नहीं कर पाया। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार होता था लेकिन वहां संसाधनों का अभाव था। वर्ष 2017 में हमारी सरकार बनने के बाद इंसेफेलाइटिस के समूल नाश के लिए कार्य किया गया। इंसेफेलाइटिस को जड़ से समाप्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यदि कोई बच्चा बीमार होता है तो उसका तत्काल इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेन्ट सेन्टर ईटीसी पर ले जाकर बेहतर इलाज होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री के प्रयास से भारत ने 9 महीने में दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बना दी। भारत में 200 करोड़ वैक्सीन के डोजेज लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमने डिग्री ली है। इसका मतलब हमारा कॉलेज समाप्त नहीं हो जाता। हमारे लिये विकास, रिसर्च का क्षेत्र खुला हुआ है। जहां पर हम रिसर्च की संभावनाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। टोबैको कन्ट्रोल के इस अभियान को जागरूकता के साथ-साथ वृहद् पैमाने पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। एक चिकित्सक इस अभियान के साथ जुड़ेगा तो स्वाभाविक रूप से आम आदमी उस पर विश्वास करेगा।

# यूपी में कितनों को दिया रोजगार अब हर माह बताएंगे अफसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए योगी सरकार ने अपने रोजगार मिशन को तेज करने का फैसला किया है। इसके तहत अब सरकार लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए एक नई पहल कर रही हैं। जिसके तहत अब सभी विभाग, निगमों, आयोग व बोर्डों को हर महीने की पांच तारीख तक बताना होगा कि उन्होंने कितने लोगों को रोजगार मुहैया कराया है। इसमें नियमित भर्ती, आउटसोर्सिंग, संविदा, स्वत: रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, मानव दिवस, अप्रेंटिस व निजी क्षेत्र शामिल है। सरकार की इस पहल के तहत सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को एक निर्देश जारी किया है। इस निर्देश में सरकारी नौकरियों के अलावा, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिसशिप के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने की नवीनतम स्थिति से सभी विभागीय अफसरों को अवगत कराना होगा। राज्य में लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए एक ओर भर्ती बोर्डों के जरिए सरकारी नौकरियों के लिए पद भरे जा रहे हैं तो दूसरी ओर एमएसएमई व अन्य विभागों के जरिए भी स्वरोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा ऋण मेले लगाकर लोगों को स्वरोजगार के लिए भी ऋण मुहैया कराया जा रहा है। सरकार बनने के सौ दिनों के भीतर 16 हजार करोड़ रुपए का ऋण 1.90 लाख इकाइयों को मुहैया कराया गया। इस ऋ ण से एमएसएमई सेक्टर में लोगों को रोजगार मिला। इसके अलावा सरकार ने सेवा मित्र पोर्टल के जरिए भी लोगों को रोजगार मुहैया कराने की पहल की, सरकार के इन प्रयासों के बाद भी तय लक्ष्य के मुताबिक् लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा सका। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोजगार मिशन को तेज करने का फैसला करते हुए रोजगार मुहैया कराने में अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी जिसके तहत अब तय हुआ है कि विभागीय अधिकारी रोजगार मुहैया कराने की सारी जानकारी सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध कराएंगे। इसमें कितने पद रिक्त हैं और तय माह में कितने प्रतिशत पद भर लिए गए इसकी भी जानकारी देनी होगी।

# जुलाई में 13974.82 करोड़ का आया राजस्व

## ● जुलाई 2021 की तुलना में मुख्य कर करेत्तर राजस्व में 1318.97 करोड़ की वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के जुलाई में कुल 13974.82 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2021-22 के जुलाई में 12655.85 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष जुलाई की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष जुलाई में 1318.97 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत जुलाई 2022 में कुल 5043.90 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष जुलाई 2021 के माह में प्राप्ति 4697.99 करोड़ थी। जुलाई 2022 में निर्धारित जीएसटी में राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 6452.55 करोड़ के सापेक्ष 78.2 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। वैट के अन्तर्गत जुलाई 2022 में 2535.32 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जुलाई 2021 में प्राप्ति 2328.34 करोड़ थी। इस मद में जुलाई 2022 में निर्धारित लक्ष्य 3080.66 करोड़ के सापेक्ष 82.3 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। श्री खन्ना ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत जुलाई 2022 में कुल 3260.84 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जुलाई 2021 में प्राप्ति 2795.49 करोड़ थी। आबकारी मद में जुलाई 2022 में राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 4666.52 करोड़ के सापेक्ष 69.9 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। इसी प्रकार स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत जुलाई 2022 की राजस्व प्राप्ति 2285.42 करोड़ हैं जबकि जुलाई 2021 में प्राप्ति 2089.9 करोड़ थी। इस मद में जुलाई 2022 में प्राप्ति लक्ष्य 3197.80 करोड़ के सापेक्ष 71.5 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत जुलाई 2022 की राजस्व प्राप्ति 694.74 करोड़ है जबकि जुलाई 2021 में प्राप्ति 612.07 करोड़ थी। परिवहन मद में जुलाई 2022 में राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 870.97 करोड़ के सापेक्ष 79.80 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व प्राप्ति की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत जुलाई 2022 में प्राप्ति 154.60 करोड़ है जबकि गत वर्ष जुलाई 2021 में प्राप्ति 132.67 करोड़ थी। इसके अन्तर्गत जुलाई 2022 में राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 267.30 करोड़ के सापेक्ष 57.8 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्य कर राजस्व के अन्तर्गत जीएसटी के अन्तर्गत जुलाई 2022 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 31789.33 करोड़ के सापेक्ष 22086.08 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 69.5 प्रतिशत है। वैट के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के जुलाई तक निर्धारित लक्ष्य 9530.53 करोड़ के सापेक्ष 9002.35 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 94.5 प्रतिशत है।

श्री खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल पर लगने वाले प्रति लीटर वैट की दर देश के अन्य राज्यों की तुलना में कम है। वर्तमान में प्रदेश में पेट्रोल पर वैट 15.08 प्रति लीटर एवं डीजल पर वैट 12.76 रूपए प्रति लीटर है। कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित हुई। प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों का प्रबन्धन बेहतर रहा जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश की आर्थिक गतिविधियाँ निरन्तर बेहतर हो रही हैं।

# कम बारिश से किसानों के नुकसान का आकलन शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कम** और देर से बारिश के चलते किसानों को फसल के नुकसान की भरपाई के लिये सरकार सक्रिय हो गई है। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों से नुकसान का आंकलन कराकर इस बारे रिपोर्ट मांगी है। समझा जाता है कि जिलों से रिर्पोर्ट आने के बाद सरकार किसानों को राहत देने के लिये कोई न कोई ठोस रास्ता निकालेगी। यूपी के पैसठ से ज्यादा जिलों में बहुत कम बारिश हुई है। जिसमे दो दर्जन से अधिक जिले ऐसे है, जिनमे दस फीशदी से भी कम बारिश हुई है। इसके अलावा बीच जिले है जिनमें दस से अधिक और बीस फीशदी से कम बारिश हुई है। वाराणसी और आगरा मात्र सहित तीन ही जिलें ऐसे है, जिनमे सामान्य से अधिक बारिश हुई है। सीएम योगी ने पिछले दिनों राज्य के अनेक जिलों में बारिश न होने और सूखा के हालात बनने पर बैठक की थी, जिसमे उन्होने कहा था कि वैसे से नहरों और नदियों की वजह से पर्याप्त सिचाई की व्यवस्था होने के कारण राज्य में बहुत ज्यादा खराब स्थित नही है,लेकिन सरकार किसानों को किसी भी तरह का नुकसान नही होने देगे। सीएम के इन्ही निर्देशों के चलते आपदा राहत विभाग की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर किसानों के फसल के नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट मांगी गई है। विदित हो कि जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किये बिना किसी भी जिलें को आपदा मोचक निधि से आर्थिक मदद नही दी जा सकती। जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिये सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केन्द्र सरकार ने मापदंड तय कर रखे है। इन मापदंडों पर खरा उतरने के बाद ही किसी जिलें को राज्य सरकार सूखाग्रस्त घोषित कर सकती है। दरअसल राज्य सरकारें पहले जिलों को डीएम की रिपोर्ट के आधार पर सूखाग्रस्त घोषित कर देती थी। जिससे निधि को दुरुप्रयोग रोकने के लिये सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मापदंडों का निर्धारण किया गया था। नियमों के चलते यूपी सरकार भी किसी जिलें को सूखाग्रस्त घोषित नही कर सकी है। जानकारों का कहना है कि किसानों को लेकर सीएम योगी के रुख को देखते हुये राज्य सरकार किसानों के फसल के नुकसान का आंकलन करा रही है।

# हस्तिनापुर से किसानों को साधेगी भाजपा

## ● 3 दिन जुटेंगे भाजपा किसान मोर्चा के दिग्गज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के किसानों को साधने के लिए बीजेपी प्रदेश किसान मोर्चा ने जनपद मेरठ के हस्तिनापुर को चुना है। हस्तिनापुर में तीन दिन एकत्रीकरण होकर भाजपा किसान मोर्चा किसानों में पैठ बनाने की रणनीति तय करेगी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के किसान मोर्चा के समस्त प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चे के 6 क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं किसान मोर्चे प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष हस्तिनापुर में 5, 6 एवं 7 अगस्त आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में एकत्र होंगे। भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करेंगे, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा मोर्चे के पदाधिकारियों को संगठनात्मक गुणों पर चर्चा करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी भाजपा उत्तर प्रदेश श्री राधा मोहन सिंह का मार्गदर्शन तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश मंत्री संजय रॉय सहित भाजपा प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी रहेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया जाएगा। भाजपा किसान मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल सिंह ने बताया गया कि भाजपा 2024 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2014 जैसा रिजल्ट चाहती है। इसलिए इस प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन मेरठ हस्तिनापुर में किया जा रहा।

# पीडब्लूडी क्लर्क की रहस्यमय हालात में हुई मौत के मामले की हो निष्पक्ष जांच: कांग्रेस

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस ने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में लिपिक विपिन सिंह की रहस्यमय हालात में हुई मौत के मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता ने अशोक सिंह ने कहा कि विपिन सिंह की संदिग्ध मौत हो जाती है जबकि उनके साथ कार्यालय के दो और सहयोगी कर्मचारी भी वहां मौजूद थे। ऐसे में अनेकों सवाल खड़े होते हैं कि उन्होंने मृतक के परिजनों को सूचना क्यों नहीं दी। कार्यालय के सुरक्षाकर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। उन्होंने कहा कि यदि यह कोई साधारण मामला नहीं है तो इस घटना में भ्रष्टाचार भी एक गंभीर मामला हो सकता है। मृतक के परिजनों को न्याय प्राप्त हो सके इसके लिए निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर सके।

# ऐसी कोई सरकार नहीं जो जनहित में पूरी गंभीरता से कार्य करे: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आज देश में कड़वी वास्तविकता यही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं दिखती है जो महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी के अलावा जनहित व जनकल्याण के सम्बंध में पूरी गंभीरता व ईमानदारी के साथ काम करने की स्थिति में है। इसीलिए नये भारत की नई सुन्दर तस्वीर बनकर कोई राज्य नहीं उभर पा रहा है। उक्त उद्गार गुरुवार को हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में व्यक्त किया। पार्टी कार्यालय पर राज्यों की पूरे दिन चली अहम बैठक में मायावती ने पाया कि ख़ासकर घनी आबादी वाले हरियाणा, मध्य प्रदेश एवं यूपी आदि राज्यों का नाम आते ही वहाँ व्याप्त अति-गरीबी, बेरोजगारी, जातिवादी व साम्प्रदायिक तनाव-हिंसा आदि की दु:खद तस्वीर सामने आ जाती है। जबकि यहाँ इन राज्यों में वर्षों से कथित डबल इंजन की सरकारें होने के कारण उन राज्यों में बहुप्रचारित सरकारी विकास व स्मार्ट राज्य के सुखद जीवन की सुनहरी तस्वीर लोगों के सामने उभर कर आनी चाहिए थी। मायावती ने कहा कि पहले कांग्रेस के समय में जातिवाद, भ्रष्टाचार व द्वेष आदि का अभिशाप देश को खोखला कर रहा था, परन्तु अब उसमें साम्प्रदायिक हिंसा-तनाव तथा सरकारी विद्वेष आदि भी बड़े पैमाने पर शामिल हो गया है, तो फिर ऐसे में देश के विकास के लिए जरूरी हिंसा व तनाव-मुक्त व्यवस्था का माहौल कहाँ से पैदा होगा? मायावती ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान सरकार में बहुमूल्य राष्ट्रीय सम्पत्तियों का जिस धड़ल्ले के साथ निजीकरण किया जा रहा है वह देश की बुनियाद को खोखला करने जैसा ही घातक है। देश की पूंजी को बेच कर बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के सहारे देश की लगभग 130 करोड़ गरीब जनता को बेसहारा नहीं छोड़ देना चाहिए। बेरोजगारी व गरीबी मिटाना सरकारी मिशन के रूप में अपनाना बहुत ही जरूरी है, वरना देशहित के विरुद्ध इसके घातक परिणाम होंगे।

# गृह व दिव्यांगजन विभाग के बीच हुआ एमओयू



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज, लखनऊ के कैम्पस में स्थापित होने वाले राष्ट्रीय रक्षा विवि गांधीनगर, गुजरात के रीजनल सेन्टर-कैम्पस के स्थाई भवन का निर्माण होने तक डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में चिन्हित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के भवन को तीन वर्ष की अवधि के लिए निशुल्क लिए जाने के लिए गृह विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मध्य लोक भवन में एक एमओयू किया गया है। इस अवसर पर एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी, निदेशक, दिव्यांगजन एवं संशक्तीकरण विभाग सत्य प्रकाश पटेल, राष्ट्रीय रक्षा विवि के कैम्पस डायरेक्टर इन्जार्च नीरज कुमार, विशेष सचिव गृह राजेश कुमार राय उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों एवं पुलिस सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए दक्ष कर्मियों की उपलब्धता, शोध, प्रशिक्षण एवं आंतरिक बाह्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के दृष्टिगत भारतीय संसद द्वारा वर्ष 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा विवि की स्थापना की गयी है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को सुरक्षा बल के लिए तैयार करना है।

# अखिलेश 9 को कन्नौज से करेंगे 'हर घर फहरे राष्ट्रध्वज तिरंगा' अभियान की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव 9 अगस्त क्रांति दिवस पर कन्नौज की तिर्वा तहसील के गांव झउवा में गांव के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज प्रदान करने के साथ सपा के 9 से 15 अगस्त तक हर घर फ हरे राष्ट्रध्वज तिरंगा अभियान की शुरुआत करेंगे। यादव हर नागरिक से अपने-अपने आवास पर 15 अगस्त को झंडारोहण की अपील भी करेंगे। झउवा गांव में हर परिवार को खादी से बना राष्ट्रध्वज प्रदान करेंगे और क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारीजनों से भी भेंट कर उनका सम्मान करेंगे। झउवा गांव में समाजवादी सरकार के समय सीसी रोड़ के निर्माण के अलावा स्कूलों में आर ओ वॉटर की व्यवस्था हुई थी। गांव में एलईडी बल्व लगाए गए थे। इनके अतिरिक्त अन्य सभी विकासकार्य भाजपा सरकार की उपेक्षा के चलते बर्बाद हो गए हैं। यादव ने इस पर चिंता और दुख जताया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा 9 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा ध्वज फ हराने की सभी से अपील की है। 8 अगस्त 1942 को बंबई में विशाल जनसमुदाय के समक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' का प्रस्ताव रखने के साथ देश को 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। 9 अगस्त 1942 से प्रारम्भ अंग्रेजो भारत छोड़ो जनआंदोलन में हजारों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि 9 अगस्त 1942 का दिन राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक दिवस है।

# महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस आज करेगी राजभवन का घेराव

**लखनऊ।** देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस शुक्रवार को राजभवन का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि देश के ग्रामीण एवं शहरी दोंनो क्षेत्रों के औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी का एक चरण देखा जा रहा है। इसके अलावा, विवादास्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गयी अग्निपथ योजनाएं जिसमें कई जोखिम हैं, जिसने न केवल सशस्त्र बलों की लंबे समय से चली आ रही परंपराओं और लोकाचार को ही नहीं नष्ट किया बल्कि लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षाओं को भी नष्ट कर दिया है। जबसे संसद का मानसूत्र सत्र शुरू हुआ है कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं रिकार्ड तोड़ महंगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है।

# ओडीओपी उत्पाद और अधिक आकर्षक पैकेजिंग में होंगे उपलब्ध: सहगल

## ● इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के विशेषज्ञ कारीगरों को सिखाएंगे पैकिंग के गुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजमगढ़** की ब्लैक पॉटरी, वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी, फि रोजाबाद का ग्लासवेयर, बांदा का शजर स्टोन तथा मुरादाबाद के ब्रासवेयर अब ग्राहकों को और बेहतर डिजाइन एवं आकर्षक पैकेजिंग में मिलेंगे। यह उत्पाद एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत चयनित है। इनकी देश-विदेश में भारी मांग। इन जिलों के कारीगरों को उत्पादों को नई डिजाइन विकसित करने और आकर्षक पैकेजिंग के साथ प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एसीएस एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत चिन्हित उत्पादों की डिजाइन और पैकेजिंग आकर्षक बनाने के लिए ओडीओपी एवं इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग (आईआईपी) के बीच समझौता हुआ है। देश-विदेश के ग्राहकों का ओडीओपी उत्पादों के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए उत्पादों की पैकेजिंग गुणवत्ता एवं डिजाइन में सुधार कर उत्पादों को निर्यातमुखी बनाया जायेगा। इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के विशेषज्ञ प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कार्यशाला आयोजित कर कारीगरों एवं उद्यमियों को पैकेजिंग का गुर सिखायेगें। पायलेट प्रोजेक्ट के तौर प्रशिक्षण का कार्यक्रम आगामी 22 अगस्त प्रदेश के पांच जनपदों में शुरू किया जायेगा। इसके बाद पूरे प्रदेश में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। सहगल ने बताया कि प्रत्येक जिले में कोई न कोई उत्पाद अपनी खुबियों के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक कारीगरों को उत्पादों की बिक्री के उचित प्लेटफार्म प्राप्त न होने से उनका दायरा सीमित था।

यूपी की ओडीओपी योजना ने प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को एक नई पहचान दी है और स्वरोजगार के नए अवसरों का सृजन किया है। आज के नए दौर में उत्पादों की पैकेजिंग बहुत मायने रखती है।

# ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, खजूर, एपल बेर फसलों का गुणात्मक उत्पादन किया जाए

## ● प्रत्येक विकासखण्ड में एक बागवानी मॉडल गांव विकसित किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में औद्यानिक विकास के लिए रणनीति तैयार करने के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन उद्यान निदेशालय के सभागार में की गयी। उद्यान मंत्री द्वारा निर्देश दिये गये कि विभागीय प्रक्षेत्रों एवं राजकीय पौधशालाओं की शत-प्रतिशत भूमि का उपयोग करते हुए गुणवत्तायुक्त सब्जी, बीज तथा फलों के उत्कृष्ट पौधे तैयार किये जाएं। समस्त उत्पादन इकाईयों की जिम्मेदारी तय की जाए जिससे किसी भी इकाई की बैलेन्सशीट घाटे में न हो। विभागीय प्रक्षेत्रों पर उच्च गुणवत्ता के सब्जी, बीज उत्पादन का कार्यक्रम बढ़ाया जाए जिससे विभाग के बीज विधायन केन्द्र, बस्ती व अलीगंज लखनऊ का पूर्ण क्षमता के साथ उपयोग हो। विभाग की रिक्त उपजाऊ भूमि पर आलू बीज उत्पादन कार्यक्रम को बढ़ाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि विभागीय परिसम्पत्तियों के लिए पंजिका अनुरक्षित की जाए तथा विभाग में स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराने के लिए अनुबंध पत्र अवश्य तैयार कराये जाए और निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्य को पूर्ण किया जाए। उद्यान मंत्री ने निर्देश दिये कि प्रदेश की मांग के अनुरूप टमाटर व प्याज का उत्पादन किया जाए ताकि इन उत्पादों में आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषी कार्यक्रमों के अंतर्गत ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, खजूर, एपल बेर, तुलसी आदि फसलों का क्षेत्र विस्तार एवं गुणात्मक उत्पादन को प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता है इसलिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों तक बागवानी विकास के कार्यक्रमों को पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में एक बागवानी मॉडल गांव विकसित किया जाए जहां आधुनिक तकनीक प्रदर्शित हो सकें और आस-पास के बागवान प्रेरित होकर हाईवैल्यू फसलों को अंगीकृत कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। श्री सिंह ने निर्देशित किया कि औद्यानिक विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और योजनाओं के अंतर्गत अनुमन्य अनुदान के अतिरिक्त कृषक अंश की सहभागिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाए। पारदर्शिता के दृष्टिकोण से विभाग में निवेशों के आपूर्ति एवं अन्य कार्यों के लिए विभागीय कार्मिकों के संबंधियों की प्रतिभागिता को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए और अपेक्षित प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए। विभागीय योजनाओं के अपेक्षित प्रभाव के अध्ययन के लिए थर्ड पार्टी मूल्यांकन कराये जाने का निर्णय लिया गया ताकि योजनाओं की ग्राह्यता में अपेक्षित सुधार किया जा सके। प्रमुख सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग राजेश कुमार सिंह द्वारा समस्त संबंधित को निर्देश दिये गये कि विभागीय योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन से समन्वय करते हुए अन्य योजनाओं से डबटेलिंग करायी जाए और बागवानी विकास के सभी आयामों को समेकित रूप से लागू किया जाए। बैठक में विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग संदीप कौर सहित वरिष्ठ अधिकारी, मण्डलीय उपनिदेशक उद्यान एवं जनपदीय उद्यान अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# त्यागी बाबा व कांवड़ियों के स्वागत की व्यवस्थाएं अंतिम पड़ाव पर

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**विगत दो** दशकों से सीतापुर जनपद के प्रसिद्ध संत त्यागी त्यागी बाबा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था रतनगंज से कांवड़ में जल भरकर जलाभिषेक करने के लिए भोले की नगरी छोटी काशी के नाम से विख्यात पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकरण नाथ स्थित शिव मंदिर पहुंचते हैं। वैसे तो पूरे सावन भर कांवरियों के छोटे-छोटे समूह डीजे की धुन पर नाचते गाते गोला गोकरण नाथ, जंगली नाथ व अकबरपुर के निकट सूर्यकुंड के नाम से विख्यात कामेश्वर नाथ आदि मंदिरों के लिए निकलते रहते हैं। किंतु जिस दिन जनपद के महान संत त्यागी बाबा रतनगंज स्थित शारदा नदी से अपने हजारों भक्तों के साथ जल लेकर गोला गोकरण नाथ की



तरफ कूच करते हैं, तो लगता है मानो गाँजरी क्षेत्र का हर बच्चा बच्चा भगवा चोला पहनकर सड़कों पर एक ऐसा मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है कि जैसे सड़कें भगवामयी हो गई हो। संगीत की धुन पर हर हर महादेव, जय भोले, बम भोले, बोल बम के नारे लगाते हुए हजारों की संख्या में श्रद्धालु त्यागी बाबा का अनुसरण करते हुए जब छोटी काशी की तरफ रवाना होते हैं तो उनका एक रात्रि का पड़ाव स्थानीय खेमकरन इंटर कॉलेज में होता है जहां पर समाज की पंजीकृत संस्था शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विशाल भंडारे का आयोजन कर गुजरने वाले प्रत्येक कांवरिया का भव्य स्वागत सत्कार करते हैं। क्योंकि जनपद की सबसे बड़ी व महत्वपूर्ण कांवड़ यात्रा होने के चलते जिला प्रशासन व स्थानीय तहसील प्रशासन भी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाने के लिए रात दिन तत्पर दिखाई देते हैं। यात्रा से लगभग एक पखवारा पूर्व ही जिलाधिकारी अनुज सिंह पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान स्थानीय प्रशासन के साथ जनपद की सीमा से खेमकरन इंटर कॉलेज होते हुए रतनगंज तक मार्ग का व व्यवस्थाओं का अवलोकन कर चुके हैं। साथ ही अपने अधीनस्थों को बेहतर व्यवस्था प्रस्तुत करने के निर्देश भी दे चुके हैं। विगत 2 वर्ष पूर्व कोरोना काल के चलते जहां यह कावड़ यात्रा नहीं हो पाई थी, वहीं इस बार कावड़ यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसके चलते इस बार त्यागी बाबा के साथ कांवरियों की संख्या 50 हजार के ऊपर भी हो सकती है। व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बेहतर करने में जहां शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी विगत 1 सप्ताह से लगे हुए हैं वही स्थानीय प्रशासन उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्र के नेतृत्व में भी अपनी महती भूमिका निभा रहा है। वही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल भी अपनी टीम के साथ नगर की समस्त सड़कों की साफ-सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करते नजर आ रहे हैं।

## राकेश राठौर ने किया मोहल्लों का निरीक्षण

**सीतापुर।** सदर विधायक/नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने मोहल्ला पूर्णागिरि व खूबपुर का निरीक्षण किया। बरसात में यह मोहल्ले हो जाते हैं पूरी तरह जलमग्न, जिसकी शिकायत मोहल्ले वासियों ने सदर विधाय/ नगर विकास मंत्री राकेश राठौर से की थी, नगर विकास मंत्री ने गुरूवार को इन मोहल्लों का निरीक्षण कर मोहल्ले वासियों से की मुलाकात, मोहल्ले वासियों को जल्द ही समस्या से निजात दिलाने का दिया आश्वासन, कहा जल्द ही बनेगी आप की सड़कें, पूर्णागिरि मोहल्ले वासियों ने कहा कि यह मोहल्ला नहीं आता है नगरपालिका में जिसके बाद मंत्री राकेश राठौर ने कहा हमारी विधानसभा में तो आता है यह मोहल्ला, आप सभी भाजपा का चुने चेयरमैन जब सरकार रहेगी भाजपा की, चेयरमैन रहेगा भाजपा का तभी हो सकेगा विकास, हम तो दर्द जानते हैं दर्द है तो नगरपालिका बदलिए, बदलिए चेयरमैन।

## क्विक न्यूज

### मिश्रिख सांसद के पिता का बीमारी के चलते हुआ निधन अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**सीतापुर।** सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक कुमार रावत के पिता गोवर्धन लाल वर्मा कामंगलवार बीती रात 11 बजे लखनऊ में निधन हो गया वे पिछले माह से अस्वस्थ चल रहे थे, लगभग 75 वर्ष के थे उनका शव उनके पैतृक गांव हरदोई जनपद के शाहपुर अतिया लाया गया जहां अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव शाहपुर अ टिया हरदोई मैं संपन्न हुआ उनके अंतिम दर्शन हेतु भारी भीड़ उमड़ी भाजपा नेता , मंत्री, विधायक, ब्लॉक प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की उसमें मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव सिधौली विधायक मनीष रावत भाजपा नेता महमूदाबाद मोहन प्रसाद बारी ,मुनेंद्र अवस्थी ,आनंद रावत , पप्पू रावत, आदित्य अवस्थी, दीपू अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ,प्रदीप दीक्षित ,सुनील कश्यप आशीष कुमार, सियाराम अनुराग मिश्रा, विपिन कुमार, देवेंद्र नंद ज़ूदन रावत ,रंजीत रावत आदि ने पहुंचकर परिजनों को दुख सहन करने की सांत्वना दी वा श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**बरेली ।** ट्रेन की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में धनेटा रेलवे फाटक के पास आज सुबह 60 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई स्थानीय लोगों ने बताया कि बुजुर्ग काफी देर से रेलवे लाइन के इर्द-गिर्द टहल रहा था वह नेकर और सफेद बनियान पहने था उसके सिर में गमछा बंधा हुआ था ट्रेन आने पर वह ट्रेन के आगे से रेलवे लाइन पार करने लगा और ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी शव की शिनाख्त नहीं कर सका तब शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### दुकानदार से हुई लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**बरेली।** दुकानदार से हुई लाखों की लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार बदमाशों में से एक दुकानदार का ही नौकर है गिरफ्तार दोनों बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव टीसुआ निवासी बशीर खान से हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज बशीर खान की दुकान पर काम करने वाले नौकर फतेहगंज पूर्वी के शिवनगर निवासी विजय पुत्र धर्मपाल जाटव और उसके साथी फतेहगंज पूर्वी के गांव तारखास गोटिया निवासी गगन उर्फ गोला उर्फ गोलू पुत्र श्याम पाल उर्फ पप्पू बाल्मीकि को फतेहगंज पूर्वी के गांव गलथूआ जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार 19 जुलाई को बशीर खान अपने नौकर विजय के साथ शाम को दुकान बंद करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे मोटरसाइकिल उनका नौकर विजय चला रहा था बशीर खान पीछे बैठे हुए थे और उनके हाथ में नोटों से भरा बैग था कुछ दूर चलने के बाद अचानक मोटरसाइकिल पर आए बदमाश ने उसके सिर पर डंडा मार दिया वह जमीन पर गिर पड़ा और बाइक सवार बदमाश उसके हाथ से 4 लाख 90 हजार रुपए से भरा बैग नोटों से भरा बैग और महत्वपूर्ण प्रपत्र लेकर फरार हो गया घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस को बाइक चला रहे बशीर खान के नौकर विजय पर शक हो गया जो घटना के दौरान लगातार फोन पर बात कर रहा था जांच के बाद पुलिस ने आज विजय और उसके साथी गगन को गिरफ्तार कर लिया उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए 418700 रुपए बैंकों की पासबुक एटीएम कार्ड व अन्य महत्वपूर्ण प्रपत्र बरामद कर लिए गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा ।

### बैठक में सेवानिवृत्त साथियों ने लिखकर दीं समस्याएं

**बरेली ।** सेवानिवृत्त राजस्व परिवार एसोसिएशन बरेली की मासिक मीटिंग सेठ दामोदर स्वरूप पार्क मे की गई बैठक मे सेवानिवृत्त साथियों की समस्याओ को लिखकर लिया गया तथा अशोक कुमार सक्सेना जो 27 जुलाई 2022 को दिवंगत हुए है। संघ ने दो मिनट का मौन धारण किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता राकेश चन्द्र सक्सेना ने की बैठक मे नरेश पाल शर्मा मंत्री , राकेश बाबू गुप्ता कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे आज विजय पाल साहू व अजित बाबू व अशोक कुमार सक्सेना ने संघठन की सदस्यता प्राप्त की सभी उपस्थित साथीयो ने अपने अपने विचार व्यक्त किये । संघ की प्रत्येक महा के प्रथम रविवार को मीटिंग होती है। इस वार सावन के कारण बुधवार को मीटिंग की गई नये सदस्यो का मीटिंग मे स्वागत किया गया संघ मे 62 सदस्य है । सदस्यों ने अपनी अपनी समस्या लिख कर दी।

# पशुबाड़ा का निकल गया पैसा, दिए गए जांच के निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

● **एनसीपी जिलाध्यक्ष प्रवीन सिंह ने की थी लाभार्थी की तरफ से शिकायत**

**लोकपाल मनरेगा** डा. अरविन्द प्रताप सिंह यादव ने बताया कि जनपद सीतापुर विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत काजीपुर मजरा ग्राम फुक्रनापुरवा निवासी शान्ती देवी पत्नी प्रताप को वर्ष 2019-20 में कैटल सेट का लाभ सरकार द्वारा दिया गया था जिसे धरातल पर बिना बनवाये फर्जी तरीके से बगैर सामग्री अंश 81373.10 और, मजदूरों का भुगतान करवाकर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा षडयन्त्र के तहत सरकारी धन का दुरूपयोग व बन्दरबांट किया गया जिसकी शिकायत लाभार्थी को उसका लाभ व अधिकार दिलाने के लिए प्रवीन कुमार सिंह (एन0सी0पी0) जिलाध्यक्ष सीतापुर व लाभार्थी/प्रार्थी शान्ती देवी पत्नी प्रताप ने स्वयं लोकपाल मनरेगा डा. अरविन्द प्रताप सिंह यादव के पास की थी। जिसके क्रम में लोकपाल मनरेगा डा. अरविन्द प्रताप सिंह यादव द्वारा 13 जून 2022 को स्थलीय जांच की गयी जिसमें मौके पर नीव भरी मिली उसमें तीन गाये तेज धूप में बंधी मिली थी प्रार्थिनी शान्ती देवी पत्नी प्रताप ने अपने बयान में बताया था कि यह नीव हमने अपनी भैस बेंचकर बनवायी है इसी क्रम में ग्राम पंचायत काजीपुर के अन्य पशुबाडे की जांच की गयी जो मानक के अनुसार नही बने मिले जिसके क्रम में लोकपाल ने खण्ड विकास अधिकारी सकरन को 15 जून व 20 जून को सम्बन्धित कार्मिक/कर्मचारी को साक्ष्य व स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को देने के लिए अपने स्तर से निर्देशित करने के लिए पत्र प्रेषित किया जिसके क्रम में 20 जून 2022 को तकनीकी सहायक छैल बिहारी ने अपने अंकित बयान में बताया कि कार्यस्थल पर निर्माण सामग्री ग्राम पंचायत सचिव तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा एकत्र की गयी थी परन्तु ग्राम प्रधान एवं लाभार्थी के मध्य विवाद हो जाने के कारण कैटलसेट निर्माण कार्य शुरू करने के लिए तकनीकी सहायक को पैसा देने की बात कही मैने 07 मई 2022 व 27 मई 2022 को व 30 मई 2020 को गूगल पे माध्यम से 50000 रूपये उपलब्ध कराया किन्तु आपके निरीक्षण के समय तक तकनीकी सहायक के माध्यम से कोई कार्य शुरू नही किया गया मुझे राजनीतिक कारण बनाकर शिकायतों द्वारा सिर्फ परेशान किया जा रहा है जिसमे प्रार्थिनी के पति प्रताप ने अपने बयान में बताया दिनांक 08.07.2022 तक मुझे कोई पैसा व सामग्री किसी के द्वारा नहीं दी गयी तत्कम में दोनों पक्षों ने लोकपाल मनरेगा को दिनांक 11 जुलाई 2022 को अपना सामूहिक समझौता बयान दिया जिसमे शिकायतकर्ता की सन्तुष्टि हेतु अपना 40000 रू0 मौजूदा प्रधान व शेष पैसा तकनीकी सहायक व मेरे द्वारा नियम 07 दिवस में दिया जायेगा जिससे लाभार्थी का मानकानुसार निर्माण कराया जा सके। जिसकी देखरेख तकनीकी सहायक द्वारा की जायेगी इसी क्रम में लोकपाल मनरेगा द्वारा पूर्व प्रधान के पुत्र जितेन्द्र कुमार व तकनीकी सहायक छैल बिहारी लाभार्थी शान्ती देवी के पति प्रताप से फोन द्वारा कई बार जानकारी ली गयी जिससे पशुबाडा नही बन पाने की जानकारी दी सभी एक दूसरे पर टालने की बात की जिसमे स्थलीय जांच व अभिलेखानुसार सम्बन्धित दोषियों पर मनरेगा एक्ट के अनुसार एसओपी के तहत कार्यवाही कराने के लिए जिलाधिकारी सीतापुर को व मनरेगा उ0प्र0 शासन लखनऊ प्रेषित कर दिया गया जिसमें डा0 अरविन्द प्रताप सिंह यादव कहा कि मनरेगा में भ्रष्टाचारियों पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा में भ्रष्टाचार, घोटाला आदि की सूचना जनपद का कोई भी नागरिक मो0नं0 9452309610 पर सम्पर्क कर विकास भवन कमरा नम्बर 102 में अपनी लिखित शिकायत कर न्याय पा सकता है।

# उफनाने लगी नदियां, अब ग्रामीणों को सताने लगी चिंता

**सीतापुर।** तहसीलदार बिसवां अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम गोलोककोडर के मजरे गारगीपुरवा, पासिनपुरवा एवं परमेश्वरपुरवा, लोधपुरवा का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं स्थानीय निवासियों से संवाद भी स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि पासिनपुरवा के बम्बू क्रेट्स स्थल से ऊपरी भाग में कृषि भूमि का कटान हो रहा है किन्तु आबादी अभी सुरक्षित है। फ्लड फाइटिंग के सिंचाई विभाग को सूचित किया गया है। गारगीपुरवा के गड्ढों व निचली भूमि में बरसात व नदी का पानी भरा है लेकिन इससे जनजीवन प्रभावित नहीं है। राशन आदि की कोई समस्या नहीं है, स्थिति सामान्य है। भाईलाल, रामनरेश, जगदीश आदि निवासीगण पासिनपुरवा व परमेश्वरपुरवा आदि नदी के निकटस्थ झोपड़ियों वाले ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं को जाना गया। गारगीपुरवा से लोधपुरवा जाने वाले संपर्क मार्ग खड़ंजे में तालाब गड्ढे के पास जलभराव है। यहाँ पर ईंट, रोड़ा और मिट्टी पटान की आवश्यकता है, इसका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परमेश्वरपुरवा में आबादी में जलभराव की समस्या नहीं है। लोगों से बात की गयी। राशन भी उपलब्ध हो रहा है। कुछ लोगों द्वारा राशन कार्ड की समस्या बतायी गयी जिसे कैम्प लगाकर समाधान कराया जा रहा है। किसी भी ग्राम में विस्थापन की स्थिति नहीं है। भाईलाल की झोपड़ी से नदी अभी 40 मीटर दूर है और कटान नहीं है, फिर भी उन्हें उनके मारूबेहड़ स्थित अन्य मकान में शिफ्ट करा दिया गया है। कोई असुरक्षा की स्थिति नहीं है। गारगीपुरवा में घड़ियाल 03 दिन से लगातार नदी की सतह पर दिख रहा है लेकिन इससे कोई समस्या अभी तक नहीं है। वन क्षेत्राधिकारी को सूचित किया गया है एवं उनकी टीम कल विजिट की थी, लोग सतर्क हैं। बाढ़ जैसी स्थिति किसी भी ग्राम/मजरे में नहीं है एवं न आबादी प्रभावित है। कृषि भूमियाँ कुछ मजरों में प्रभावित हैं। लेखपाल से स्थलीय निरीक्षण के आधार पर सूचना ली जा रही है एवं नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

# हर घर तिरंगा को लेकर बैठक में किया गया मंथन



**निघासन/सिंगाही।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक का आयोजन कस्बे की स्व. राम चरन शाह समाधि बाग में किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी सुपुत्र डीसीबी के संचालक डा. अभिमन्यु मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होने ने दुर्गा माता मंदिर में चल रहे एकल विद्यालय के प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विकास दत्त मिश्र, बीजेपी नेता त्रिलोकीनाथ देवड़िया, सालिकराम मिश्र, उमाशंकर शुक्ल, लक्ष्मीनरायन वर्मा, श्याम मोहन दीक्षित, राजेंद्र गुप्ता, मगन मिश्रा, मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता व गौरव पटेल सहित तमाम बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईसानगर में चलाया जागरूकता अभियान

**लखीमपुर खीरी।** एनडीआरएफ वाराणसी की 11डी टीम ने मिर्जापुर मल्लापुर, रानीबेहर, सरैयांकला इत्यादि बाढ़ प्रभावित गावों का दौरा किया तथा जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सभागार ईसानगर में किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए हुए ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों, पंचायत मित्रों, आपदा मित्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दिया। एनडीआरएफ कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ 11डी टीम ने जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों से आपदा प्रबंधन व जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। टीम ने सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, भूकम्प से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को एस्टेबलाइज करना व पीड़ित की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया।

## डेंटल सर्जन ने पढ़ाया दंत समस्या समझने का पाठ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**कम्युनिटी हेल्थ** आफीसर की मासिक समीक्षा बैठक गुरुवार को सीएमओ आफिस सभागार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। समीक्षा बैठक में दांतो की समस्याओं को लेकर रीजनल मैनेजर लखनऊ डेंटल सर्जन डा. अंकिता द्वारा सभी सी एच ओ को विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, एचडब्ल्यूसी नोडल डा. बीसी पंत, रीजनल मैनेजर लखनऊ अनूप श्रीवास्तव, डीपीएम अनिल कुमार यादव और डैम सतपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

जानकारी देते हुए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. बीसी पंत ने बताया कि फरधानए बांकेगंजए ईसानगर के समस्त सीएचओ की मासिक समीक्षा बैठक की गई है। जिसमें डेंटल हाइजीन के बारे में रीजनल मैनेजर लखनऊ डेंटल सर्जन डा. अंकिता



द्वारा विस्तार से सभी को बताया गया है। वर्तमान समय में दातों में हो रही विभिन्न समस्याओं को कैसे पहचाना जाए और इनका उपचार आसानी से किया जा सके इसे लेकर सभी सीएचओ को जानकारी दी गई है। किसानों ने यह भी बताया वर्तमान समय में लोग दांतो की सफाई पर विशेष ध्यान नहीं देते जो धीरे-धीरे दांतों की बड़ी समस्या में परिवर्तित हो जाता है और इसके बाद लोगों को डॉक्टर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। साथ ही समीक्षा बैठक में ईसंजीवनी पोर्टल सहित एनसीडी स्क्रीनिंग और ओपीडी सहित बीपीआई संबंधित पॉइंट पर विस्तार से चर्चा की गई है। ऑनलाइन पोर्टल पर लगातार अपडेट रहने के सभी को निर्देश दिए गए हैं। पोर्टल पर आ रही समस्याओं का समाधान भी किया गया है। इस दौरान सीएचओ विकास शर्मा, दीपा बोरा, हेमलता वर्मा, प्रीती भार्गव, विश्वजीत, रोजी और सोहन द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की प्रगति से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## मेला मैदान हुआ जलमग्न



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नालों की सफाई न होने के कारण मेला मैदान के मंदिर जाने वाले मार्ग व मिल जाने वाले डेवर्जन की तरफ जाने वाले रास्ते पानी से भरे हुए हैं। नगर पालिका प्रशासन किसी तरीके के रोकथाम में असफल नजर आ रहा है। जिस वजह से कांवड़ यात्रियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी कावड़ यात्री पानी के बीच से कांवर लेकर आ

● **कांवड़ यात्रियों को हो रही परेशानी**

जा रहे हैं नगर पालिका प्रशासन कोई भी ध्यान नहीं दे पा रहा है और वहीं पास जलकुंड होने में नालियों का गंदा पानी जलकुंड में भी जा रहा है जिसमें गोला की शान समझे जाने वाले शंकर जी की विशाल प्रतिमा स्थापित है।

## पेज एक का शेष

### नेशनल हेराल्ड मुद्दे पर...

तब ईडी ने राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को समन भेजा। वे दोपहर लगभग 12:20 बजे संसद से निकले और ईडी के समक्ष पेश हुए। मोदीशाही का स्तर हर दिन नीचे गिरता जा रहा है। सदन के नेता पीयूष गोयल ने खड़गे के आरोपों का प्रतिकार किया और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कामकाज में सरकार कभी भी दखल नहीं देती है। इसके बाद, कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों ने हंगामा आरंभ कर दिया। गोयल ने कहा कि यदि किसी ने कोई गलत काम किया है तो कानून अपना काम करता है। उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने का आग्रह किया लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी रहा।

दूसरी ओर, लोकसभा में भी नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर बृहस्पतिवार को जमकर हंगामा हुआ और कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा, वहीं शून्यकाल नहीं चल सका। एक बार के स्थगन के बाद दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के कुछ सदस्य आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सबसे पहले तख्ती दिखाई और उसके बाद कुछ अन्य सदस्य भी सदन में तख्तियां लेकर आ गए। पिछले सप्ताह जब सदन में कांग्रेस के चार सदस्यों का निलंबन वापस लिया गया था तो उस समय बिरला ने कहा था कि सदस्य आसन के निकट तख्तियां लेकर नहीं आएंगे। सोलंकी ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया। शोर-शराबा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति ने बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य ईडी की कार्रवाई तथा कई खाद्य वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाए जाने के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और आसन के निकट पहुंच गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य अपने स्थान पर जाते हैं और सदन चलने देते हैं तो 12 बजे के बाद उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। हालांकि, कांग्रेस के सदस्यों ने तत्काल अपना विषय उठाने पर जोर दिया और उन्होंने नारेबाजी जारी रखी। सदन में नारेबाजी के बीच ही बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। हंगामे के बीच सड़क परिवहन मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय और नागर विमानन मंत्रालय से जुड़े पूरक प्रश्न पूछे गए और संबंधित मंत्रियों ने उनके जवाब दिए।

### खड़गे की मौजूदगी में...

अपने बेटे की तरह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के पास भी कंपनी के 38 फीसदी शेयर हैं। हेराल्ड हाउस की चार मंजिला इमारत के प्रथम तल पर स्थित यंग इंडियन के एक कमरे के दफ्तर पर संघीय एंजेसी ने अस्थाई सील लगा दी थी ताकि सबूत सुरक्षित रहें। ताला लगे होने और अधिकृत प्रतिनिधि के उपलब्ध नहीं होने के चलते एजेंसी पिछले दो दिनों से तलाशी नहीं ले सकी थी। अधिकारियों ने कहा कि यंग इंडियन कार्यालय में तलाशी, जिस अभी तक रोका गया था, अब फिर से शुरू होगी और उपलब्ध संभावित सबूतों को एकत्र किया जाएगा। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र और वेब पोर्टल का कार्यालय, जहां कि संपादकीय विभाग के कर्मचारी और प्रशासनिक विभाग के कर्मचारी बैठते हैं, हेराल्ड हाउस के चौथे तल पर स्थित है। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र का प्रकाशन एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और इसका स्वामित्व रखने वाली कंपनी यंग इंडियन की ओर से किया जाता है। समाचार पत्र का कार्यालय एजीएल के नाम पर पंजीकृत है। इसके पहले ईडी ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड-एजीएल-यंग इंडियन सौदे से जुड़े धन शोधन जांच के मामले में हेराल्ड हाउस समेत दर्जनों स्थानों पर छापेमारी की थी।

### मोदी से नहीं डरता...

भाजपा के एक आरोप के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने कहा, भागने की बात कौन कर रहा है, भागने की बात वो कर रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, मेरा काम है देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश में सद्भाव को बरकरार रखना, वो मैं करता रहूंगा।

### शिंदे की याचिका पर...

पर सुनवाई कर रहा है। इस संकट से राजनीतिक दलों में विभाजन, विलय, दल-बदल और अयोग्य करार दिए जाने समेत कई संवैधानिक मुद्दे पैदा हुए हैं। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को पार्टी और उसके चुनाव चिह्न (धनुष और बाण) पर अपने-अपने दावों के समर्थन में आठ अगस्त तक दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया था। शिंदे गुट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर उसे लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा में दी गई मान्यता का हवाला देते हुए (मूल) शिवसेना का चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग की थी, तब ठाकरे गुट ने आयोग के समक्ष एक प्रतिवेदन दायर किया था।

### कुलदीप बिश्नोई पत्नी संग...

उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस तरह बिश्नोई भाजपा में शामिल हुए हैं ठीक उसी प्रकार भाजपा में भी उनमें समा जाएगी। धनखड़ ने उनका भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि वह बिश्नोई समाज के प्रमुख नेता हैं और भाजपा को इसका लाभ हरियाणा के साथ ही राजस्थान में भी मिलेगा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद बिश्नोई ने कहा कि उनका और भाजपा का चोली-दामन का साथ रहा है। उन्होंने कहा कि तीन साल तक उनकी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) का भाजपा के साथ गठबंधन रहा और इस दौरान कुछ मतभेदों को लेकर यह गठबंधन टूट गया लेकिन भाजपा के साथ कभी उनका मनभेद नहीं रहा।

### पाकिस्तान में 1200 साल ...

हाशमी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि हिंदू श्रद्धालुओं ने मंदिर पर कब्जा पाने के बाद से पहली बार उसमें धार्मिक अनुष्ठान किया और लंगर का आयोजन किया। प्रवक्ता ने कहा, वाल्मीकि मंदिर का आने वाले दिनों में मास्टर प्लान के अनुरूप पूरी तरह से पुनरुद्धार किया जाएगा।

### मुंबई में 1400 करोड़ का...

गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में से तीन को इस साल मार्च में हिरासत में लिया गया था, जिसमें से गिरफ्तार दो व्यक्ति न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि तीन शेष आरोपी पुलिस हिरासत में हैं, जिनमें इस सप्ताह के शुरू में गिरफ्तार किए गए दो आरोपी शामिल हैं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, एएनसी के पुलिस उपायुक्त दत्ता नलवाडे ने कहा कि हमने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों से 1,403 करोड़ रुपये मूल्य का 701.740 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार नालासोपारा से गिरफ्तार किया गया मुख्य आरोपी कार्बनिक रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर है और उसने अपने ज्ञान का उपयोग सिंथेटिक दवाओं के निर्माण के लिए किया। मुख्य आरोपी प्रतिबंधित नशीला पदार्थ कम से कम 20 से 25 किलो से ज्यादा बेचता था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने नशीली दवाओं की तस्करी और आपूर्ति के लिए ऐप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता था। यह एक साइकोट्रॉपिक (उत्तेजना बढ़ाने) वाला पदार्थ है जिसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित किया गया है। महानगर पुलिस द्वारा पकड़ी गई यह हाल के दिनों में सबसे बड़ी नशीली दवाओं के खेप में से एक है। छापेमारी की बुधवार की कार्रवाई इस साल 29 मार्च को दो अलग-अलग अभियानों में गिरफ्तार किए तीन लोगों से 4.51 करोड़ रुपये मूल्य के 3.26 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त करने के आगे की कड़ी है। एएनसी कर्मियों ने महानगर में दवा आपूर्ति श्रृंखला की जांच जारी रखते हुए बुधवार को नालासोपारा दवा निर्माण इकाई में छापेमारी के दौरान एक और आरोपी को हिरासत में लेने के साथ ही नशीले पदार्थ के रैकेट के मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया।

### मादक पदार्थ तस्कर से...

पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले दोनों आरोपी उधमपुर में गोले मेला पेट्रोल स्टेशन के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहे थे। पुलिस को देखने के बाद दोनों ने भागने का प्रयास किया। इसी क्रम में अहमद को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और उसे सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एडीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक, दोनों मादक पदार्थों के धंधे में शामिल थे। हालांकि, उक्त मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# मोदी ने आठ साल में सर्व-स्पर्शी व सर्व-समावेशी सरकार दी

**भाषा।** बेंगलुरु



**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह** ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत आठ साल में सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी है। शाह ने पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि उस समय नीतिगत शिथिलता थी और कई घोटाले हुए थे। उन्होंने कहा, गत आठ साल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें सुधार नहीं हुआ, हमने पूरे समाज के कल्याण की शपथ ली है। शाह संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आजादी की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में किया।

पूर्ववर्ती संप्रग सरकार का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए शाह ने कहा, वर्ष 2014 से पहले ऐसा समय था जब प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं समझा जाता था और सभी मंत्री खुद को प्रधानमंत्री समझते थे। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, उस समय देश में नीतिगत शिथिलता थी और करीब 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले हुए थे। ए घोटाले अखबारों की दैनिक सुर्खियां बनते थे। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और उच्चतम न्यायालय इन अनियमितताओं की जांच करते थे। शाह ने दावा किया कि उस समय सांठगांठ वाला पूंजीवाद था और महंगाई अपने चरम स्तर पर थी जबकि व्यापार सुगमता निचले पायदान पर थी। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का संदर्भ देते हुए कहा, इन घटनाक्रम की वजह से देश ने आम-सहमति से बहुमत वाली सरकार बनाने का फैसला किया। तीस साल की लंबी अवधि के बाद, देश ने एक निर्णायक सरकार बनाने का फैसला किया।

शाह ने कहा, भारत अब सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है और हमने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। सबसे ज्यादा निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2022 में हुआ। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने दो नारों - आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की शुरुआत करके अपना आर्थिक लक्ष्य निर्धारित किया है और अमृत काल की नींव रखी है। उन्होंने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अब कोई भी भारत को हल्के में नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि जब कोविड-19 महामारी ने दुनिया को प्रभावित किया, तो हर कोई दिशाहीन और चिंतित था, क्योंकि कोई टीका उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन ने न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया।शाह ने कहा कि महामारी के बीच, भारत ने खुद को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों ने बढ़ती मांग की सिफारिश की, बड़े पैकेजों की घोषणा की और अधिक करेंसी नोट छापे लेकिन भारत ने एक नई तरह की नीति अपनाई।

उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी से निपटने के लिए एक उपाय के साथ आगे आने की कोशिश की और स्वदेशी रूप से विकसित टीके को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पैकेजों की घोषणा करने और करेंसी नोटों को छापने के बजाय, भारत ने अपनी नीतियों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों ने यह बात स्वीकार की कि भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे पहले महामारी के प्रभाव से सफलतापूर्वक बाहर आई।

गृह मंत्री ने यह भी दावा किया कि भारत ने छह लाख करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी देकर अपने मध्यम लघु और सूक्ष्म उद्यमों (एमएसएमई) को बचाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी 80 करोड़ गरीब लोगों को दो साल तक मुफ्त राशन मुहैया कराया और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना शुरू की ताकि लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। शाह ने कहा, बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी भारत की तरह महामारी का प्रबंधन करने में विफल रहीं। हमने 100 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लगाया। कोई कुप्रबंधन नहीं था क्योंकि प्रौद्योगिकी का शानदार ढंग से उपयोग किया गया था, जो किसी एक देश ने कभी नहीं किया था। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हर घर में पानी, बिजली, शौचालय, किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, 2.57 करोड़ आबादी को घर, पांच करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा और 300 विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को और 23 लाख करोड़ रुपए गरीबों को दिए गए।

# प्रधानमंत्री ने लोगों से किया कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक लेने का आग्रह

**भाषा।** वलसाड (गुजरात)



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने लोगों से कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती या बूस्टर खुराक लेने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया। मोदी ने यह अपील ऐसे समय की है, जब देश में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में 250 बिस्तरों वाले एक अस्पताल सहित श्रीमद राजचंद्र मिशन की विभिन्न परियोजनाओं का वीडियो लिंक के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद यह अपील की। मोदी ने कहा, मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक लें। आजादी के 75 साल पूरे होने पर सरकार ने 75 दिनों तक टीके की निशुल्क खुराक देने का अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे परिवार और हमारे क्षेत्र या गांव में हर कोई एहतियाती खुराक ले। मोदी ने अपने भाषण में कहा कि अस्पताल परियोजना महिलाओं और समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए बहुत बड़ी सेवा साबित होगी। मिशन के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए, उन्होंने इसके सेवाभाव की प्रशंसा की और कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान कर्तव्य की यह भावना समय की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने गुजरात में ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन के काम की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह अस्पताल और अनुसंधान केंद्र सभी के लिए सस्ती गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगा। यह अमृतकाल में स्वस्थ भारत की परिकल्पना को बल देने वाला है। यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबका प्रयास की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा, आजादी का अमृत महोत्सव में देश अपने उन महान लोगों को याद कर रहा है जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद राजचंद्र जी एक ऐसे संत थे जिनका महान योगदान इस देश के इतिहास का हिस्सा है। श्रीमद राजचंद्र (1867-1901) एक जैन कवि, दार्शनिक, विद्वान और सुधारक थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज जिस स्वास्थ्य नीति का पालन कर रहा है, वह हर व्यक्ति के स्वास्थ्य से संबंधित है और देश न केवल लोगों के लिए बल्कि जानवरों के लिए भी एक राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चला रहा है। मोदी ने कहा, केंद्र सरकार हमारी बहनों और बेटियों की प्रगति के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने की कोशिश कर रही है। मिशन के अधिकारियों ने कहा कि लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से बना श्रीमद राजचंद्र अस्पताल, विशेष रूप से दक्षिणी गुजरात क्षेत्र के लोगों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। मोदी ने श्रीमद राजचंद्र पशु अस्पताल और श्रीमद राजचंद्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वूमेन की भी आधारशिला रखी। कार्यक्रम स्थल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी. आर. पाटिल मौजूद थे।

## देश में कोरोना वायरस से 53 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 19,893 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,40,87,037 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर।,36,478 हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 53 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,530 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर।,36,478 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 579 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.50 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 4.94 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.64 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,34,24,029 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 205.22 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 53 मामले सामने आए, जिनमें से महाराष्ट्र में सात, दिल्ली में पांच, असम, हिमाचल प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में चार-चार, पंजाब तथा उत्तराखंड में तीन-तीन, कर्नाटक में दो और चंडीगढ़, केरल, मेघालय, तमिलनाडु, तथा उत्तर प्रदेश में एक-एक मामला सामने आया। वहीं, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के दिशानिर्देशों के तहत संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन: मिलान करते हुए केरल ने 15 और जान गंवाने वालों के नाम संक्रमण से मौत की सूची में डाले।

# विभिन्न राज्यों में आईएएस के 1,472 व आईपीएस के 864 पद रिक्तः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में बताया कि विभिन्न राज्यों में एक जनवरी 2022 की स्थिति के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के।,472 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 864 पद रिक्त हैं। कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने उच्च सदन में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों की इष्टतम भर्ती को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बासवान समिति की सिफारिशों के आधार पर वर्ष 2012 से सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईएएस अधिकारियों की वार्षिक भर्ती संख्या को बढ़ाकर 180 किया है। सिंह ने कहा कि समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि 180 से अधिक किसी भी संख्या के कारण गुणवत्ता से समझौता होगा। उसने कहा कि यह संख्या लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) की क्षमता से अधिक होगी तथा इससे आईएएस अधिकारियों विशेष रूप से भारत सरकार में वरिष्ठ पदों के करियर पिरामिड में विकृति उत्पन्न होगी।

उन्होंने कहा कि 2020 से सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईपीएस के लिए भर्ती किए जाने वाले पदों की संख्या बढ़ाकर 200 की गई है। उन्होंने कहा, दिनांक एक जनवरी 2022 तक की स्थिति के अनुसार, विभिन्न राज्यों में आईएएस में 1472 तथा आईपीएस) में 864 रिक्तियां हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिक्तियों का उत्पन्न होना तथा उनका भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, सरकार का यह प्रयास है कि संवर्गों में रिक्तियों को भरा जाए। संघ लोक सेवा आयोग प्रत्एक वर्ष आईएएस तथा आईपीएस श्रेणी में सीधी भर्ती के आधार पर रिक्तियों को भरने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है।

# कानून से ऊपर नहीं हैं सोनिया और राहुल कांग्रेस फैला रही है अराजकताः भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपने नेताओं के खिलाफ की जा रही कार्वाई के खिलाफ कांग्रेस के भारी विरोध के बीच भाजपा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी पार्टी पर देश में अराजकता फैलाने के साथ ही ईडी को बदनाम करने और डराने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, जिस प्रकार का आचरण कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया जा रहा है, वह उचित नहीं है। पहले आप चोरी करते हैं, देश को लूटते हैं और उसके बाद पूरे देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने यह पलटवार पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की उस टिप्पणी को लेकर किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री मोदी से नहीं डरते है और उन्हें धमकाकर चुप नहीं कराया जा सकता। वह देश और लोकतंत्र की रक्षा तथा सद्भाव कायम रखने के लिए काम करते आए हैं और आगे भी करेंगे। कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही ईडी की कार्वाई के मद्देनजर आरोप लगाया है कि उनके साथ आतंकवादियों की तरह बर्ताव किया जा रहा है। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी पार्टियों ने आज भी संसद के दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया और कार्यवाही बाधित की। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में हाल ही में सोनिया गांधी और उससे पहले राहुल गांधी से पूछताछ की थी। ईडी ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भी तलब किया था। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी भले ही कहते हैं कि उन्हें नरेंद्र मोदी से डर नहीं लगता है लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्हें भ्रष्टाचार करने और कानून तोड़ने से डर नहीं लगता है। उन्होंने कहा, यह सच है कि उन्हें कानून से डर लगता है। यदि ऐसा नहीं है तो वह कानून का दरवाजा खटखटाते और ईमानदारी का प्रमाण लेकर आते। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस नेताओं पर ईडी को बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि उसके कामकाज में व्यवधान डालना तथा उसे डराना कतई उचित नहीं है। कांग्रेस पर चोरी और सीनाजोरी करने का आरोप भी लगाया। भाटिया ने कहा, जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें सवालों का जवाब देना चाहिए और हमें निशब्द कर देना चाहिए लेकिन उनकी चुप्पी कहती है कि इसमें कुछ काला है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने अपने खिलाफ मामलों को खारिज करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उन्हें उच्चतम न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय में भरोसा है कि नहीं। उन्होंने दावा किया कि यंग इंडियन में 38 प्रतिशत राहुल गांधी की और 38 प्रतिशत सोनिया गांधी की हिस्सेदारी है।

## एनएसई जासूसी मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे की जमानत याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली की** एक अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मियों की कथित जासूसी व फोन टैपिंग से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। मामले से संबंधित एक वकील ने यह जानकारी दी। विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने आरोपी और प्रवर्तन निदेशालय की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हिरासत में पूछताछ की अवधि समाप्त होने के बाद पांडे को मंगलवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया था जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि उसे पांडे की और हिरासत की जरूरत नहीं है। पांडे को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।



बीरभूमि में 75वें स्वतंत्रता दिवस उत्सव को लेकर धान के खेतों के बीच बनी पगडंडी पर तिरंगा लहराते बच्चे।

# नीलामी बाद स्पेक्ट्रम के बीच सामंजस्य की प्रक्रिया पूरी, आवंटन 12 अगस्त तक : वैष्णव

**भाषा।** नई दिल्ली

**दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव** ने कहा है कि सरकार ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी संपन्न होने के कुछ ही दिन के भीतर स्पेक्ट्रम सामंजस्य (हार्मोनाइजेशन) प्रक्रिया पूरी कर ली है। इससे अधिक दक्षता के लिए एक बैंड विशेष के भीतर कंपनियों के पास उपलब्ध संबंधित स्पेक्ट्रम को दुरुस्त किया जाता है। स्पेक्ट्रम सामंजस्य प्रक्रिया 5जी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके तहत सभी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं की सहमति के साथ एक बैंड के भीतर उपलब्ध रेडियो तरंग के एक समूह को एक निकटवर्ती ब्लॉक में लाया जाता है।

सरकार नीलामी में कंपनियों द्वारा लिए गए स्पेक्ट्रम को समय पर आवंटित करने के लिए काम कर रही है। आवंटन 12 अगस्त तक कर दिया जाएगा। सचिवों की समिति से इस बारे में मंजूरी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। स्पेक्ट्रम सामंजस्य से कंपनियों की क्षमता बढ़ती है क्योंकि एक बैंड में उनके पास उपलब्ध रेडियो तरंगों के हिस्से को एक साथ लाया जाता है। यह कार्य कंपनियों की सहमति से किया जाता है। वैष्णव ने कहा, हमने 12 अगस्त तक स्पेक्ट्रम आवंटित करने का जो वादा किया है, उस पर आगे बढ़ रहे हैं। चीजें समय पर हैं। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने स्पेक्ट्रम के बीच तालमेल के बारे में समझाते हुए कहा कि यह वितरित भूमि से उत्पन्न अंतर को पाटने के जैसा है जिसमें उसे आसपास लाया जाता है। देश में दूरसंचार स्पेक्ट्रम की अबतक की सबसे बड़ी नीलामी इस सप्ताह सोमवार को संपन्न हुई। इसमें रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपए की बोलियां आईं। इस साल बोली के तहत 4.3 लाख करोड़ रुपए मूल्य के कुल 72 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को रखा गया था। इसमें 51,236 मेगाहर्ट्ज यानी 71 प्रतिशत स्पेक्ट्रम की बिक्री हुई। प्रत्एक नीलामी के बाद हर कंपनी के पास एक बैंड में जो अलग स्पेक्ट्रम होते हैं, उसे सामंजस्य प्रक्रिया के तहत एक साथ लाया जाता है। इस स्थानांतरण में सभी कंपनियों की सहमति होती है। आमतौर पर इस प्रक्रिया में तीन महीने लगते हैं। वैष्णव ने कहा, यह कठिन प्रक्रिया है लेकिन हमने इसे एक दिन में ही पूरा कर लिया। टीम ने इस पर बहुत ध्यान से काम किया है।

## केरल में भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित, आठ जिलों में रेड अलर्ट घोषित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सड़कों पर जलजमाव से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। अनेक लोगों को घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने राज्य के पथनमथितट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्णाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड और कन्नूर समेत आठ जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया है। जबकि तिरुवनंतपुरम को छोड़कर शेष जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी तिरुवनंतपुरम में एलो अलर्ट जारी किया गया है। रेल अलर्ट भीषण बारिश (24 घंटों में 20 सेंटीमीटर बारिश), ऑरेंज अलर्ट बहुत भारी बारिश (6 से 20 सेंटीमीटर) और एलो अलर्ट भारी बारिश का सूचक है। राज्य में खराब मौसम के कारण पथनमतिट्टा जिले में पम्पा, मणिमाला और अचनकोविल जैसी विभिन्न नदियों का जल स्तर खतरे के निशान के करीब या उसे (निशान को) पार कर गया है। पठानमतिट्टा जिले के अधिकारियों के मुताबिक भूस्खलन और बाढ़ की आशंका के चलते कई परिवारों को राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, जिले के अधिकारियों ने कहा कि इडुक्की में मलंकरा बांध के छह शटर सुबह छह बजे 100 सेंटीमीटर ऊपर उठा दिए गए। मुल्लापेरियार बांध में सुबह 11 बजे जल स्तर 135.35 फुट था। इस बीच, आईएमडी ने केरल के कई क्षेत्रों में चार से आठ अगस्त तक बारिश होने की संभावना जताई है।

# चुनावी वादे पूरा करने में असमर्थता को छिपाने के लिए द्रमुक ने केंद्र पर लगाए आरोप : भाजपा

**चेन्नई।** तमिलनाडु की भाजपा इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने में असमर्थता को छिपाने के लिए ईंधन की कीमतों सहित कई मुद्दों पर केंद्र को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने राज्य सरकार पर अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं करने के बहाने बनाने का आरोप लगाया और कहा कि यह अस्वीकार्य है। अन्नामलाई ने कहा, पिछले छह महीनों से केंद्र ने पेट्रोल पर 14.5 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 17 रुपए प्रति लीटर कम किए थे, जबकि राज्य सरकार ने केवल तीन रुपए कम किए थे।

उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु के मुकाबले पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में ईंधन की कीमतें कम थीं। अन्नामलाई ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, द्रमुक सरकार द्वारा अपने चुनावी वादों को पूरा करने में असमर्थ रहने के कारण केंद्र सरकार को दोषी कैसे ठहराया जा सकता है? उन्होंने कहा, तमिलनाडु सरकार को केंद्र को दोष देना बंद कर दें। इसके बजाय राज्य सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमश: पांच रुपए और चार रुपए प्रति लीटर और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में 100 रुपए की कमी करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए कदम उठाए, जिसका वादा पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया था। भाजपा प्रमुख ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री पलानीवेल थियागा राजन का तमिलनाडु को आवंटन और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया के संबंध में केंद्र पर आरोप लगाना चावल में पूरे कद्दू को छिपाने जैसा था। उन्होंने कहा, द्रमुक सरकार ने खाद्य उत्पादों की कीमतों में अनुचित रूप से वृद्धि की है और आधा सच फैला रही है कि यह जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर थे।

# अंसार-उल-इस्लाम से संबंध रखने वाले मुफ्ती द्वारा संचालित मदरसे को ध्वस्त किया गया

**मोरीगांव/गुवाहाटी।** असम के मोरीगांव जिले में स्थित एक मदरसे को बृहस्पतिवार को ढहा दिया गया, जिसके मुख्य मुफ्ती को बांग्लादेश के आतंकवादी संगठन अंसार-उल-इस्लाम से कथित संबंधों को लेकर गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि मोइरावाड़ी में स्थित जिस जमात-उल मदरसे को हाल में मुफ्ती मुस्तफा की गिरफ्तारी के बाद सील किया गया था, उसे आज सुबह ध्वस्त कर दिया गया। बाद में गुवाहाटी में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, इस साल मई के बाद से असम में पांच आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। इनमें से मोरीगांव मॉड्यूल में मुस्तफा सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मॉड्यूल ने सबसे उन्नत संचार तकनीक का इस्तेमाल किया था और इसे सबसे खतरनाक माना जा सकता है। मदरसे को आपदा प्रबंधन अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम के तहत ध्वस्त कर दिया गया। सरमा ने कहा कि इसे स्थानीय पंचायत या जिला प्रशासन से कोई अनुमति नहीं मिली थी और इसे मुस्तफा के पिता की संपत्ति में से उसे मिली जमीन पर बनाया गया था। सरमा ने कहा कि इसके अलावा, मदरसे का बिजली कनेक्शन अवैध पाया गया और इसलिए उपायुक्त ने सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद विध्वंस का आदेश दिया। सरमा ने कहा कि मुस्तफा ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से पढ़ाई की और भोपाल से इस्लामिक कानून में डॉक्ट्रेट की उपाधि ली। वह अंसार-उल-इस्लाम के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय माध्यम था और उसके खाते में नियमित रूप से छोटी राशि जमा की जाती थी ताकि कोई संदेह पैदा न हो।

## असम जिहादी गतिविधियों का अड्डा बन रहा है : हिमंत सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य जिहादी गतिविधियों का अड्डा बन रहा है और पिछले कुछ महीनों में यहां बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठन अंसारुल इस्लाम के पांच मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है। सरमा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंसारुल इस्लाम से संबंधित छह बांग्लादेशी नागरिक, युवाओं को बरगलाने के लिए असम आए और उनमें से एक को इस साल मार्च में बारपेटा में पहले मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के दौरान गिरफ्तार किया गया था। असम के बाहर के इमामों का मुस्लिम युवकों को निजी मदरसों में पढ़ाई के नाम पर बरगलाना चिंताजनक है। मुख्यमंत्री ने कहा, जिहादी गतिविधि आतंकवादी या उग्रवाद गतिविधियों से बहुत अलग है। यह कई वर्षों तक बरगलाने के साथ शुरू होती है, इसके बाद इस्लामी कट्टरवाद को बढ़ावा देने में सक्रिय भागीदारी होती है, और अंत में विध्वंसक गतिविधियों की तरफ जाती है। राज्य में 2016-17 में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों ने कोविड-19 महामारी के दौरान कई प्रशिक्षण शिविरों का संचालन किया। उन्होंने कहा, इनमें से केवल एक बांग्लादेशी को अब तक गिरफ्तार किया गया है, और मैं लोगों से अपील करता हूं कि राज्य के बाहर का कोई भी मदरसे में शिक्षक या इमाम बन जाए तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें।

# पिछले पांच साल में 1.29 करोड़ मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुनाः एडीआर

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में आम चुनाव और राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान करीब 1.29 करोड़ मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने 2018 से 2022 के दौरान विभिन्न चुनावों में नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प के तहत डाले गए वोटों की संख्या का विश्लेषण किया। इस अवधि में राज्य विधानसभा चुनावों में नोटा के तहत औसतन 64,53,652 वोट डाले गए। वहीं, लोकसभा चुनावों में बिहार की गोपालगंज सीट पर सबसे अधिक 51,660 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना जबकि लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर सबसे कम 100 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। रिपोर्ट के मुताबिक, विधानसभा चुनावों के दौरान 2020 में दो राज्यों में सर्वाधिक 1.46 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव में 7,06,252 जबकि दिल्ली में 43,108 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

इसके मुताबिक, 2022 में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में सबसे कम लोगों ने नोटा का विकल्प चुना। इनमें 0.70 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना, जिसमें गोवा में 10,629, मणिपुर में 10,349, पंजाब में।,10,308, उत्तर प्रदेश में 6,37,304 और उत्तराखंड में 46,840 मतदाताओं ने ईवीएम में नोटा का बटन दबाया। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान सबसे अधिक 7,42,134 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। 2018 के मिजोरम विधानसभा चुनाव के दौरान नोटा के तहत सबसे कम 2,917 वोट डाले गए। 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना जोकि 1.98 फीसदी रहा। वहीं, दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2020 और मिजोरम विधानसभा चुनाव, 2018 में नोटा के तहत सबसे कम प्रतिशत यानी 0.46 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। एडीआर के मुताबिक, 2018 से लेकर अब तक विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी सीटों पर 26,77,616 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना, जहां चुनाव लड़ रहे तीन या इससे अधिक उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे थे।

# पेलोसी ने द. कोरिया के नेताओं से की मुलाकात

● राष्ट्रपति यून से फोन पर की बात

भाषा। सियोल

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और राष्ट्रपति यून सुक एओल से फोन पर बात की। पेलोसी ने हालांकि इस दौरान चीन-ताइवान के संबंधों पर प्रत्यक्ष रूप से कोई भी टिप्पणी करने से परहेज किया, जिससे क्षेत्रीय तनाव के और बढ़ने की आशंका थी। इससे एक दिन पहले पेलोसी ने चीन के कड़े विरोध के बावजूद ताइवान की यात्रा की थी। पेलोसी पिछले 25 वर्षों में ताइवान की यात्रा करने वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पहली अध्यक्ष हैं। ताइवान यात्रा के बाद पेलोसी और अमेरिकी कांग्रेस के अन्य सदस्य बुधवार शाम



दक्षिण कोरिया पहुंचे। दक्षिण कोरिया, अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और यहां करीब 28,500 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं।
एशिया की यात्रा के तहत पेलोसी का सिंगापुर, मलेशिया और जापान जाने का भी कार्यक्रम है। पेलोसी ने बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई नेशनल असेंबली के अध्यक्ष किम जिन प्यो और संसद के अन्य वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की। करीब एक घंटे चली बैठक के बाद पेलोसी ने द्विपक्षीय गठबंधन पर बात की और संबंधों को बढ़ावा देने के लिए विधाई प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन अपनी ताइवान यात्रा या चीन के विरोध का कोई प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं किया। किम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पेलोसी ने कहा, हम कहना चाहेंगे कि सुरक्षा तथा जरूरतों के कारण कई साल पहले जो दोस्ती शुरू हुई थी, वे संबंध अब बेहद गर्मजोशी भरे हो गए हैं। उन्होंने कहा, हम अंतर-संसदीय तरीके से उन्नत सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और शासन चाहते हैं। इस दौरान पेलोसी और किम ने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। किम ने कहा कि उन्होंने और पेलोसी ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे दोनों इस बात पर सहमत हुए कि वे अपनी-अपनी सरकारों को कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु निरस्त्रीकरण और शांति स्थापित करने के लिए उत्तर कोरिया के खिलाफ कूटनीति तथा कड़ा रुख अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे बाद, पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल ने गठबंधन, विदेश नीति और अन्य मुद्दों पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल से फोन पर बात की।

## चीनी सैन्य अभ्यास के बाद ताइवान ने उड़ानें रद्द कीं

बीजिंग। अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा की प्रतिक्रिया में चीनी नौसना की ओर से किए गए मिसाइल दागे जाने के बाद बृहस्पतिवार को ताइवान ने कई उड़ानें रद्द कर दी। ताइवान को चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन ने भी जहाजों और विमानों को सैन्य अभ्यास के दौरान स्वशासित द्वीप के आसपास के क्षेत्रों में सेवाएं संचालित करने से बचने का आदेश दिया है। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने सैन्य अभ्यास को ताइवान की प्रभावी नाकेबंदी करार दिया है। बीजिंग की चेतावनी को नजरअंदाज कर पेलोसी मंगलवार को अपनी एक दिन की ताइवान यात्रा पर पहुंची थी। इसके बाद चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास की शुरुआत की थी। चीन ने मछली और फल समेत सैकड़ों ताइवानी उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी है। चाइना टाइम्स की खबर के मुताबिक, बृहस्पतिवार को ताइवान से आने-जाने वाली कम से कम 40 उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि, खबर में राजधानी ताइपे के ताओयुयान हवाई अड्डे के हवाले से कहा गया कि यह जरूरी नहीं है कि उड़ानों को रद्द करने का संबंध सैन्य अभ्यास से है।

## मेरा अफ्रीका दौरा रूस-चीन के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं : लिंडा थामस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड बुधवार को अफ्रीका के लिए रवाना हुईं। उन्होंने कहा कि वह वहां यह देखने के लिए जा रही हैं कि युगांडा, घाना और केप वर्दे को खाद्य संकट से निपटने में किस तरह अमेरिका मदद कर सकता है। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनका यह दौरा चीन-रूस के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए नहीं है। खाद्य संकट से पूरे अफ्रीका महाद्वीप पर काफी गहरा असर पड़ा है। ग्रीनफील्ड ने कहा कि उनकी इस यात्रा की योजना बहुत पहले तैयार कर ली गई थी और यह अमेरिका के दोनों प्रतिद्वंद्वियों में से किसी एक के साथ भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उच्च स्तरीय अमेरिकी सहभागिता की उस शृंखला का हिस्सा है जिसका मकसद अफ्रीकी नेताओं और लोगों के साथ अमेरिकी साझेदारी और संबंधों को मजबूत करना और बढ़ाना है।

## नेपाल में 20 नवंबर को होगा आम चुनाव

**काठमांडू।** नेपाल में 20 नवंबर को एक चरण में आम चुनाव होगा। प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की अगुवाई में मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को एक बैठक में यह निर्णय लिया। मंत्रिमंडल के सूत्रों के अनुसार नेपाल में प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय एसेम्बली के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 20 नवंबर को चुनाव होगा। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में 275 सीटें हैं जिनमें से 165 सदस्य सीधे चुने जाते हैं। बुधवार को सत्तारूढ़ गठबंधन की एक बैठक में 20 नवंबर को दोनों ही स्तरों के लिए चुनाव कराने पर सहमति बनी थी। मुख्य विपक्षी नेता और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी -लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष के पी शर्मा ओली ने यहां पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, हम चुनाव कराने के फैसले का स्वागत करते हैं क्योंकि यह स्वाभाविक है। संसद के निचले सदन एवं देश की सात प्रांतों की एसेम्बलियों के लिए पिछला चुनाव 2017 में दो चरणों में 26 नवंबर और सात दिसंबर को हुआ था।

## तालिबान ने कहा, अफगानिस्तान में अल-कायदा नेता की मौजूदगी से अनजान था

**इस्लामाबाद।** काबुल में अल-कायदा प्रमुख के अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे जाने के बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए तालिबान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे अयमान अल-जवाहिरी की मौजूदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जवाहिरी के मारे जाने के बाद तालिबान और पश्चिमी देशों के संबंधों में तनाव और बढ़ गया है। तालिबान के दोहा (कतर) स्थित राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख सुहैल शाहीन ने एपी को भेजे एक संदेश में कहा, सरकार और नेतृत्व को पता नहीं था, जैसा दावा किया जा रहा है। तालिबान का दावा और अमेरिकी बयान में विरोधाभास है क्योंकि अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि जवाहिरी तालिबान के वरिष्ठ नेता सिराजुद्दीन हक्कानी के एक शीर्ष सहयोगी के घर में रह रहा था। हक्कानी तालिबान के उप प्रमुख हैं और सरकार में आंतरिक मंत्री हैं। वह हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख भी हैं। वर्ष 2020 के दोहा समझौते में तालिबान ने अमेरिका से वादा किया था कि वे अल-कायदा के सदस्यों या अमेरिका पर हमला करने की मंशा रखने वालों को पनाह नहीं देंगे।

## सिख प्रवासियों की पगड़ियां जब्त करने के आरोपों की जांच कर रहे अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारी मेक्सिको सीमा पर हिरासत में लिए गए शरण चाहने वाले लगभग 50 सिखों की पगड़ियां जब्त किए जाने से संबंधित मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दावों की जांच कर रहे हैं। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। सिख धर्म की परंपरा के अनुसार पुरुषों को पगड़ी पहननी होती है और केश नहीं कटवाने होते। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार सीमा गश्ती बलों ने लगभग 50 सिख प्रवासियों की धार्मिक पगड़ियों को जब्त कर लिया था। बुधवार को एबीसी न्यूज ने सीमाशुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) आयुक्त क्रिस मैग्नस के बयान के हवाले से कहा, हम इन आरोपों को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। मैग्नस ने कहा कि एजेंसी ने जून में ए आरोप के सामने आने के बाद तत्काल कदम उठाने शुरू कर दिए थे।

# यूक्रेन में परमाणु संयंत्र के पास के इलाके को रूसी सेना ने बनाया निशाना

भाषा। कीव

**भीषण धमाकों** से दक्षिणी यूक्रेन का शहर माइकोलीव बृहस्पतिवार को थर्रा उठा। देश के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के पास स्थित शहर को भी रूसी सुरक्षा बलों ने निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी।

● नौ क्षेत्रों में गोलाबारी की गई

राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान कम से कम चार आम नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के कम से कम नौ क्षेत्रों में गोलाबारी की गई। माइकोलीव के दो जिलों को भी हाल के सप्ताहों में लगातार निशाना बनाया गया है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार रूसी सुरक्षा बलों ने मध्य निप्रोपेटरोवस्क क्षेत्र के निकोपोल को 60 रॉकेट से निशाना बनाया। शहर में करीब 50 आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई। हमलों में बिजली लाइन के प्रभावित होने से बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। निकोपोल नाइपर नदी के किनारे स्थित है जहां पास में जापोरिजिया परमाणु संयंत्र है। रूस ने युद्ध के शुरुआती दिनों में इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख ने इस सप्ताह की शुरुआत में जापोरिजिया संयंत्र की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि उत्तरी यूक्रेन में, देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव को भी रूसी सुरक्षा बलों ने निशाना बनाया। शहर में कई औद्योगिक इकाइयों पर बमबारी की गई। पास के शहर चूहूईव में पांच मंजिला आवासीय इमारत पर भी बमबारी की गई। पूर्व में, दोनेत्सक क्षेत्र में सभी बड़े शहरों में आवासीय भवनों पर गोलाबारी की जा रही है और ओचेरेटीने गांव में एक स्कूल को नष्ट कर दिया गया।

## श्रीलंका एक चीन नीति को लेकर प्रतिबद्ध : राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** चीन के तीखे विरोध के बावजूद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी के ताइवान के दौरे के एक दिन बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश एक-चीन नीति को लेकर दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। पेलोसी ने राष्ट्रपति साई इंग-वेन सहित ताइवान के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की और ताइवान के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। पेलोसी 25 वर्षों में ताइवान का दौरा करने वाली सर्वोच्च अमेरिकी अधिकारी बन गई हैं। पेलोसी के दौरे के बाद चीन ने घोषणा की कि वह जवाबी कार्वाई में ताइवान के करीब सैन्य अभ्यास करेगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, श्रीलंका में चीन के राजदूत क्यूई जेनहोंग के साथ एक बैठक के दौरान एक चीन नीति के साथ-साथ राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के संयुक्त राष्ट्र चार्टर सिद्धांतों के लिए श्रीलंका की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

# लिज ट्रस दूसरे सर्वेक्षण में ब्रिटेन के पीएम पद के लिए मुकाबले में सुनक से आगे

भाषा। लंदन

ब्रिटेन में सत्तारूढ़ दल कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों के एक नए सर्वेक्षण में पता चला है कि विदेश मंत्री लिज ट्रस प्रधानमंत्री पद पर बोरिस जॉनसन का स्थान लेने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी ऋषि सुनक के मुकाबले काफी आगे हैं। कंजर्वेटिवहोम वेबसाइट द्वारा बुधवार रात को जारी सर्वेक्षण में पाया गया कि पार्टी के सदस्यों में से 58 फीसदी ने ट्रस का समर्थन किया। नए नेता पांच सितंबर से 10 डाउनिंग स्ट्रीट में कार्यभार संभालेंगे। पूर्व वित्त मंत्री सुनक को 26 प्रतिशत का समर्थन मिला, जबकि 12 प्रतिशत अपने फैसले को लेकर अनिश्चित थे। बुधवार से यह दूसरा मतदान है, जिसमें कैबिनेट मंत्री ट्रस को भारतीय मूल के सुनक पर बढ़त बनाते हुए दिखाया गया है। यू गॉव पर पहले सर्वेक्षण में दिखाया गया था कि ट्रस सभी आयु समूहों में, देश के



विभिन्न हिस्सों में और पुरुषों एवं महिलाओं के बीच सुनक से आगे थीं। सर्वेक्षण में कहा गया, यदि हमारे नए निष्कर्ष और यू गॉव सही हैं तो कुल मिलाकर मुकाबले के इस चरण में बढ़त बनाने के लिए सुनक को व्यापक गेम चेंजर बनने की जरूरत होगी। यह बढ़त कहां से मिलेगी, इसकी राह मुश्किल दिखती है। नवीनतम निष्कर्ष ऐसे वक्त आए हैं जब सुनक को एक अन्य पूर्व दावेदार और पार्टी के वरिष्ठ नेता साजिद जाविद से भी झटका लगा है, जिन्होंने ट्रस को उनके स्पष्ट एजेंडे के लिए अपना समर्थन दिया है। पाकिस्तानी मूल के नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जाविद ने कर को लेकर सुनक की नीतियों का हवाला देते हुए अखबार द टाइम्स में लिखा है कि कर में कटौती से इनकार का मतलब है कि ब्रिटेन धीरे-धीरे ज्यादा कर, कम विकास वाली अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ेगा। जाविद ने लिखा है, कुछ का दावा है कि कर में कटौती तभी हो सकती है, जब देश में विकास हो। मेरा मानना है कि इसके ठीक विपरीत - कर कटौती, विकास के लिए एक पूर्व शर्त है।

## अमेजन पर एक लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण आयोग (सीसीपीए) ने गुणवत्ता मानकों पर खरे नही उतरने वाले प्रेशर कुकर बेचने के लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने अमेजन को निर्देश दिया है कि वह अपने मंच से बेचे गए खराब गुणवत्ता वाले 2,265 प्रेशर कुकर वापस मंगाए और उपभोक्ताओं का पैसा वापस करे और उन्हें इस बारे में सूचित करे। सीसीपीए के आदेश के अनुसार, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करते हुए प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति देने के लिए अमेजन को एक लाख रुपए का जुर्माना भी चुकाना होगा। यह संज्ञान मे आया है कि क्यूसीओ की अधिसूचना के बाद 2,265 ऐसे प्रेशर कुकर बेचे गए, जो अनिवार्य मानकों को पूरा नही करते थे। अमेजन ने इन प्रेशर कुकर की बिक्री के जरिए कुल 6,14,825.41 करोड़ रुपए का शुल्क जुटाया।

## सोशल मीडिया कंपनियों का त्रैमासिक अनुपालन ऑडिट होगा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटी) अब हर तीन महीने मे सोशल मीडिया कंपनियो का अनुपालन ऑडिट करेगा। एक आधिकारिक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मौजूदा व्यवस्था के तहत सोशल मीडिया मंचो को हर महीने आईटी नियम, 2021 के अनुपालन का खुलासा करना आवश्यक होता है, जहां वे विभिन्न शिकायतो के जवाब मे उनके द्वारा की गई कार्वाई की जानकारी देते है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

● मौद्रिक समीक्षा आज

भाषा। मुंबई

शेयर बाजार में पिछले छह दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लग गया और बैंक, वित्त तथा ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 51.73 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की शुक्रवार को जारी होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों ने भी सतर्क रुख अपनाया जिसके चलते बाजार में गिरावट आई। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय बैंक ऊंची मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए रेपो दर में कम से कम 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।
कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट से भी घरेलू बाजार में निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस




शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 51.73 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,298.80 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 6.15 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,382 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी के शेयर में सबसे अधिक 3.10 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज, विप्रो और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, छह दिन से जारी तेजी के बाद आखिकार मुनाफावसूली देखने को मिली। आरबीआई की शुक्रवार को जारी होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले बैंक और रियल्टी क्षेत्र के शेयर स्थिर रहे। उन्होंने कहा, एशिया के अन्य बाजारों तथा यूरोपीय बाजारों में तेजी के साथ प्रमुख सूचकांकों को काफी हद तक नुकसान से उबरने में मदद मिली। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.29 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के ज्यादातर बाजारों में तेजी का रुख रहा तथा अमेरिकी बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.51 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बुधवार को 765.17 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## भारत को व्यापार के लिए श्रम कानूनों में सुधार, करों के सरलीकरण की जरूरत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत को दुनिया के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए श्रम कानूनों में सुधार के साथ कराधान के सरलीकरण और एक अनुकूल शुल्क दर का माहौल बनाने की जरूरत है।
ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) और ओआरएफ अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से जारी रिपोर्ट बिल्डिंग रेजिलिएंट ग्लोबल वैल्यू चेन लिंकेज इन इंडिया: फाइंडिंग्स फ्रॉम एन एंटरप्राइज सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में इस बात की समीक्षा की गई है कि भारत कोविड-19 महामारी के बाद की दुनिया में वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ कैसे बेहतर तरीके से एकीकरण कर सकता है। रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने कहा, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के झटके से उत्पन्न जोखिम पहले इतना अधिक दिखाई नहीं दे रहे थे, जो अब अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध, महामारी और रूस-यूक्रेन के बीच संकट के बाद से दिखाई दे रहे हैं।

# गतिशक्ति नेटवर्क योजना समूह ने तीन रेल परियोजनाओं की सिफारिश की

भाषा। नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत गठित नेटवर्क योजना समूह ने तीन रेल परियोजनाओं की सिफारिश की है। ए परियोजनाएं हैं... गोरखपुर कैंट-वाल्मीकिनगर, कटिहार-मुकुरिया, कटिहार-कुमेदपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, पचोरा-जामनेर का गेज परिवर्तन और बोडवाड़ तक इसका विस्तार। मंत्रालय ने कहा, ए तीनों परियोजनाएं सुदूर क्षेत्रों में माल ढुलाई की तेजी से आवाजाही सुनिश्चित करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। ए लॉजिस्टिक दक्षता तेजी से बढ़ाने के साथ उसकी लागत में कमी लाएगी। बयान के अनुसार, गोरखपुर छावनी-वाल्मीकिनगर एकल रेल लाइन है। इससे माल ढुलाई प्रभावित होती है। कुल ।,120 करोड़ रुपए की लागत से इसके दोहरीकरण से लॉजिस्टिक दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद



है। कटिहार-मुकुरिया और कटिहार-कुमेदपुर खंड के दोहरीकरण से कोलकाता बंदरगाह से विराट नगर (राजस्थान) तक माल ढुलाई में मदद मिलेगी। महाराष्ट्र में पचोरा-जामनेर परियोजना 84 किलोमीटर लंबी होगी। इसे 955 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। यह परियोजना जलगांव और भुसावल के लिए बाइपास डबल लाइन रेल संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। यह जेएनपीटी (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट) से नागपुर और देश के पूर्वी क्षेत्र में तेजी से माल ढुलाई की सुविधा प्रदान करेगी। इन सभी परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। मंत्रालय ने कहा, पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर के माध्यम से इन परियोजनाओं को अगले पांच साल में अनुमानित लागत के भीतर पूरा करना संभव होगा। नेटवर्क योजना समूह में रेलवे और सड़क सहित बुनियादी ढांचा से जुड़े मंत्रालयों के योजना विभाग के प्रमुख शामिल हैं।

## एनएचएआई ने निविदा बाद संशोधन के जरिए कंपनियों को बेजा लाभ पहुंचाया : कैग

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने निविदा बाद संशोधन के जरिए परियोजना विकास करने वाली कंपनियों को बेजा लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की खिंचाई की है। कैग ने यह भी कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नोट जारी करने और मंजूरी को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहा। एनएचएआई दरअसल केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत ही आता है। संसद में पेश कैग की रिपोर्ट में कहा गया है, एनएचएआई ने निविदा बाद संशोधन के जरिए परियोजना विकास करने वालों को बेजा लाभ पहुंचाया। रिपोर्ट में कहा गया है, कंपनियों की तरफ से देय प्रीमियम एक खुली बोली प्रक्रिया के बाद तैयार किए गए कानूनी अनुबंध के तहत निर्धारित किया गया था। इसमें प्रीमियम की पेशकश वित्तीय बोलियों (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) पर निर्णय लेने में एकमात्र मानदंड था। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग बनाओ-अपनाओ-सौंप दो (बीओटी) या बीओटी (एन्यूटी), पथकर तथा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) जैसे विभिन्न तरीकों से तैयार किए जा रहे हैं। कैग ने कहा, निविदाअनुबंध के बाद कोई भी संशोधन पूरी निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी करने के समान है। यह अनुबंध की पवित्रता के साथ-साथ अन्य बोलीदाताओं को लेकर भी अनुचित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएआई ने राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में कंपनियों के प्रस्तावित प्रीमियम के युक्तिसंगत बनाने को लेकर योजना का प्रस्ताव रखा। कैग के मुताबिक, एनएचएआई निदेशक मंडल की बैठक में प्रीमियम को युक्तिसंगत बनाने की नीति या योजना पर न तो विचार किया गया और न ही इसे मंजूरी दी गई।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

DATE OF BIRTH

I, Salim Syed Ali S/o. Syed Wajid Ali, R/o. D-97/98, 2nd Floor, Gali No.11, Zakir Nagar, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that correct date of birth of my twin sons Mohammad Syed Ali and Mustafa Syed Ali is 21.03.2008 instead of 21.08.2008 wrongly mentioned by mistake in school's record.
PD(90142)A

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या C-4/119, सेक्टर-31, नोएडा जी.बी.नगर (Area 162 Sq.mtr) जिसके मूल आंवटी श्री ब्रहम देव भाकू पुत्र श्री श्याम लाल भाकू निवासी 14/477, सुन्दर विहार नई दिल्ली है जिनके द्वारा श्रीमती सरोज लूथरा पत्नी श्री राज पाल लूथरा निवासी C-4/119, सेक्टर-31, नोएडा के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी, जो उप निबन्धक कार्यालय नोएडा में Vide Book No.IV, Vol. No.1490/1520 on Page No. 162/195-204 at Document No.1234 दिनांक 04-09-1990 को रजिस्टर्ड है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड का अंतरण जीपीए के आधार पर संदीपा लूथरा पुत्री श्री राज पाल लूथरा निवासी C-4/119, सेक्टर-31, नोएडा एवं रूचिका नारंग पुत्री श्री राज पाल लूथरा निवासी जी-005, रॉयल गार्डन स्टेट सेक्टर-61, नोएडा एवं पारूल सेटिया पुत्री श्री राज पाल लूथरा निवासी 3G-157, NIT फरीदाबाद हरियाणा के पक्ष में अंतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें। श्रीमती सरोज लूथरा

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Navin Chandra Lohumi is the owner of Portion of Property bearing Plot No.RZ-28/A/3, area measuring 50 sq.yds., out of Khasra No. 645/1, situated in the revenue estate of Village Nasirpur colony known as Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi-110045 vide a Notarized GPA and ATS dated 17-04-1989 along with a Registered Receipt dated 17-04-1989. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its Sale/ Mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL6CL6317, | DL2CAC2049, | DL8CG7120, |
| DL9CM6688, | DL2FHF0022, | DL3CZ6423, |
| DL9CE3281, | DL2CZ7381, | HR16F1188, |
| DL8CN5968, | DL2FGZ0333, | DL4CU5054, |
| DL9CN1616, | DL2CE4439, | DL8CF8827, |
| DL1LE2685, | DL8SJ7256, | DL1CX1894, |
| DL1LF4434, | DL3CAG2381, | DL6CB5078, |
| DLILB2579, | DL2FHB0066, | DL6SP0982, |
| DL9CP4714, | DL8CL3686, | DL6SR5695, |
| HR26L6601, | DL4CL4179, | DL4SAW9896, |
| DL3CAD7914, | DL8CN0358, | DL7SP4417, |
| DL2CW7366, | DL9CF5695, | DL6CG4065, |
| DL4CG4887, | DL8CN6140, | DL9CK6059, |
| NOREG20, | DL6CC1226, | DDQ5233, |
| NOREG21, | DL3CY5474, | DL2FDP0019, |
| HR26Z2014, | DL1LD5655, | DL2CN7782, |
| DL9CC8455, | DL8CK8054, | DL9CC8340, |
| DL7CA6589, | DL4CAF5219, | DL2CW9503, |
| DL3CW3124, | DL1LF4835, | DL9CJ0522, |
| DL3CAM1144, | DL1LF5171, | DL2CM6894, |
| DL2CZ8699, | DL6SL2396, | DL3CAK0564, |
| HR51C2735, | DL6CG7342, | DL3CAJ5110, |
| DL6CE1839, | DL7CE2426, | DL9CM2782, |
| DL9CD7856, | DL3CAQ1533, | UK04AE6890, |
| DIU4100, | DL8SQ5338, | DL8SU7497, |
| DL6SR3582, | DL1CL1896, | JK02L1801, |
| DL7SAS4655, | DL8CN5724, | DL3CAW2440, |
| DL6CB3059, | DL4CS8415, | DL1CL1835, |
| DL8CK9673, | DL8CY0221, | DL9CB8076, |
| DL1LB6385, | DL3CAP0527, | Ch.No.478144, |
| DL7CF0254, | DL2CAD4835, | DL6CC2914, |
| DL3CAC8555, | DL6CG3330, | DL2CAG5102, |
| DL3CAJ7240, | DL2CW9771, | DL3CAQ8231, |
| DL2CAG5066, | DL9CM7523, | DL4CAB5468, |
| DL9CM0070, | DL2FDS3000, | DL1CH7050, |
| HR10Q7283, | DL3CAB0226, | DL4CQ2449, |
| DL1LG5382, | DL3CAW3312 | DL1SH4431, |
| DL1CF1645, | DL9CM5193, | DL4SW7915, |
| DL1V7954, | DL3CR1609, | DL7SAA6987, |
| DL8CK2436, | DL6CC7733, | DL2SJ3156, |
| AS01AE3888, | DL2CN5161, | DL8SP2298, |
| DL1CJ1020, | DL9CB8290, | DL4SY4043, |
| DL4CAA8092, | DL3CR7938, | HR26AL2574, |
| DL6CJ2451, | DL2CAD5759, | DL2FCC0088, |
| DL7CB4886, | DL3CAK0875, | HR02Y7619, |
| DL3CL6793, | DL4CR9901, | UP25N6511, |
| DL3CAP4055, | DL3CL2311, | HR26AJ5774, |
| DL9CH2838, | DL5CD2503, | DL4CG3524, |
| DL4CAB9188, | DL3CAB3457, | |

सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी मिस्टर रिताज कुमार का एक आईडी कार्ड 26.07.2022 को आईडी संख्या 2210278 गुम और/या खो गया पाया गया है। कोई भी जिसे उक्त आईडी कार्ड मिलता है, से अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवा और प्रबंधन समूह आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को वापस कर दें।
इसलिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2210278 धारण करने वाले किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भी भुगतान न करें।
कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नही होगा।
दिनांक : 04/08/2022 कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली प्लाट नं. 7, सामूदायिक केन्द्र, एस.डी. टावर, सेक्टर 8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री आर. के. शर्मा पुत्र श्री राम नारायण शर्मा, ने ब्लॉक-डी, पटेल नगर आवासीय कॉलोनी तहसील और जिला गाजियाबाद, यूपी, में स्थित आवासीय फ्लैट नंबर डी-101 बिना छत अधिकार के भूतल, एरिया परिमाप 60.59 वर्ग मीटर और एमपी, कवर्ड एरिया 37.83 वर्ग मीटर, पंजीकृत लीज ट्रांसफर डीड दिनांक 29.06.2011 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मोहित विज, श्री सुमित विज और श्रीमती कनिका विज ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से संपर्क किया है और आर. के. शर्मा पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांक 30.06.2003, दस्तावेज सं. 7942, बुक सं. 01, खंड सं. 2001, पृष्ठ सं. 175-200, दिनांक 30.06 2003-एसआरओ- III गाजियाबाद, श्री ए. कुमार पुत्र श्री एस नारायण के पक्ष में, और पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांक 01.06.2005, दस्तावेज सं. 5716, बुक सं. 01, खंड सं. 3036, पृष्ठ सं. 379/404, दिनांक 01.06.2005-एसआरओ-III गाजियाबाद, श्रीमती शिप्रा रानी पत्नी श्री कमल कांत कमल के पक्ष में, और पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांक 29.06.2011, दस्तावेज सं. 5728, बुक सं. 01, खंड सं. 7333, पृष्ठ सं. 225/280, दिनांक 29.06.2011-एसआरओ-III गाजियाबाद, श्री आर. के. शर्मा पुत्र श्री राम नारायण शर्मा ने उक्त लीज डीड के गुम होने की सूचना गाजियाबाद पुलिस को दिया है। अतः आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

My client, Smt. Raj Bala, who is a registered owner of Property Bearing no. 358 (Old No. 565), land measuring 75 Sq. Yds., Total area 150 Sq. Yds., out of Khasra No. 42/57(0-3), situated at extended Lal Dora of Village Badarpur, New Delhi vide Registered Gift Deed dated 24.06.2022 executed by Sh. Rajvir Singh S/o Sh. Tej Ram in favour of Smt. Raj Bala W/o Sh. Virender Singh via document number 3931 on 27/06/2022.The previous chain Original documents, General Power of Attorney dated 10.07.1999, Will and Affidavit of the property is lost and a Lost Article Information Report has been registered vide LR No. 583788/2022. The said property is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notify to the undersigned/Adv. Vishal Mehan,E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092. Mobile No. 9811215181

PUBLIC NOTICE
Pursuant to Rule 17(4) Of Limited Liability Partnership Rules

M/s EXPERT SCHOOL LLP (AAL-9585), a LLP registered under Limited Liability Partnership Act, 2008 having registered office at F-114/A, Mayur Vihar PH-II, Delhi - 110091 proposes to shift its registered office from F-114/A, Mayur Vihar PH-II, Delhi - 110091 to C-60, Sector-56, NOIDA, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201301.
Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change in the registered office may intimate to the Registrar of Companies, Delhi and Haryana having office at 4th Floor, IFCI Tower, 61, Nehru Place, New Delhi-110019 with a copy to M/s EXPERT SCHOOL LLP (AAL-9585) at its registered office within 21 days from the publication of notice, stating the nature of interest and the grounds of opposition to the proposed change.
EXPERT SCHOOL LLP (AAL-9585)
SD/-
ABHAY MALHOTRA
Designated Partner
Date: - 05.08.2022
Place: - Delhi

# हादसों में सात की मौत

## आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**हमीरपुर।** जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सिसोलर थाना क्षेत्र के भामई गांव में खुशी (13) पानी भरने गई थी, तभी तेज बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सिसोलर थाना क्षेत्र के ही बक्छा गांव निवासी राममिलन प्रजापति (46) आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुचे सिसोलर एसओ ने बताया की शवों का पंचनामा कराकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**करंट लगने से पूर्व ग्राम प्रधान और उसके पिता की मौत:** मथुरा (उत्तर प्रदेश), चार अगस्त (भाषा) मथुरा जिले के राया क्षेत्र में बृहस्पतिवार को करंट लगने से एक पूर्व ग्राम प्रधान और उसके पिता की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि राया थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव में किसी काम से गए पूर्व ग्राम प्रधान वीरपाल (50) और उनके पिता अमर सिंह (75) उच्च शक्ति विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी निकेश वर्मा ने बताया कि इस घटना में मृत लोगों के परिजन को आर्थिक मदद देने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

**मार्बल की लाट से दबकर मजदूर की मौत एक की हालत गम्भीर :** बरेली। थाना प्रेम नगर क्षेत्र में उस वक्त हंगामा हो गया जिस वक्त एक मजदूर मार्बल की लाट के नीचे दब गया और मजदूर की मौत हो गई जिससे सैकड़ों लोगों ने शोरूम के बाद जमकर हंगामा किया।बताते चलें थाना प्रेम नगर क्षेत्र में शास्त्री नगर निवासी निखिल अग्रवाल का स्वास्तिक मार्बल के नाम से एमबी इंटर कॉलेज के पास शोरूम है। जहां त्रिवती नाथ मंदिर बिहार मस्ती में रहने वाला 42 वर्षीय देवेंद्र पुत्र स्वर्गीय उचित मंडल पिछले लगभग 10 वर्षों से गाड़ी से पत्थर उतारने एवं पत्थर गाड़ी में चढ़ाने का कार्य करता था। मृतक के भतीजे अजय ने बताया कि बुधवार को देवेंद्र की तबीयत खराब थी परंतु सुबह के वक्त शोरूम का मुंशी संजीव सक्सेना देवेंद्र के घर आया और उसने कहा कि अगर आज काम पर नहीं आए तो हमेशा के लिए छुट्टी हो जाएगी जिस पर मजबूरन देवेंद्र काम पर चले गए इसी बीच हल्की बूंदाबांदी के दौरान देवेंद्र ने मालिक से गाड़ी खाली करने में खतरा जताया परंतु उसने बुधवार शाम तक गाड़ी खाली करने की बात कही इसी दौरान ट्रक से पत्थरों की पूरी लाट देवेंद्र के ऊपर गिर गई जिससे वह पत्थरों के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई जिससे घबराकर निखिल अग्रवाल दुकान के ताले लगाते हुए मां से फरार हो गए जब मृतक के परिजन उनके घर पहुंचे तो वह वहां से भी गायब थे अजय ने बताया कि इस दौरान उसके चाचा की मौत हुई है और एक रवि नाम के व्यक्ति का हाथ पूरा कट गया है जिसको मिनी बाईपास स्थित निजी अस्पताल में अन्य मजदूरों ने मिलकर भर्ती कराया है।

**ट्रक की चपेट में आकर महिला यात्री की जान गई:** बरेली ।सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला यात्री को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में न्यू पंजाब ढाबा के सामने आज सुबह तड़के हुई सड़क दुर्घटना में देवरिया जिले के इकौना थाना क्षेत्र के गांव होली बलिया निवासी 55 वर्षीय चंपा देवी पत्नी स्वर्गीय श्रीनिवास की मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि चंपा देवी 13 जुलाई को एक यात्री बस से 15 दिन की यात्रा पर देवरिया से चली थी यह बस यात्रियों को झारखंड, सुलतानगंज, बनारस, प्रयागराज, आगरा, वैष्णो देवी से हरिद्वार की यात्रा पर ले गई थी और कल शाम को यह बस हरिद्वार से वापस अयोध्या जाने के लिए चली थी।

**जहरीला पदार्थ खाने से छात्र की मौत:**बरेली । संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी 23 वर्षीय अंशुमन सिंह की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अंशुमन सिंह चौधरी हरनाम सिंह डिग्री कॉलेज भुता में एग्रीकल्चर बीएससी फाइनल का छात्र था और कल दिन में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से उसकी हालत बिगड़ गइ। उसे पहले स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया।

## संदिग्ध हालात में मृत मिला पुजारी

**बरेली।** मंदिर के एक पुजारी कि बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव ढकिया नगला निवासी बाबा रामदेव की बीती रात क्योंलड़िया थाना क्षेत्र में थाने के पास स्थित एक मंदिर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई बृजलाल ने बताया कि बाबा रामदास अविवाहित थे और लगभग 2 सालों से मंदिर के पास बने कमरे में रहकर मंदिर की पूजा और देखभाल करते थे उनकी तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी बीती रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वहीं पर उनकी मौत हो गई घटना की जानकारी गांव के लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## नए एसपी के तेवर से अपराधियों में हड़कंप, कई शातिर पहुंचाए गए सलाखों के पीछे

**गोंडा।** अपराधियों के आफत मैन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर (आईपीएस) के निर्देशन में गोंडा जिले की पुलिस अपराधियों के लिये अब तो काल बनती जा रही है। एसपी के निर्देशन में पुलिस कामोवेश रोज ही अपना गुड वर्क दिखाते हुए नित-प्रतिदिन अपराधियों को उनके सही ठिकाने पर पहुंचा रही है। इसीक्रम में थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रांच टीम की संयुक्त टीम ने चोरी की घटना में संलिप्त एवं अंतरजपनदीय हिस्ट्रीशीटर राम उजागर पुत्र हनोमान निवासी दुल्हापुर, बनकट थाना धानेपुर गोंडा को लालपुर चंद्रभान दुल्लापुर मोड़ के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से थाना उमरी बेगमगंज से चोरी गयी मोटरसाइकिल थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से चोरी गए 3200 रूपये व 01 अदद अवैध तमंचा व जिन्दा व खोखा कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्त के ऊपर जिले के थाना धानेपुर, उमरी बेगमगंज, लखनऊ के आशियाना थाना, सिद्धार्थ नगर में कई संगीन मामले दर्ज हैं।

यह जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा इस अभियुक्त के बारे में सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल हरकत में आई कोतवाली नगर पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने संयुक्त रूप से लखनऊ रोड पर लालपुर चंद्रभान (दुल्लापुर मोड़) के पास घेराबंदी कर पुलिस मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।पुलिस से अपने को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।



पुलिस से अपने को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस की जबाबी कार्यवाही में शातिर बदमाश राम उजागर के पैर में गोली लग गयी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभिरक्षा में उसे जिला अस्पताल इलाज हेतु लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं उसके विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। एसपी ने यह भी बताया कि अभियुक्त राम उजागर का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके ऊपर लखनऊ, सिद्धार्थ नगर व गोंडा के कई थानों में संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारकर्ता टीम में कोतवाल पंकज सिंह मय पुलिस टीम एवं प्रभारी एस0ओ0जी0 अमित कुमार मय एसओजी टीम शामिल हैं।

**भारत को इस्लामी राष्ट्र बनाने संबंधी ट्वीट करने का आरोपी युवक गिरफ्तार:** बलिया। भारत को इस्लामी राष्ट्र बनाने संबंधी आपत्तिजनक ट्वीट करने के आरोप में बलिया जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के चचयां गांव के रहने वाले रेहान नामक युवक ने बुधवार को ट्विटर पर भारत और पाकिस्तान के मानचित्र के साथ ही भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने संबंधी आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस उप निरीक्षक झुन्ना सिंह की तहरीर पर बुधवार को रेहान के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया तथा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## साइबर अपराध रोकने को पुलिस ने लगाई चौपाल

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में जिले की पुलिस बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए बैंक सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है। इसीक्रम में बुधवार को कोतवाली करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा कस्बा करनैलगंज अंतर्गत गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित सेंट्रल बैंक में चौपाल लगाकर एवं कोतवाली क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराधियों की ओर से लाटरी, एनी डेस्क एप, टीम व्यूवर, एसएमएस फार्वर्डिंग एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसके अलावा आनलाइन जाब, क्रेडिट और डेबिट क्राड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है। पुलिस टीम ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें। साथ ही बताया कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज करवा सकते हैं। जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल पर आए ओटीपी या एटीएम पिन को किसी के साथ शेयर न करें, फर्जी जाब के आफर्स से भी सावधान रहें, असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें, इंटरनेट मीडिया पर अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाइन साझा करते समय सावधानी बरतें, किसी भी झांसा या प्रलोभन देने वाले लिंक को न खोलें। क्योंकि ये आपकी निजी व वित्तिय जानकारियों को लीक कर सकते है। जागरूकता टीम में आरक्षी आशुतोष सिंह, आरक्षी अभय यादव व महिला आरक्षी सोनी वर्मा आदि शामिल रहे।

## प्रधान अध्यापिका को गाली देने पर अध्यापक निलंबित

**सीतापुर।** जिले के एक स्कूल में विद्यार्थियों के सामने प्रधान अध्यापिका को कथित गाली देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्राथमिक विद्यालय के आरोपी अध्यापक को बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया गया। इस घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वीडियो में कथित तौर पर सचिन यादव नाम का अध्यापक प्रार्थना सभा में प्रधान अध्यापिका को गाली देते हुए दिखाई दे रहा है। प्रधान अध्यापिका द्वारा अध्यापक को रजिस्टर में अनुपस्थित दिखाए जाने से वह नाराज जान पड़ा। सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि यह घटना पिछले महीने की है। आरोपी अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है और उसे प्रखंड संसाधन केंद्र से संबद्ध कर दिया गया है। मिशरिख क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने कहा कि प्रधान अध्यापिका द्वारा आरोपी अध्यापक के खिलाफ तीन अगस्त को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद इस घटना की जांच का आदेश दे दिया गया है।

## युवक ने वारदात के 28 वर्ष बाद बनाई मां को न्याय दिलाने की राह

### बलात्कार पीड़िता का मामला

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में बलात्कार के परिणामस्वरूप पैदा हुए बच्चे ने वारदात के 28 वर्ष बाद अपनी मां को न्याय दिलाने की राह बनाई। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शिकयत के मुताबिक थाना सदर बाजार के एक मुहल्ले में अपनी बहन के घर में रहने वाली 12 वर्ष की किशोरी से वर्ष 1994 में मामूडी मोहल्ले में रहने वाले नकी हसन ने घर में घुसकर दुराचार किया था। दूसरे दिन नकी हसन के भाई गुड्डू ने भी पीड़िता के घर में घुसकर उससे दुराचार किया। पीड़िता का आरोप है कि दोनों भाई अक्सर उसे अकेला पाकर उसके घर में घुसकर उसके साथ दुराचार करते थे। यह क्रम काफी दिनों तक चलता रहा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई। उसके बहनोई आरोपियों के यहां शिकायत करने गए तो उन लोगों ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कुमार ने दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि घटना के कुछ समय बाद पीड़िता के बहनोई का स्थानांतरण रामपुर जिले में हो गया। रामपुर जिले में ही 13 वर्ष की उम्र में पीड़िता ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसे उसने हरदोई के रहने वाले एक परिवार को दे दिया। हरदोई में पल रहा पीड़िता का बेटा 27 वर्ष का नौजवान है, उसने अपने अभिभावक से अपने पिता के बारे में पूछा तो उन्होंने उसे सारी घटना बता दी। इसके बाद उस युवक ने अपनी मां से मुलाकात की और उसके गुनहगारों को सबक सिखाने के लिए अधिकारियों से मिलकर गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई तो उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया जिसके आदेश पर मार्च 2021 में सदर बाजार थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कुमार ने बताया कि चूंकि मामला काफी पुराना था। कोई गवाह भी नहीं था। ऐसे में डीएनए परीक्षण कराया गया जिसमें घटना की पुष्टि हो गई। डीएनए के नमूने देने के बाद दोनों आरोपी नकी हसन तथा गुड्डू परिवार सहित हैदराबाद भाग गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सर्विलांस के जरिए उनका पता लगा लिया और गुड्डू के शाहजहांपुर आते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुड्डू को जेल भेज दिया गया है जबकि उसका दूसरे आरोपी नकी हसन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

**खेती की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काट लिए , जमीन पर किया कब्जा:** बरेली। थाना भमोरा के बलिया गांव के रहने वाले व्यक्ति ने एसएसपी से शिकायत की है कि उसके हिस्से की जमीन में उसमे 15 पेड़ लगे थे जो लोगों ने काट लिए हैं और की जमीन पर कब्जा कर लिया है राजा बाबू निवासी ग्राम बलिया थाना भमोरा का है उसकी जमीन पर तीन लोग हिस्सेदार हैं एक हिस्से में आधे भाग का मौसम साझेदार है और बाकी आधे में दिबका देवी और वेद प्रकाश साझेदार है राजा बाबू के हिस्से में यूकेलिप्टस के 15 पेड़ लगे थे जो कि गांव के ही मेवाराम डालचंद ने चौकी प्रभारी सरदारन गर से सांठगांठ करके पेड़ काटकर लकड़ी गायब कर दी है जब राजा बाबू ने इन लोगों से एक पेड़ काटने के संबंध में पूछा तो इन्होंने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुझे नहीं देंगे और प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## कंपनी ने लाखों का लगाया चूना

**बरेली।** कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाकर फर्जी कंपनी बनाई और अच्छा फायदा दिखाकर लाखों रुपए का चूना लगाकर जान से मारने की धमकी की शिकायतें व्यक्ति ने एसएसपी से की है मोहम्मद रिजवान अंसारी पुत्र शौकीन अंसारी निवासी पुराना कब्रिस्तान एजाज नगर गोटिया थाना बारादरी का है उससे मोहम्मद फेसबुक तक आ जाना नाम के व्यक्ति ने जो एजाज नगर गोटिया में ही रहता है उसने एक फर्जी कंपनी एमडी नाम से होली जिसका मोहल्ले में ऑफिस खोला जिसमे में बिजली बिल गैस बिल टिकट बुकिंग आदि का काम ऑनलाइन करने लगा मोहम्मद रिजवान अंसारी को एक लाख लगाने का ऑफर दिया और कहा कि तुम्हें ?800, 8 माह तक रोजाना मिलेंगे रिजवान की बातों में आ गया और कूटनीतिक बातों में आकर 40 से ?50लाख मोहम्मद फैज की फर्म में लगा दिया 12 जुलाई 2022 को बिना बताए मोहम्मद फैज अपना ऑफिस बंद करके भाग गया जब मोहम्मद रिजवान उनके घर गया तो मालूम हो कि घर में किसी व्यक्ति ने उसके बारे में कुछ नहीं बताया उसके चाचा उसके भाई बहन सब इस षड्यंत्र में शामिल है जबकि वह सब इसके बराबर के शरी क थे मोहम्मद फेज उसके साथियों ने कूटनीतिक तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार करके फर्जी कंपनी बनाकर लाखों रुपए का लोगों का चूना लगाया है लाखो रुपये लेकर फैज फरार हो गया। बुधवार को पीड़ितों ने एसएसपी से मिलकर इस मोहम्मद फैज को गिरफ्तार करने और लोगों का रुपया दिलाने की मांग की है एसएसपी से शिकायत करने वालों में खुर्शीद अकबर शाहिद आमिर चंदा भी भूरी नूर हसन आदि मौजूद थे ।

**शाही इमाम अहमद बुखारी बरेली पहुंचे आईएमसी प्रमुख से की मुलाकात:** बरेली। पुराना शहर निवासी आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान के अजीज, तौकीर आलम आलम साहब की वाल्दा जिनका आज लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया पिछले एक सप्ताह से बरेली से बाहर प्रोग्राम में शामिल होने गए आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान सभी कार्यक्रम निरस्त कर बरेली वापस लौट आए तौकीर आलम साहब की वाल्दा के इंतकाल में शिरकत करने शाही इमाम अहमद बुखारी साहब भी बरेली पहुंचे शाही इमाम ने आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान साहब से नोमेहला मस्जिद में ही मुलाक़ात की इस दौरान दोनों के बीच मुल्क में मौजूदा हालात पर चर्चा भी हुई आई एम सी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया के शाही इमाम अहमद बुखारी साहब ने आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान साहब से बहुत जल्द बरेली आकर मुल्क के मौजूदा हालात पर गुफ्तगू की बात कही है ।उधर तौकीर आलम साहब की वाल्दा के इंतकाल पर आई एम सी कार्यालय पर मीटिंग हुई जिसमे मरहूमा के हक़ में दुआ की गई ।जिसमे मुफ्ती फुरकान साहब,डॉक्टर नफीस खान,नदीम खान,अफजाल बेग,फरहत खान,साजिद सकलेनी,मकदूम बेग,जावेद खान,सलीम खान,गोलू मिर्जा,रूकसार रजा,मौजूद रहे।

**कार ने मारी टक्कर, युवती घायल :**बरेली स्कूटी से अपने जन्मदिन पर घर से अलखनाथ मंदिर को जा रही युवती को पटेल चोक से चौपला चौराह जाने बाले मार्ग पर कार वाले ने साइड मार दी जिससे स्कूटी लेकर युवती अपनी बहन के साथ गिर गई जिससे युवती के पैर में गंभीर चोट आई है टक्कर मारने बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया ।थाना कैंट के गांव चनेहटी निवासी काजल साहू 20 वर्षीय पुत्री स्वर्गीय छोटे लाल साहू अपनी बहन प्रियंका के साथ स्कूटी से अलखनाथ मंदिर जा रही थी काजल साहू ने बताया आज मेरा जन्मदिन है अपनी बहन के प्रियंका के साथ अलखनाथ मंदिर पूजा करने जा रही थी।

## छापेमारी में दो लाख पचीस हजार जुर्माना लगया,गोदाम सीज

**गोंडा।** गुरूवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता एवं ईओ नगर पालिका गोंडा संजय मिश्रा के छापेमारी के दौरान बड़गांव स्थित ददुआ बाजार मकार्थीगंज में एक गोदाम में प्रतिबंधित सिंगल यूज पालीथीन/थर्माकोल के विरुद्ध हुई कार्यवाही में 9 लोगों के खिलाफकेस दर्ज हुआ है। इसके साथ ही जुर्माना कुल 2 लाख 25 हजार रुपया वसूला गया तथा समस्त प्रतिबन्धित सामग्री को गोदाम में सील कर दिया गया है।

जब्त सामग्रियों में थर्माकोल दोना, कटोरी 30 नग, थर्माकोल प्लेट 100 नग, प्लास्टिक गिलास 120 नग, प्लास्टिक चम्मच 24 नग, सिंगल यूज पॉलीथिन 273 नग, प्लास्टिक गिलास 179 नग, प्लास्टिक फोर्क स्पून 22 नग, प्लास्टिक कटोरी 10 नग, सिंगल यूज प्लास्टिक 15 नग सहित सभी सामग्री को गोदाम में सील कर दिया गया है।

## वीसीपीएम अभियान का नगर विकास राज्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

**खैराबाद** सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद वीसीपीएम अभियान का शुभारंभ/उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरु द्वारा किया गया। इस अवसर पर 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक मंत्री द्वारा पिलाई गई उद्घाटन समारोह में मंत्री द्वारा फीता काटकर 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को तथा विटामिन ए की खुराक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु गौरेला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के सिंह, डॉ कमलेश चंद्र ,चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमाशंकर यादव, डॉक्टर अनिल कुमार पंकज, विश्व स्वास्थ संगठन की सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अपूर्व चौहान, यूएनडीपी के राजेश सिंह, यूनिसेफके नीतेश श्रीवास्तव, कोर के डी एम सी सुयोग्य श्रीवास्तव, अवध बिहारी मिश्रा, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अजितेश शुक्ला बीसीपीएम ,बीपीएम आदि उपस्थित रहे। तथा अस्पताल परिसर में आए हुए सभी को विटामिन ए के लाभ के फायदे बताए।

## स्कूल चलो अभियान के तहत 1000 से अधिक किट्स वितरित

**लखनऊ।** ड्यूरोप्लाई ने कोविड के प्रकोप के बाद एक बार फिर स्कूल वापसी करने वाले बढ़ई के बच्चों को 1000 से अधिक एजुकेशनल किट्स वितरित किए हैं। अपने सामाजिक अभियान श्आओ स्कूल चले हमश् लॉन्च करने का ड्यूरोप्लाई का उद्देश्य इन बच्चों को प्रेरित करना है जो कि लम्बे समय तक कोविड के कारण स्कूल जाने से वंचित रहे हैं। ड्यूरोप्लाई ने समूचे भारत में इस नेक पहल का आगाज़ किया है।अधिकांश लाभार्थी बच्चे समाज के वंचित तबकों से हैं और इस किट में उनके लिए तमाम जरुरी नए अध्ययन उपकरण शामिल हैं, जो उनके लिए सिर्फप्रेरणा से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। उक्त सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए श्री अखिलेश चितलांगिया एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ड्यूरोप्लाईए ने कहा गृह निर्माण उद्योग में इस महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर की विशेष देखभाल करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है।

# मछरेहटा क्षेत्र में इन दिनों चोरों का है आतंक

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**थाना** मछरेहटा इलाके में बेखौफ चोरों का आतंक से आम जनमानस की नींद उड़ गई है। चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि थाने के करीब बने मकानों पर भी धावा बोलने से नहीं हिचक रहे। बुधवार की रात थाने से चंद कदम की दूरी पर दो मकानों से नगदी व जेवर समेत लाखों की संपति पर हाथ साफकरते हुए चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। इस दुस्साहिसक वारदातों को लेकर नागरिकों में खासा आक्रोश नजर आ रहा है। दरअसल, मछरेहटा थाने से चंद कदमों की दूरी पर ब्लॉक के सामने रहने वाले सुशील शुक्ला के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। पीछे की दीवाल से चढ़कर घर में दाखिल हुए चोरों ने बक्से में रखे जेवरात व नगदी चोरी कर ली। गृह स्वामी के मुताबिक 60 हजार की संपति चोरी हुई है। इसके अलावा कुछ दूरी पर ही स्थित अजय राठौर के घर से भी चोरों ने 10 हजार की नगदी व जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। मछरेहटा थानाध्यक्ष राम प्रकाश ने बताया कि दो टीमें गठित की गई है, चोरों की गिरफ्तार कर जल्द खुलासा किया जाएगा। उधर, भुक्तभोगी सुशील शुक्ला और अजय राठौर ने घटना को लेकर पूरी जानकारी दी।

**आशा बहुओं ने वेतन न मिलने पर अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन:** रेउसा सीतापुर:रेउसा सीएचसी के अंतर्गत कार्य करने वाली आशा बहुओं का छह माह से मानदेय भत्ता न मिलने के कारण नाराज आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक अनंत मिश्रा को ज्ञापन देते हुए अपनी बात रखी साथ ही मानदेय भुगतान न होने की स्थिति में धरने पर बैठने की भी बात कही। ज्ञात हो कि आशा बहुओं का मासिक वेतन 6 माह से नहीं मिला है जिसको लेकर रोजी रोटी का संकट आशा बहुओं पर छाया हुआ है। जिसके चलते विरोध प्रदर्शन करते हुए आशा बहुओं ने ज्ञापन के माध्यम से अपने वेतन की मांग की जिस पर सांत्वना देते हुए सीएचसी अधीक्षक ने जल्द ही वेतन भुगतान की बात कही। साथ ही आपा खोते हुए यह भी कहा की इतने दिनों से कहां थी आप लोग हम तो अभी ज्वाइन किए हैं, हम अपने समय के जिम्मेदार हैं । ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा की आने वाले समय में आशा बहुओं को कितनी जल्दी पूरा मानदेय मिलेगा। अगर मानदेय मिलेगा भी तो पूरा मिलेगा या सिर्फ एक महीने का मानदेय दिलवाकर मामले को शांत करा दिया जाएगा। इस मौके पर आशा बहुओं द्वारा प्रपत्र जमा करवाने के नाम पर 300 रुपए की मांग करने का आरोप भी लगाया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल आशा बहुओं में रीना रस्तोगी, मंदाकिनी मिश्रा, नीलम आरती, सहित आशा बहुओं ने बताया ब्लॉक में ऐसी आशा बहुए हैं जिनका अपने परिवार का पालन पोषण इसी वेतन पर टीका था वह आशा बहू इधर उधर से उधार पैसे देकर घरेलू खर्चा चला रही है। इस अवसर पर 98 ग्राम पंचायत आशा बहु मौजूद रही।

**कुंए पर कब्जे को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन:**सीतापुर। ग्राम पंचायत कनायतपुर में सार्वजनिक एवं धार्मिक कुए पर कब्जे की आशंका को लेकर महिलाओं ने कुएँ पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया वह थानाध्यक्ष को भी दिया प्रार्थनापत्र दिया। खैराबाद के ग्राम कनायतपुर में यहां की महिलाओं ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना देकर पत्र देकर बताया है कि गांव के पड़ोस के खेत को सीतापुर निवासी गुड्डू व सलीम पुत्र अज्ञात इस गांव के पश्चिम में खेत खरीदा है जहां पर सौ से एक सो पचास साल से अधिक समय से स्थित अति प्राचीन एवं धार्मिक अनुष्ठानों हेतु उपयोग होने वाला एक कुए पर इन लोगों ने कब्जा कर रक्खा है।

**मृत व्यक्ति की जमीन फर्जी तरीके से दूसरे की नाम करवा ली:** लहरपुर देहात सीतापुर: उप निबंधन कार्यालय लहरपुर से फर्जीवाड़े का बहुत बड़ा मामला प्रकाश में आया है जिसमें एक मृतक व्यक्ति की 2 एकड़ जमीन फर्जी तरीके से मृतक की जगह खड़े होकर दूसरे के नाम करवा ली। प्रकाश पुत्र तोता निवासी ग्राम रतौली तहसील लहरपुर जिला सीतापुर ने उप जिलाधिकारी और जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है कि मेरे पिता तोता पुत्र बदालि निवासी रतौली की मौत लगभग 2 वर्ष पहले हो गई थी पप्पू पुत्र रामनरेश निवासी खाले पुरवा थाना लहरपुर ने अपने रिश्तेदार को फर्जी तरीके से खड़ा करके2 एकड़ जमीन इसरार खां पुत्र छोटे खां निवासी शादीपुर थाना व तहसील लहरपुर के नाम करवा दिए यह जमीन 20 जुलाई सन 2022 को कराई गई थीइसमें फर्जी तरीके से गवाही राजेश सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम अकैचनपुर टप्पा लहरपुर सीतापुर दूसरे गवाह रामजीवन पुत्र लल्लू निवासी बुद्धनपुर तहसील लहरपुर ने दी है।

# हरमनप्रीत की हैट्रिक : भारत सेमीफाइनल में पहुंचा

## वेल्स को 4-1 से पराजित किया



**भाषा।** बर्मिंघम

**हरमनप्रीत सिंह** की हैट्रिक के दम पर पूल बी के आखिरी लीग मैच में वेल्स को 4-1 से हराकर भारतीय टीम ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हरमनप्रीत ने 19वें, 20वें और 40वें मिनट में दो गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागे और एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। वहीं गुरजंत ने 49वें मिनट में फील्ड गोल्ड दागा। वेल्स के लिए एकमात्र गोल जेरेथ फर्लोंग ने 55वें मिनटमें किया। पहले मैच में घाना को 11 -0 से और तीसरे मैच में कनाडा को 8-0 से हराने वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड से 4-4 से ड्रॉ खेला था। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज मनप्रीत सिंह की टीम प्लस 22 के गोल औसत के साथ पूल बी में शीर्ष पर है। इंग्लैंड को अभी कनाडा से आखिरी मैच खेलना है और 15 गोल के अंतर से जीतने पर ही वह शीर्ष पर पहुंच सकता है। शीर्ष पर रहने वाली टीम को सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से नहीं खेलना पड़ेगा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने पहले दो क्वार्टर में गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी लेकिन वेल्स ने पहले 15 मिनट में उसे बांधे रखा। भारत को आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वरूण कुमार गोल नहीं कर सके। वेल्स के खिलाड़ियों ने भी भारतीय सर्कल में प्रवेश किया लेकिन कार्लसन के शॉट को गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने आगे बढकर बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके हाफ टाइम तक 2 -0 की बढत दिला दी। दूसरे हाफ में भारत को शुरू ही में पांचवां पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका।भारत को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरा पेनल्टी स्ट्रोक में बदल गया जिस पर हरमनप्रीत ने गोल दागा। गुरजंत ने चौथे क्वार्टर में शमशेर सिंह के पास पर गोल करके बढ़त 4-0 की कर दी। वेल्स को जवाबी हमले में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से दूसरे पर फर्लोंग ने गोल दागा। सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार छह अगस्त को खेले जाएंगे।

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ट्रेलिया | 48 | 38 | 39 | 125 |
| 2. | इंग्लैंड | 40 | 41 | 29 | 110 |
| 3. | कनाडा | 16 | 20 | 21 | 57 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 16 | 11 | 10 | 37 |
| 5. | स्काटलैंड | 7 | 8 | 17 | 32 |
| 6. | भारत | 5 | 6 | 7 | 18 |

### पावर लिफ्टिंग: महिला लाइटवेट फाइनल में पदक से चूकी मनप्रीत और सकीना

बर्मिंघम। भारत की मनप्रीत कौर और सकीना खातून गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के महिला लाइटवेट फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं। मनप्रीत ने अपने पहले प्रयास में 87 और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रही। मनप्रीत को 89.6 अंक मिले। दूसरी तरफ सकीना पहले प्रयास मे 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रही लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इस वजन को उठा लिया। उनका 93 किग्रा का तीसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्हें 87.5 अंक मिले। इंग्लैंड की जो न्यूसन ने 101 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 102.2 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन ओलीविया ब्रूम ने 111 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 100 अंक जुटाकर रजत पदक जीता। कीनिया की हेलेन वाविरा कारियुकी ने 97 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 98.5 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## पंघाल, जैसमीन और सागर अंतिम चार में

- भारत के मुक्केबाजी में छह पदक पक्के



**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतिस्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या में इजाफा होना जारी है जिसमें सागर अहलावत भी अमित पंघाल और जैसमीन के साथ गुरूवार को यहां अपने वर्ग की स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। हरियाणा के 22 साल के सागर ने पुरूषों के सुपर हेवीवेट (92 किग्रा) वर्ग के क्वार्टरफाइनल में सेशेल्स के केडी इवांस एग्नेस पर 5-0 की जीत से मुक्केबाजी रिंग में भारत के छह पदक पक्के कर दिए। इससे पहले गोल्ड कोस्ट में पिछले चरण के रजत पदक विजेता पंघाल ने फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड के लेनोन मुलीगन के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज की। फिर जैसमीन ने महिलाओं के लाइटवेट (60 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की ट्राय गार्टन को 4-। के विभाजित फैसले में हराया। पंघाल और मुलीगन के बीच मुकाबला ज्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं था। 26 साल के भारतीय मुक्केबाज ने अपने से युवा स्कॉटिश प्रतिद्वंद्वी को अपने मजबूत रक्षण से थका दिया। पंघाल ने तेज तर्रार जवाबी हमले से बीच बीच में अंक जुटाए। पहले दो राउंड में पंघाल ने गार्ड डाउन (हाथ नीचे रखकर खेलते हुए) रखते हुए मुलीगन को आक्रामक होने के लिए उकसाया लेकिन फुर्ती से उनकी पहुंच से बाहर हो गए। बीच बीच में उन्होंने बाएं हाथ से मुक्के जड़कर 20 साल के प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को पछाड़ा। अंतिम राउंड में उन्होंने वन-टू (एक के बाद एक) के संयोजन से मुक्के जड़े और राष्ट्रमंडल खेलों में अपना दूसरा पदक पक्का किया। निकहत (50 किग्रा), नीतू गंघास (48 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने वर्गों में पदक पक्के कर चुके हैं।

### पैरा टेटे में भाविना, सोनल और अरविंदन जीते

**बर्मिंघम।** तोक्यो पैरालम्पिक की रजत पदक विजेता भाविनाबेन पटेल समेत भारत के तीन पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलो मे अपने अपने मुकाबले जीते। भाविना ने महिला एकल क्लास तीन से पांच के मुकाबले में फीजी की लातू अकानिसी को 21- 6, 21- 5, 19- 6 से मात दी। वही सोनल बेन पटेल ने इसी श्रेणी मे नाइजीरिया की चिनेन्ए ओबेयुरा को 8-11, 11- 5, 11-7,11-5 से हराया। वही बेबी शाहना रवि महिला एकल क्लास छह से दस के मुकाबले मे आस्ट्रेलिया की कियान यांग से 4-11, 4-11, 4-11 से हार गई। पुरूष एकल क्लास तीन से पांच मे भारत के राज अरविंदन अलागार ने इंग्लैड के डैन बुलेन को 11- 5, 11- 2, 9 -11, 11- 2 से हराया।

### साथियान–मनिका और शरत–श्रीजा मिश्रित युगल में जीते, शेट्टी–टेनिसन की जोड़ी बाहर

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन और मनिका बत्रा तथा अनुभवी अचंता शरत कमल और श्रीजा अकुला की जोड़ी ने गुरूवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल टेबल टेनिस स्पर्धा में अपने मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि सानिल शेट्टी और रीथ टेनिसन की जोड़ी हारकर बाहर हो गई। साथियान और मनिका ने राउंड 32 में सेशेल्स के क्रेया मिक और सिनोन लौरा की जोड़ी को 3-0 (11- l, 11-3, 11-1) से पराजित किया। अब शुक्रवार को प्री क्वार्टरफाइनल में इनका सामना नाईजीरिया के ओलाजिडे ओमोटायो और अजोके ओजोमू की जोड़ी से होगा। शरत कमल और श्रीजा अकुला की जोड़ी भी राउंड 32 मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने उत्तरी आयरलैंड के ओवेन कैथकार्ट और सोफी अर्ली की जोड़ी को 3-0 (11-7, 11-8, 11-9) से हराया। भारतीय जोड़ी अब मलेशिया के ची फेंग लियोंग और यिंग हो की जोड़ी से भिड़ेगी।पर शेट्टी ओर टेनिस की भारतीय जोड़ी को राउंड 64 के मुकाबले में मलेशिया के वोंग कि शेन और टी आई जिन की जोड़ी से 6-11 10-12 13-11 11-8 8-11 से हार मिली। शेट्टी और टेनिसन ने पहले



दो गेम गंवाने के बाद वापसी की और अगले दो गेम अपने नाम कर मैच को निर्णायक गेम में ले गए। लेकिन निर्णायक गेम में उन्हें 8-11 से पराजय मिली जिससे भारतीय जोड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## सिंधू और श्रीकांत प्री क्वार्टरफाइनल में



**बर्मिंघम।** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत ने गुरूवार को यहां आसान जीत दर्ज कर राष्ट्रमंडल खेलों की अपनी अपनी एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने राउंड 32 के मुकाबले में मालदीव की फातिमा नबाहा अब्दुल रज्जाक को महज 21 मिनट में 21-4 21-11 से हरा दिया। वहीं पुरूष एकल स्पर्धा में श्रीकांत ने युगांडा के डेनियल वानागालिया को 21-9 21-9 से शिकस्त दी। पहले कोर्ट में उतरी पिछले चरण की रजत पदक विजेता सिंधू को मुकाबले में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा जबकि फातिमा को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। पहले गेम में सिंधू ने आक्रामकता बरते बिना ही मालदीव की प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया जिसमें उन्होंने अंक जुटाने के लिए ड्राप शॉट्स का इस्तेमाल किया। दूसरे गेम में फातिमा ने शुरू में थोड़ी चुनौती पेश की और वह सिंधू के साथ 9-9 की बराबरी पर थी क्योंकि भारतीय खिलाड़ी ने सहज गलतियों से अंक दे दिए थे। लेकिन फिर सिंधू ने ब्रेक तक 11-9 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने आराम से अंक जुटाकर अंतिम 16 में जगह बनाई जबकि प्रतिद्वंद्वी केवल दो अंक ही बना सकी। मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अपने से निचली रैंकिंग के मलेशियाई खिलाड़ी जे योंग एन से हारने से श्रीकांत काफी निराश थे। लेकिन दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने क्रास कोर्ट कोण लेते ड्रॉप शॉट्स की बदौलत अंक जुटाए।

## हिमा 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में

- मंजू महिलाओं की हैमर थ्रो के फाइनल में



**बर्मिंघम।** भारत की स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास गुरूवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की 200 मीटर स्पर्धा में अपनी हीट में 23.42 सेकेंड का समय निकालकर पहले स्थान पर रहीं जिससे उन्होंने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं महिलाओं की हैमर थ्रो स्पर्धा में भारत की मंजू बाला ने फाइनल में प्रवेश किया जबकि हमवतन सरिता सिंह ऐसा करने में विफल रहीं। हिमा (22 वर्ष) पांच महिला धाविकाओं की दूसरी हीट (क्वालीफिकेशन के लिए होने वाली शुरूआती दौर की रेस) में शुरू से ही सबसे आगे रहीं जिसमें जाम्बिया की रोडा नजोबवु 23.85 सेकेंड से दूसरे स्थान पर जबकि युगांडा की जासेंट नयामहुंगे 24.07 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 200 मीटर रेस में छह हीट से शीर्ष 16 सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। हिमा ने हीट 2 जीती लेकिन हीट। में नाईजीरिया की फेवर ओफिली (22.71 सेकेंड) और हीट 5 में इलेन थॉम्पसन हेरा (22.80 सेकेंड) ने उनसे काफी बेहतर समय निकाला। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कम से कम छह खिलाड़ियों ने हिमा की तुलना में बेहतर समय निकाला। मंजू बाला क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पहले ही प्रयास में 59.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से 11वें स्थान पर रहीं। नियमों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी ही फाइनल में पहुंचते हैं। फाइनल शनिवार को छह अगस्त को होगा। इसी स्पर्धा में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सरिता 57.48 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो से 13वें स्थान पर रहीं जिससे वह फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकीं। कनाडा की कैमरिन रोजर्स क्वालीफिकेशन में 74.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से शीर्ष पर रहीं जो राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड है।

### लॉन बॉल : बोरगोहेन पुरूष एकल असफल रहे

**बर्मिंघम।** भारत के मृदुल बोरगोहेन गुरूवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल पुरूष एकल स्पर्धा के पांचवें दौर के मैच में हारने से क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में असफल रहे। मृदुल बोरगोहेन को जर्सी के रॉस डेविस के खिलाफ 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी पांचवें दौर के अंत में 6-5 से बढ़त बनाए था लेकिन फिर वह अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका दे बैठे। डेविस ने आगे बढ़ना जारी रखा और मुकाबला जीत गए। बोरगोहेन को पहले मैच में न्यूजीलैंड के शैनोन मैकिलरॉय से हार मिली थी लेकिन बुधवार को उन्होंने दो मुकाबलों में जीत दर्ज की।

## घोषाल व पल्लीकल फाइनल में पहुंचे



**बर्मिंघम।** शीर्ष वरीयता प्राप्त दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल की जोड़ी राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल स्क्वाश स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने वेल्स के पीटर क्रीड और एमिली विटलॉक को 11-8, 11- 4 से हराया। पल्लीकल के दमदार फोरहैंड और घोषाल के कलात्मक बैकहैंड का वेल्स की टीम के पास कोई जवाब नहीं था। इस भारतीय जोड़ी ने इस साल की शुरूआत में विश्व युगल खिताब जीता था और वे यहां स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार हैं। इससे पहले युवा सुनयना कुरूविला और अनाहत सिंह की जोड़ी महिला युगल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में उतरी सुनयना और 14 वर्ष की अनाहत ने पहले मैच में एहेनी कुरूप्पू और चनित्मा सिनाली को सीधे गेम में 11- 9, 11 -4 से हराया। अनाहत ने महिला एकल वर्ग में भी एक दौर जीता और युगल में भी शानदार प्रदर्शन किया। भारत की जोशना चिनप्पा और दीपिका पल्लीकल की विश्व चैम्पियन जोड़ी भी इस वर्ग में खेल रही हैं और स्वर्ण की दावेदार है। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने भी ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड्स के लुका रीच और जो चैपमैन को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### 63वीं सीनियर स्टेट एक्वाटिक चैंपियनशिप कल से

**लखनऊ।** आगामी 6 और 7 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण कानपुर रोड लखनऊ में 63वीं सीनियर स्टेट एक्वाटिक चैंपियनशिप आयोजित होगी। यूपी के अध्यक्ष स्विमिंग एसोसिएशन राजा जय प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी। इस आयोजन में राज्य भर से पुरुष और महिलाएं भाग लेंगे। चयनित पुरुष और महिलाएं 6 से 10 सितंबर2022 तक गुवाहाटी असमद्व में 75वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप2022 में भाग लेंगे। उद्घाटन संजय सारस्वत कार्यकारी निदेशक साई लखनऊ केंद्र करेंगे।

### लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से

**लखनऊ।** जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी के अनुसार 5 अगस्त 2022 से जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप प्रारम्भ होगी। इसमें जिले के करीब 350 बालक,बालिका व पुरूष.महिलाए एकल युगल तथा मिश्रित युगल में भाग ले रहे है। इससे लखनऊ जिला टीम का चयन होगा जो राज्य चैम्पियनशिप में हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायधीश एआर मसूदी उच्च न्यायालय इलाहाबाद होगे ।

### द.अफ्रीका ने पहले टी20 में आयरलैंड को 21 रन से हराया

**ब्रिस्टल।** रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को दो ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को 21 रन से हराया।इंग्लैंड के खिलाफ हाल की श्रृंखला में जीत के नायक रहे हेंड्रिक्स ने 53 गेंदों पर 74 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच विकेट पर 211 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

## भारतीय टीमों की निगाहें अच्छे प्रदर्शन पर

- शतरंज ओलंपियाड



**भाषा।** मामल्लापुरम

**भारतीय** टीमें अब तक 44वें शतरंज ओलंपियाड में अपना दबदबा बनाए हुए हैं जिसमें छह दौर के बाद महिलाओं के वर्ग में ए टीम तालिका में शीर्ष पर है जबकि ओपन स्पर्धा में बी टीम तीसरे नंबर पर है। टूर्नामेंट अब अंतिम पड़ाव में प्रवेश कर रहा है जिसमें अब पांच दौर खेले जाने बाकी हैं। कोनेरू हंपी की अगुआई वाली भारत ए को छह बाजियों में हार नहीं मिली है और अब शुक्रवार को टीम का सामना अजरबैजान से होगा। एक जीत टीम को बाकी अन्य टीमों से काफी आगे पहुंचा देगी। मेजबानों की दो अन्य टीमें अच्छी शुरूआत के बाद पिछड़ती दिख रही हैं जिससे उन्हें वापसी करनी होगी। हंपी ने बुधवार को जॉर्जिया पर जीत के बाद कहा था कि उन्हें यूक्रेन जैसी टीमों के खिलाफ कई कड़े मुकाबले खेलने होंगे। विभिन्न चरण में अभी तक कोई ना कोई खिलाड़ी मौके पर बेहतर करके टीम को जीत दिलाता रहा है जिसमें अनुभवी तानिया सचदेव और आर वैशाली शामिल हैं।

### सैफ अंडर-20 फाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार



**भुवनेश्वर।** प्रबल दावेदार भारत को शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ आत्ममुग्ध होने से बचना होगा। बांग्लादेश और भारत अपने राउंड रॉबिन लीग मुकाबलों में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहे थे। भारत के मुख्य कोच षणमुघम वेंकटेश ने बतौर खिलाड़ी सैफ चैम्पियनशिप में तीन खिताब जीते हैं और उन्होंने इसे याद करते हुए कहा, फाइनल खेलना हमेशा ही अलग अहसास होता है। मैंने बतौर खिलाड़ी और कप्तान तीन सैफ चैम्पियनशिप जीती हैं और सीनियर राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच के तौर दो सैफ फाइनल्स भी खेले हैं। बांग्लादेश के मुख्य कोच पॉल ने कहा कि उन्होंने भारत के सभी मैच के वीडियो देखे हैं और फाइनल में इसी के अनुसार रणनीति बनाई है।

## लोकेश राहुल, चाहर की टीम में वापसी तय

- एशिया कप

**भाषा।** नई दिल्ली

सीनियर सलामी बल्लेबाज और उप कप्तान के रूप में पहली पसंद लोकेश राहुल के आठ अगस्त को एशिया कप के लिए चुनी जाने वाली भारतीय टीम में तेज गेंदबाज दीपक चाहर के साथ वापसी करने की उम्मीद है। एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक होगा। राहुल के जिंबाब्वे के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में वापसी करने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 संक्रमण के कारण वह हाल में हुई स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहे। यह देखना रोचक होगा कि चेतन शुर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 15 खिलाड़ियों का चयन करती है या फिर सभी संभावित विकल्पों को आजमाने की बात ध्यान में रखते हुए 17 सदस्ईय टीम चुनती है। एशिया कप की भारतीय टीम से काफी हद तक अंदाजा लग जाएगा कि टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का संयोजन क्या होगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को पहले टी20 विश्व कप मुकाबले से पहले भारत को लगभग एक दर्जन मैच खेलने हैं। पिछले छह टी20 मैच में ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार रहे हैं। राहुल को हालांकि टीम में वापसी करने पर एक बार फिर शीर्ष क्रम में जगह मिलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, लोकेश राहुल को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। जब भी वह टी20 खेलता है तो हमेशा विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलता है और यही चीज जारी रहेगी। भविष्य में सूर्यकुमार और ऋषभ मध्य क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के रूप में खेलेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग में ढेरों रन बटोरने वाले राहुल की हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पारी का आगाज करते हुए धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना होती रही है। टीम इंडिया ने हालांकि पावर प्ले में किसी भी कीमत पर आक्रमण करने की रणनीति अपनाई है जिससे पंत और सूर्यकुमार दोनों ने अच्छी तरह से अंजाम दिया है। ऐसे में राहुल को निश्चित तौर पर यूएई में महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपने खेल में बदलाव करना होगा। विराट कोहली की फॉर्म भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता है लेकिन इस स्टार बल्लेबाज के तीसरे नंबर के स्थान को फिलहाल कोई खतरा नजर नहीं आता। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कोहली के भविष्य को लेकर कोई विशिष्ट चर्चा नहीं हुई है और अगर वह एशिया कप में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो भी उनके वर्षों के अनुभव और मैच जिताने की क्षमता की अनदेखी आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए करना मुश्किल होगा।







### एशियाई कप की संभावित टीम:निश्चित खिलाड़ी (13)


रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार:बैक अप बल्लेबाज: दीपक हुड्डाइशान किशनासंजू सैमसन,बैक अप तेज गेंदबाज: अर्शदीप सिंहाआवेश खानादीपक चाहराहर्षल पटेल बैक अप स्पिनर: अक्षर पटेलाकुलदीप यादवारवि बिश्नोई।

### बर्मिंघम आने के लिए 30 किलो वजन घटाया था जुडोका तूलिका मान ने



**बर्मिंघम।** जुडोका तूलिका मान के अनुसार वह अभी पूरी तरह फिट नहीं है लेकिन अब वह राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता है और इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने बर्मिंघम 2022 की टीम में जगह बनाने के लिए 30 किलो वजन कम किया था। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक साल पहले जिन खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई थी उनमें तूलिका का नाम नहीं था क्योंकि वह अनफिट थी। बर्मिंघम खेलों में मुकाबला बहुत कड़ा नहीं था जैसा कि एशियाई खेलों में हो सकता है जो कि उनका अगला लक्ष्य है लेकिन लगभग छह फीट लंबी इस खिलाड़ी ने 78 किग्रा में भाग लेने के लिए अपनी फिटनेस पर काफी काम किया। जूडो के कोच जीवन शर्मा ने पीटीआई से कहा, एक साल पहले जब संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया तो तूलिका उनमें शामिल नहीं थी। उसका वजन तब 115 किलो था लेकिन उसने उसे घटाकर 85 किलो किया। अभी उसका वजन 89-90 किलो है। उन्होंने कहा, जूडो में अभी काफी काम करने की जरूरत है क्योंकि एशियाई स्तर पर मुकाबला राष्ट्रमंडल खेलों की तुलना में अधिक कड़ा है। तूलिका भारतीय खेल प्राधिकरण के भोपाल केंद्र में कोच यशपाल सोलंकी से प्रशिक्षण लेती है और उन्होंने बुधवार को पदक समारोह में अपना रजत अपने कोच और मां को समर्पित किया था जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं। जब वह दो साल की थी तब उनके पिता का निधन हो गया था।

### एशियाई खेलों में डेकॉथलन में भाग लेना चाहता हूं : तेजस्विन शंकर



**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों की ऊंची कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने तेजस्विन शंकर स्थगित किए गए एशियाई खेलों में डेकॉथलन में भाग लेना चाहते हैं और साथ ही सभी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य नहीं होने पर वह भी इससे छूट देने की मांग करेंगे। दिल्ली के इस 23 वर्षीय एथलीट को यदि एशियाई खेलों में डेकॉथलन में भाग लेने का मौका नहीं मिलता तब भी वह इसका अभ्यास जारी रखना चाहते हैं। यह निश्चित है। मैं एशियाई खेलों में डेकॉथलन में भाग लेना चाहता हूं। मैं अब आगे इसी की तैयारी करना चाहता हूं। अगर मुझे डेकॉथलन मैं भाग लेने का मौका नहीं मिलता मैं तब भी इसका अभ्यास जारी रखूंगा। घुटने में दर्द के कारण मैं ऊंची कूद में उतनी कूद नहीं लगा पा रहा हूं जितना मैं चाहता हूं। तेजस्विन ने राष्ट्रमंडल खेलों में 2.25 मीटर कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.29 मीटर है लेकिन उनका लक्ष्य यहां तक पहुंचना नहीं था।